Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel**: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 22, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled "**Risk Factors**" on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

डीजीपी मकवाणा ने लाल परेड ग्राउंड से दिखाई हरी झंडी

राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश लेकर रवाना हुआ 7 सदस्यीय बाइक दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में सहभागिता तथा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और नशामुक्त समाज का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस का 7 सदस्यीय बाइक राइडर्स दल आज भोपाल से रवाना हुआ।

पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में आयोजित समारोह में हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया।



बाइक रैली को लाल परेड ग्राउंड से झंडी दिखाते डीजीपी मकवाणा।

करीब ढाई हजार किमी की यात्रा कर पहुंचे भोपाल

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समन्वय में आयोजित इस राष्ट्रव्यापी बाइक रैली में जोन-2 सेंट्रल के अंतर्गत बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल तथा जोन-4 नॉर्थ ईस्ट के अंतर्गत त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, असम एवं सिक्किम के प्रतिभागी शामिल हैं। मध्यप्रदेश सहित कुल 14 राज्यों के 146 बाइक राइडर्स लगभग 2,500 किलोमीटर की यात्रा कर भोपाल पहुंचे हैं।

राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर निकली रैली

फ्लैग-ऑफ समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि यह मोटरसाइकिल रैली केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, साहस और नशे के विरुद्ध जनजागरण का राष्ट्रव्यापी संदेश है। मध्यप्रदेश की धरती से विभिन्न राज्यों की पुलिस के अधिकारी एवं जवान एक साझा उद्देश्य के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मकवाणा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में दिसंबर 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नियमितिकरण की मांग को लेकर बिजली संविदा अधिकारी-कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

संविदा बिजली कर्मचारियों ने कहा: नोटिफिकेशन जारी कर शुरू करें नियमितीकरण की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली कंपनियों के संविदा अधिकारी और कर्मचारियों ने नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं होने के विरोध में गुरूवार को गोविंदपुरा स्थित बिजली नगर कॉलोनी में धरना देकर प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से कर्मचारी भोपाल पहुंचे और नियमितीकरण की मांग को लेकर कंपनी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर नारेबाजी की।

यूनाइटेड फोरम के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर आरएस कुशवाह ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा विभाग ने संविदा नियमितीकरण योजना-2026 का परिपत्र जारी कर दिया है, लेकिन विभागीय परीक्षा के लिए अब तक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। इस योजना के तहत प्रदेश के करीब पांच हजार संविदा अधिकारी-कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा के आधार पर नियमित किए जाने का प्रावधान है। फोरम की शासन और संबंधित बिजली कंपनियों से तय समय-सीमा के भीतर विभागीय परीक्षा कराकर नियमितीकरण की कार्रवाई पूरी करने की मांग है। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में यूनाइटेड फोरम के प्रभुनारायण नेमा, जेएल तेजराज, दुर्गेश दुबे, डीके नागरकर, सुदर्शन सोलंकी, पुष्पा उइके, देवानंद जबरे, संजय कोरी, देवेंद्र दीवान समेत बड़ी संख्या में संविदा अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।



बिजली कंपनियों के संविदा अधिकारी कर्मचारियों ने धरना देकर किया विरोध प्रदर्शन।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के पश्चात यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के पदाधिकारियों एवं प्रदेशभर से आए संविदा विद्युत अधिकारी-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि शासन द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव के अनुरूप विभागीय परीक्षा एवं भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन तत्काल जारी किया जाएं।

31 अक्टूबर तक प्रक्रिया पूरी करने की समय-सीमा

ऊर्जा विभाग ने 24 जुलाई 2026 को संविदा नियमितीकरण योजना-2026 का परिपत्र जारी किया था। दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभागीय परीक्षा एवं भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से प्रदेश के संविदा अधिकारी-कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। निर्धारित समय-सीमा निकट आने के कारण कर्मचारियों को आशंका है कि प्रक्रिया में देरी से उनके नियमितीकरण का मामला और लंबित हो सकता है।

लोकेंद्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी, यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स

संविदा कर्मचारियों के भविष्य पर चिंता

विद्युत कंपनियों में हजारों संविदा अधिकारी-कर्मचारी कई वर्षों से पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद नियमितीकरण की प्रक्रिया में हो रही देरी उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ा रही है। शासन संविदा कार्मिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए नियमितीकरण की प्रक्रिया बिना किसी विलंब के प्रारंभ करें। संविदा कर्मचारियों को समकक्ष नियमित रिक्त पदों पर नियुक्ति का अवसर प्रदान करना उनके लंबे सेवाकाल और भविष्य की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आरएस. कुशवाह, प्रदेशाध्यक्ष, यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स

झारखंड के ऊपर बना सर्कुलेशन, प्रदेश में हल्की बारिश जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कुछ जिलों में अभी मौसम में बदलाव बना हुआ है। भोपाल में बादलों के आने जाने के बीच इंदौर संभाग सहित कुछ जगह बारिश जारी है।

- भोपाल में भी बादल, बौछारों की उम्मीद के बीच दो दिन बाद से 2 डिग्री गिरेगा रात का पारा

इससे तापमान में बदलाव बना हुआ है। यह क्रम अगले तीन से चार दिन जारी रहेगा। गुरुवार को भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री गिरकर



32.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। रात में कोई बदलाव नहीं होने से तापमान 21 डिग्री दर्ज हुआ। यह नॉर्मल से 2.7 डिग्री अधिक है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा सहित कुछ जिलों में कहीं कहीं हल्की बौछारें और बादलों का असर रहेगा।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी झारखंड के ऊपर एक सकुर्लेशन बना हुआ है, जिससे प्रदेश में कुछ नमी मिल रही है। यह क्रम अभी जारी रहेगा। इससे प्रदेश के पश्चिमी और मध्य हिस्से में हल्की बौछारों का दौर रहेगा। शेष प्रदेश में मौसम आमतौर पर साफ रहने से रात के तापमान में एक से दो डिग्री तक कमी आएगी।

भोपाल में अभी नहीं बढ़ेगी सर्दी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी भोपाल में सुबह के समय नमी की मात्रा 60 फीसदी तक नमी मौजूद है। इससे दिन के साथ रात में भी कुछ बादलों का असर बना हुआ है। यह क्रम अगले दो से तीन दिन और रहने से राजधानी में रात का पारा तीन दिन बाद गिरेगा। इससे पहले न्यूनतम तापमान 19 से 21 डिग्री के बीच रहने से ठंडक का अहसास नहीं होगा। तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री तक अधिक रहेगा।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने दी बधाई

वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस के लिए प्रदेश को फिर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) को वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस (2.60 प्रतिशत) दर्ज करने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

कंपनी को यह सम्मान लगातार दूसरे वर्ष प्राप्त हुआ है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्रदेश की सुदृढ़ विद्युत ट्रांसमिशन व्यवस्था, तकनीकी दक्षता, नवाचारों और निरंतर सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन लॉस को न्यूनतम रखते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

वेस्टर्न रीजन में शामिल हैं पांच राज्य और दो केंद्रशासित प्रदेश

वेस्टर्न रीजन में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ और गोवा सहित पांच राज्य शामिल हैं। इसके अलावा, केंद्रशासित प्रदेश दमन एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली भी इस क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

निगम की सफाई व्यवस्था फेल, जले पुतलों के अवशेष मैदान में पड़े

रावण दहन के दो दिन बाद भी मैदान से नहीं हटाए गए अवशेष

आयोजन से पहले किए गए दावे कागजों तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रावण का दहन हो गया, दशहरा उत्सव भी खत्म हो गया, लेकिन दशहरा मैदान की गंदगी नहीं हटी। नगर निगम ने आयोजन से पहले दावा किया था कि रावण दहन के तुरंत बाद पुतलों के अवशेष हटाए जाएंगे और मैदान की सफाई कर उसे खाली कराया जाएगा। इसके बावजूद दो दिन बीतने के बाद भी मैदान में जले हुए पुतलों के अवशेष और गंदगी फैली हुई है।



मैदान में गंदगी।

निगरानी पर भी सवाल

निगम ने सफाई के लिए निर्देश तो दिए, लेकिन उनका पालन हुआ या नहीं, इसकी निगरानी होती नहीं दिखी। यदि समय पर सफाई कराई जाती, तो मैदान को जल्द व्यवस्थित किया जा सकता था। इसके बावजूद जिम्मेदारों की ओर से कार्रवाई नजर नहीं आना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

निगम के दावे हुए, सफाई नहीं

दशहरा आयोजन के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। ऐसे बड़े आयोजन के बाद मैदान की सफाई कराना निगम की जिम्मेदारी थी। इसके लिए पहले से व्यवस्था करने और दहन के तुरंत बाद अवशेष हटाने की बात कही गई थी। लेकिन आयोजन खत्म होने के दो दिन बाद भी मैदान साफ नहीं हुआ।

क्रेन, गोताखोर, दमकल और रोशनी की समुचित व्यवस्था

शहर के सात प्रमुख घाटों पर निगम ने किए व्यापक इंतजाम

विसर्जन घाटों पर 2963 प्रतिमाओं का विसर्जन, प्रेमपुरा घाट पहुंचे निगमायुक्त, अफसरों को निगरानी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए शहर के सात प्रमुख घाटों पर नगर निगम ने इंतजाम किए हैं। गुरुवार को खबर लिखने तक इन घाटों पर कुल 2963 छोटी-बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ था। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए घाटों पर क्रेन, गोताखोर, नाव, दमकल वाहन, रोशनी और पेयजल की व्यवस्था की गई है। विसर्जन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की तैनाती भी की गई है।

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने प्रेमपुरा घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी प्रमुख घाटों पर तैनात नोडल अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों को लगातार निगरानी रखने और विसर्जन कार्य को व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए।



घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम

नगर निगम ने प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सात प्रमुख घाटों पर क्रेन, पोकलेन मशीनों के लिए प्लेटफॉर्म और नावों की व्यवस्था की है। गोताखोरों को जरूरी सुरक्षा संसाधनों के साथ तैनात किया गया है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए दमकलकर्मियों की टीम भी मौजूद है।

प्रेमपुरा घाट पर सबसे ज्यादा प्रतिमाएं

गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रेमपुरा घाट पर 595, बैरागढ़ में 451, रानी कमलापति घाट पर 253, खटलापुरा में 145, शाहपुरा में 76, मालीखेड़ी में 93 और हथाईखेड़ा में 310 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इन आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को इन घाटों पर कुल 1923 प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। वहीं, पिछले दिनों से जारी विसर्जन को मिलाकर सातों घाटों पर कुल 2963 प्रतिमाएं विसर्जित की जा चुकी थीं।

भोपाल
शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 13, अंक : 203
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

एक्टर के बांद्रा स्थित घर की हुई थी रेकी

टाइगर के साथ शूटर्स के निशाने पर थे रणबीर भी!


रणबीर कपूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर बीते रविवार को हुई फायरिंग मामले में नई जानकारी सामने आई है। टाइगर पर हमले के आरोपी शूटरों ने रणबीर कपूर के बांद्रा स्थित घर की भी रेकी की थी। पुलिस अपनी जांच में ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह सर्विलांस किसी कथित साजिश से जुड़ा हुआ था या फिर अन्य बॉलीवुड सितारों की तरह उनका नाम भी इसमें शामिल किया गया था। इस खबर ने 'रामायण' फिल्म के स्टार रणबीर कपूर के फैंस को परेशान कर दिया है। 18 अक्टूबर को टाइगर श्रॉफ के साथ हुए हादसे ने बॉलीवुड सितारों को अंदर से झकझोर दिया है। टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के मामले में अभी तक पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोटा से 3 शूटर्स को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी फिलहाल मुंबई पुलिस की एंटी एक्सटॉर्शन सेल की हिरासत में हैं।


टाइगर के हाथ में लाल धब्बे और छोटे छर्रे के निशान

अब तक 10 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी

आमिर-अमिताभ के घर पर भी आरोपियों ने रखी थी निगरानी

सलमान खान के अलावा आरोपियों ने बॉलीवुड के कई ए लिस्टर्स सितारों के घर पर भी निगरानी रखी हुई थी। कथित तौर पर रणबीर कपूर के घर के अलावा उन्होंने अमिताभ बच्चन, आमिर खान, अक्षय कुमार सहित कई सितारों के घर की भी निगरानी की थी।

फायरिंग से बॉलीवुड में डर का माहौल मनोज बाजपेयी बोले- ये डरावना है

इस पूरे घटनाक्रम से बॉलीवुड में भी डर का माहौल है। बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी और दिव्या दत्ता ने भी इस पूरी वारदात पर प्रतिक्रिया दी है और चिंता जाहिर की है। मनोज बाजपेयी ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह कोई गैंग वॉर है, लेकिन पता नहीं कहां से गोलियां चल रही हैं। ये सच में बहुत ही डरावना है। दिव्या दत्ता ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षित महसूस करना हर किसी की बुनियादी जरूरत है। हम सभी बस एक सामान्य सुरक्षा चाहते हैं।

नगरीय निकायों की खरीदी में गड़बड़ी

पोर्टल से करीब 1,134 करोड़ का सामान खरीदा, सरकार कराएगी उच्चस्तरीय जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में सरकारी सामान की खरीदी में कीमतों का बड़ा अंतर सामने आने के बाद सरकार ने उच्चस्तरीय जांच कराने का ऐलान किया है। नगरीय प्रशासन विभाग के एसीएस संजय दुबे का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे खरीद की कीमतों में अंतर पर सवाल उठा रहे थे। विभागीय प्रस्तुति के अनुसार, बीते तीन साल में प्रदेश के 374 नगरीय निकायों ने जेम पोर्टल से करीब 1,134 करोड़ का सामान खरीदा। दावा किया गया कि यदि यह खरीदी औसत दरों पर होती, तो लगभग 250 करोड़ की बचत हो सकती थी। मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि जांच में यह भी देखा जाएगा कि अलग-अलग निकायों में एक ही उत्पाद की कीमतों में इतना अंतर क्यों रहा और जेम पोर्टल की प्रक्रिया की कमियों का किसी ने फायदा तो नहीं उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनियमितता मिलने पर सभी जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। साथ ही कहा कि विभाग में पहले भी गड़बड़ियों पर कार्रवाई की गई है और जरूरत पड़ने पर जानकारी दी जाएगी।


■ अनियमितता मिलने पर सभी जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



खबर संक्षेप

मप्र की एक राज्यसभा सीट पर 12 नवंबर को मतदान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मप्र की राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की। यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफा देने से खाली हुई थी। यह उपचुनाव 12 नवंबर को होगा। मुरुगन ने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2030 को समाप्त होने वाला था। चुनाव आयोग के मुताबिक इस सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी।



भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को क्राइस्ट चर्च में खेले गए पहले टी20 मैच में 4 विकेट से हरा दिया। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सबसे सफल रन चेज करते हुए इतिहास रच दिया है। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 225 रन बनाए। भारत ने संजू सैमसन के अर्धशतक, श्रेयस अय्यर और नमन धीर की दमदार पारियों की बदौलत दो गेंद शेष रहते अपना सबसे सफल रन चेज हासिल कर लिया।



सीएम ने इंडिया केम-2026 मुंबई में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए दिया आमंत्रण

डॉ. यादव ने गुरुवार को मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में हो रहे तीन दिवसीय 'इंडिया केम 2026' के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया

बीना में पेट्रोकेमिकल यूनिट से तैयार होंगे 22 लाख टन उत्पाद


प्रदर्शनी का शुभारंभ करते नड्डा, फडणवीस और डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने यूपीएल, पीआई इंडस्ट्रीज, धानुका और सिंजेंटा जैसी कंपनियों से मध्यप्रदेश को केवल बाजार नहीं, विनिर्माण के लिए भी चुनने का आग्रह किया

50 हजार करोड़ की लागत वाली यूनिट का प्रधानमंत्री कर चुके भूमि-पूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र का बीना पेट्रोकेमिकल उद्योग का नया गढ़ बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यहां लगभग 50 हजार करोड़ रुपए की लागत से डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल यूनिट का भूमि-पूजन किया जा चुका है। यहां हर साल 22 लाख टन से अधिक पेट्रोकेमिकल उत्पाद तैयार होंगे। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की लगभग 49 हजार करोड़ रुपए की एथिलीन क्रैकर एवं रिफाइनरी विस्तार परियोजना भी मध्य भारत में पेट्रोकेमिकल आधारित उद्योगों के लिए अवसर उपलब्ध कराएगी। उन्होंने इंडियन ऑयल, रिलायंस और ▶▶शेष पेज 8 पर

मप्र में धरातल पर उतर चुके 12 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव


निवेशकों से वन टू वन चर्चा करते सीएम

मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल इस बार स्टेट पार्टनर्स के रूप में इंडिया केम से जुड़े

प्लास्टिक पार्क, पीएम मित्र पार्क, गैस आधारित उद्योग

सीएम ने कहा कि केवल बड़ी परियोजनाओं तक सीमित न रहकर पॉलिमर प्रोसेसिंग का सुदृढ़ क्लस्टर विकसित किया जाएगा ताकि एमएसएमई भी साथ-साथ सशक्त हों। रायसेन के तामोट में 121 एकड़ और ग्वालियर के बिलौआ में 93 एकड़ में अत्याधुनिक प्लास्टिक पार्क तैयार किए गए हैं। तामोट में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) का उन्नत प्लास्टिक उत्पाद अनुकरण एवं मूल्यांकन केंद्र भी स्थापित है। धार में पीएम मित्र टैक्सटाइल पार्क से टैक्सटाइल के साथ पॉलिमर, केमिकल और सहायक उद्योगों के लिए भी अवसर बनेंगे।

पौने तीन वर्ष में 34 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी भौगोलिक और रणनीतिक ताकत 'देश का दिल' होना है। उनके अनुसार पिछले पौने तीन वर्षों में प्रदेश को 34 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें करीब 12 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यूपीएल, पीआई इंडस्ट्रीज, धानुका और सिंजेंटा जैसी ▶▶शेष पेज 8 पर

मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल केमिकल हब बन रहा भारत

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ग्लोबल केमिकल हब बन रहा है। भारत की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि देश आज 170 से अधिक देशों को ▶▶शेष पेज 8 पर

झाबुआ: कुए में मिले तीन बच्चों के शव

परिजन बोले: नरबलि की आशंका बच्चों के नाक-कान और जीभ कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ

जिले के चुई गांव में कुए से तीन बच्चों के शव मिलने के बाद इलाके में मातम पसरा है। परिजनों का दावा है कि बच्चों के नाक-कान और जीभ कटे हुए थे, जबकि होंठों पर भी कटने के निशान थे। इन दावों की अब तक पुष्टि नहीं हुई है। परिजन संतोष के मुताबिक तीनों बच्चे दशहरे की दोपहर करीब 3 बजे घर से निकले थे। शाम 4 बजे लापता होने की जानकारी मिलने पर परिवार और ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। पास के खेतों में बच्चों की साइकिल मिली, जिसके नजदीक तीन कुए थे। एक गहरे कुए में पहले एक बच्चे का शव मिला, फिर बाकी दोनों के शव भी उसी में मिले। ग्रामीणों ने तीनों शव बाहर निकाले। मृतकों में विजय और मयंक अपने माता-पिता ▶▶शेष पेज 8 पर


सीबीआई से जांच कराने की उठी मांग

चक्काजाम से नहीं आई थी बस

ट्रॉले ने बाइक सवार तीन स्कूली बच्चों को कुचला, तीनों की मौत


स्कूल बैग किताबें व जूते सड़क पर बिखर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पीथमपुर

धार जिले के पीथमपुर में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार ट्रॉले ने बाइक सवार तीन बच्चों को कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई और उनकी मौसेरी बहन शामिल हैं। उत्कर्ष आंगन कॉलोनी निवासी प्रियांश 9वीं कक्षा में पढ़ता था। वह गुरुवार को स्कूल नहीं गया था, लेकिन दोपहर में अपने छोटे भाई मोक्ष और मौसेरी बहन आरुषि को लेने गया था। मोक्ष 5वीं और आरुषि 7वीं में पढ़ती थी। तीनों सेंट फ्रांसिस स्कूल से बाइक पर घर लौट रहे थे। टक्कर ▶▶शेष पेज 8 पर

गुना विधायक का दिग्विजय सिंह पर तंज

कहा- धृतराष्ट्र-दुर्योधन को सिंहासन पर पहुंचाने निकले


अपने अनुचर को सीएम बनाना है इसका मकसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से शुरू हुई सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि धृतराष्ट्र अपने बेटे दुर्योधन को राज सिंहासन पर बिठाना चाहता है। दिग्विजय सिंह की ओर से स्वयं को हिंदू पद की उपाधि वाला बताए जाने और किले में पांच मंदिर होने के तर्क पर विधायक ने मिर्जा राजा जयसिंह का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जयसिंह खड़े होकर शिवजी की पार्थिव पूजा करते थे, लेकिन औरंगजेब की गुलामी भी ▶▶शेष पेज 8 पर

संघ प्रमुख का 3 दिवसीय जबलपुर दौरा कल से

युवा स्वयंसेवकों से संवाद और संगठनात्मक बैठकों पर फोकस


24 से 26 तक महाकौशल प्रांत के प्रवास पर रहेंगे डॉ. भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत अपने नियमित प्रवास के अंतर्गत 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक तीन दिवसीय जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान वे संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा स्वयंसेवकों एवं दायित्वान कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन करेंगे। प्रथम दिन, 24 अक्टूबर को डॉ. भागवत जबलपुर महानगर में निवासरत मुख्य शिक्षक एवं उनसे ऊपर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। इस अवसर पर वे ▶▶शेष पेज 8 पर

जियो आईपीओ में दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी, 5.57 गुना सब्सक्राइब

दो दिन में आए 75 लाख से ज्यादा आवेदन क्यूआईबी कैटेगरी 13.29 गुना सब्सक्राइब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ में दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। गुरुवार शाम 7 बजे तक जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ का आईपीओ 5.57 गुना सब्सक्राइब हो गया। दो दिनों में आवेदनों की संख्या 75 लाख पार कर गई। बड़े संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) की कैटेगरी 13.29 गुना सब्सक्राइब हुई, जबकि रिटेल कैटेगरी भी ▶▶शेष पेज 8 पर



एंकर सहित करीब 3.73 लाख करोड़ की बोलियां, गैर-एंकर निवेशकों से 1.23 लाख करोड़ की मांग

आवेदन के लिए सिर्फ एक दिन बाकी

दूसरे दिन खास तौर परगैर-संस्थागत निवेशकोंऔर रिलायंस शेयरहोल्डर कैटेगरी में मांग तेजी से बढ़ी। पहले दिन गैर-संस्थागत निवेशकों कैटेगरी 1.68 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 1.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था। दूसरे दिन ये आंकड़े बढ़कर क्रमशः 5.97 और 4.05 ▶▶शेष पेज 8 पर

मझौली में विसर्जन जुलूस के दौरान बड़ा हादसा

बिजली तारों की चपेट में आया विसर्जन जुलूस... तीन युवकों की मौत, 10 झुलसे


इन युवकों की गई जान

रास्ते में झूल रहे बिजली के तार को ऊपर उठाने का प्रयास किया तो टूटी हाईटेंशन लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बुधवार देर रात मझौली के नीला तालाब के पास विसर्जन जुलूस के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग करंट लगने से झुलस गए। घायलों को तुरंत एंबुलेंस की मदद से जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। घटना के बाद कुछ ही पलों में चीख-पुकार और अफरातफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन पाठ की दुर्गा प्रतिमा ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर नरीली तालाब में विसर्जन के लिए ले जाई जा रही थी। प्रतिमा ▶▶शेष पेज 8 पर

सोशल मीडिया पर आईं सोनिया गांधी, इंस्टा की पहली पोस्ट

आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' की दिखाई झलक, किताब 10 नवंबर को आएगी



एक ही दिन में डेढ़ लाख से अधिक फॉलोअर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपना पेज शुरू किया। उन्होंने अपनी पहली पोस्ट में आने वाली किताब 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' की पहली झलक शेयर की। यह किताब 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। सोनिया गांधी ने पहली पोस्ट गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की थी। दोपहर 1 बजे तक 80 हजार 900 लोगों ने इसे लाइक किया, एक दिन में डेढ़ लाख से अधिक फॉलोअर्स हो गए। उन्होंने पोस्ट में किताब की पहली झलक शेयर ▶▶शेष पेज 8 पर

किताब में कैंब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात का जिक्र

इस किताब में सोनिया गांधी ने इटली में बिताए बचपन से लेकर कैंब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात तक का जिक्र किया है। इसमें नेहरू-गांधी परिवार में शादी और परिवार में हुई हत्याओं के बाद बदली जिंदगी के बारे में लिखा है।

पैरा एशियन गेम्स में भारत ने चौथे दिन 26 मेडल जीते

बिना बाजुओं के तीरंदाजी...शीतल ने दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए


पदकों की संख्या 88 पहुंची इसमें 21 गोल्ड 26 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज मेडल

एजेंसी ▶▶ नागोया (जापान)

पैरा एशियन गेम्स में गुरुवार को भी भारतीय एथलीटों ने दमदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। भारत की स्टार तीरंदाज शीतल देवी ने एशियन पैरा गेम्स में एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित की। बिना बाजुओं के तीरंदाजी ▶▶शेष पेज 8 पर

अब तक भारत के खाते में 21 गोल्ड समेत 88 मेडल

भारत ने गुरुवार को अपने पदकों की संख्या 88 तक पहुंचा दी। इसमें 21 गोल्ड, 26 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। दिन की शुरुआत सुवर्णा राज के गोल्ड से हुई। व्हीलचेयर एथलीट ने महिला एफ 54 डिस्कस थ्रो में 15.66 मी का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

सेमीकंडक्टर हब के रूप में मध्यप्रदेश का विजन करेंगे प्रस्तुत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में करेंगे मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 का भव्य शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार 23 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर समिट-2026 का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री समिट में 'सेमीकंडक्टर हब के रूप में मध्यप्रदेश का विजन' प्रस्तुत करेंगे।

वे समिट में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े निवेशकों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठकें करेंगे। इन बैठकों में प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास की संभावनाओं पर चर्चा होगी। दो दिवसीय समिट में देश-विदेश की सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रतिनिधि, निवेशक, उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद और स्टार्टअप प्रतिनिधि शामिल होंगे।

समिट में सेमीकंडक्टर विनिर्माण, चिप डिजाइन, उन्नत पैकेजिंग एवं टेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, अनुसंधान एवं नवाचार तथा कुशल मानव संसाधन विकास जैसे विषयों पर चर्चा होगी। दो दिवसीय आयोजन में 8 पैनल चर्चाएं, 5 राउंडटेबल बैठकें और 4 मुख्य व्याख्यान होंगे। इसके साथ ही 50 से अधिक कंपनियां प्रदर्शनी में अपनी तकनीकी क्षमताओं, उत्पादों और समाधानों का प्रदर्शन करेंगी।

खास बातें

- 'वन-टू-वन' बैठकें कर निवेश की संभावनाओं पर करेंगे चर्चा
- सेमीकंडक्टर तकनीक, नवाचार, कौशल विकास पर होगा मंथन

समिट के पहले और दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा

समिट के पहले दिन उन्नत पैकेजिंग एवं टेस्टिंग हब के रूप में मध्यप्रदेश का विकास, फैबलेस इको सिस्टम का निर्माण तथा सेमीकंडक्टर विनिर्माण एवं आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषयों पर पैनल चर्चाएं होंगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर, फैबलेस उत्पाद एवं बौद्धिक संपदा से जुड़ी कंपनियों तथा प्रमुख शिक्षण संस्थानों के निदेशकों एवं कुलपतियों के साथ राउंडटेबल बैठकें भी आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा होगी। फोटोनिक्स एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से संबंधित बैठकें भी आयोजित की जाएंगी।

कंपनियां दिखाएंगी तकनीकी क्षमताएं

समिट के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में 50 से अधिक कंपनियां चिप डिजाइन, पैकेजिंग एवं टेस्टिंग, उपकरण, सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शनी निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों को कंपनियों के साथ संवाद करने तथा संभावित व्यावसायिक सहयोग के अवसर तलाशने का मंच प्रदान करेगी।

भोपाल में आज होगा राष्ट्रीय फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्ट्स कॉन्क्लेव-2026

भोपाल। प्रदेश में मत्स्य पालन क्षेत्र में निवेश, आधुनिक प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात की संभावनाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार 23 अक्टूबर को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय 'फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव-2026' का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार शामिल होंगे। इसका उद्देश्य मप्र सहित देश के अंतर्देशीय उत्पादन को आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों, कोल्ड-चेन अधोसंरचना, मूल्य संवर्धन और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्यात बाजारों से जोड़ना है।

प्रशासनिक स्वीकृति-पत्र प्रमाण पत्र वितरित होंगे

कॉन्क्लेव में 'मध्यप्रदेश मत्स्य निवेश एवं निर्यात मार्गदर्शिका-2026' तथा अंतर्देशीय राज्यों की मत्स्य निर्यात क्षमता को बढ़ाने से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया का विमोचन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के जलाशयों एवं अमृत सरोवरों के एकीकृत विकास से संबंधित परियोजनाओं के प्रशासनिक स्वीकृति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। सम्मेलन में मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य सहकारी समितियों, स्टार्ट-अप्स तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

स्कूल-कॉलेजों तक पहुंचेगी भाजपा, निकालेगी पदयात्राएं, 24 से शुरू होगा अभियान

विपक्ष-सीजेपी के नैरेटिव के विरुद्ध भाजपा का बड़ा दांव लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विपक्ष और सीजेपी के एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के अभियान के नरेटिव को तोड़ने के लिए बीजेपी ने अब मास्टर स्ट्रोक के रूप में 13 दिवसीय लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत भाजपा स्कूल-कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के युवाओं से संवाद करेगी। जिला और विधानसभा स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ' पदयात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही 'राष्ट्र चिंतन संवाद' कार्यक्रम के तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद किया जाएगा। युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर तथ्यों के साथ जानकारी दी जाएगी। भाजपा छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने के साथ युवाओं से भी संवाद करेगी। 'घुसपैठिया हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' कार्यक्रम के जरिए घुसपैठ और मतदाता सूची से जुड़े विषयों की वास्तविकता जनता तक पहुंचाई जाएगी। इसके अतिरिक्त टिफिन बैठक, लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ रैलियां, घुसपैठिया हटाओ लोकतंत्र बचाओ, इंफ्लूएंसर आउटरीच, पत्रिका विशेषांक, साहित्य और पुस्तिकाओं का वितरण, सोशल मीडिया जनसम्पर्क, प्रचार सामग्री जैसे चीजों को शामिल किया जाएगा।

कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा, विपक्ष में रहकर भी भ्रम फैला रही: हेमंत



भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठे नैरेटिव को तथ्यों से जवाब दें

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि एसआईआर व अन्य विषयों को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे झूठे नैरेटिव को तथ्यों के साथ पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचकर जवाब दें। अभियान के माध्यम से पार्टी को अपना विचार प्रभावी ढंग से जनता के सामने रखना है। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए संगठन की विभिन्न टोलियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा एसआईआर व अन्य विषयों को लेकर फैलाए जा रहे झूठ को उजागर करने पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचे और तथ्यों के साथ जनता को वास्तविकता से अवगत कराएं। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए भी लोकतंत्र का गला घोंटा, विपक्ष में रहकर भी भ्रम फैला रही है। इस अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से कांग्रेस के आरोपों और उसके राजनीतिक दृष्टिकोण से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने रखा जाएगा, ताकि समाज में फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया जा सके।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के आगामी कार्यक्रम "लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ" अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। 24 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान के लिए प्रदेश टोली के साथ अलग-अलग अभियानों की टोली का गठन भी किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली से (वर्चुअल) एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने प्रदेश कार्यालय में बैठक को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, अभियान की प्रदेश टोली के सदस्यगण, मोर्चा अध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ संयोजक शामिल हुए।

प्रदेश में 12 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारने में मिली है सफलता

केंद्र और राज्य सरकार मिलकर दे रही हैं मप्र के विकास को गतिः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर मध्यप्रदेश के विकास को गति प्रदान कर रहे हैं। ग्वालियर को टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रमुख केंद्र बनाने की पहल के साथ जबलपुर-इंदौर आर्थिक कॉरिडोर विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान करेगा।

महाकौशल और मालवा को जोड़ने की इस पहल से रायसेन जैसे जिले भी लाभान्वित होंगे जो इस कॉरिडोर के मध्य स्थित हैं और वर्तमान में सघन आर्थिक गतिविधियों से वंचित हैं। पर्यटन क्षेत्र का भी विकास होगा। प्रदेश के विकास का यही समय है और सही समय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में फेडरेशन ऑफ एमपी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्डश इंडस्ट्री के दो दिवसीय विकसित भारत उद्योग व्यापार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।



भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं दुनिया के बड़े देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के बड़े देश भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं। अमेरिका भी भारत की निर्वाचन प्रणाली को अपनाने के लिए लालायित है। मध्यप्रदेश में कोई कमी नहीं है। कृषि के विकास के साथ आर्थिक समृद्धि पर फोकस करने की आवश्यकता है।

सर्वर्ण समाज के आंदोलन में निभा रहे सक्रिय भूमिका

सनातन सेवा सम्मान से सम्मानित हुए कर्मचारी नेता अशोक पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कर्मचारी नेता को मिला सनातन सेवा सम्मान।

सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा कर्मचारी नेता और मप्र सवर्ण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे को सनातन सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कर्मचारी नेता अशोक पांडे को सवर्ण समाज की प्रमुख मांगों यूजीसी रोलबैक, एससी एसटी एक्ट में संशोधन तथा आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर किए जा रहे आंदोलन में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर लव प्रकाश पाराशर, सनत मिश्रा, नागेश्वर मिश्रा, प्रेम शंकर तिवारी, दिनेश पांडे, रमाशंकर द्विवेदी, लक्ष्मी पांडे, राजकुमार शुक्ला, दीप नारायण तिवारी, सुरेश शुक्ला सहित सवर्ण समाज के नागरिकों ने अशोक पांडे को सनानत सेवा सम्मान मिलने पर बधाई दी।

शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

हाउसिंग बोर्ड के जर्जर मकानों का जल्द होगा पुनर्निर्माणः सारंग

आवासों के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हाउसिंग बोर्ड की बैठक लेते सारंग।

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने गुरुवार को मंत्रालय में मप्र हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन सहित नगर निगम, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर हाउसिंग बोर्ड के जर्जर, जीर्ण-शीर्ण एवं क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाउसिंग बोर्ड के ऐसे मकानों के पुनर्विकास के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। सारंग ने कहा कि लंबे समय से जर्जर अवस्था में मौजूद ऐसे भवन, जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, उनके पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। सारंग ने स्पष्ट किया कि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले जर्जर आवासों के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से आवश्यक कदम उठाएं, ताकि नागरिकों की सुरक्षा के साथ उन्हें बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों की स्थिति का आंकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा उनके पुनर्निर्माण की कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर उसे अमल में लाया जाए।

मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख मुआवजा दे सरकार

ग्वालियर हादसे में 16 लोगों की मौत प्रशासनिक विफलता का परिणाम

एम्स पहुंचकर घायलों से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को एम्स अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने ग्वालियर सड़क हादसे में घायल श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ितों के परिजनों से भी मुलाकात की। परिजनों ने उन्हें हादसे की परिस्थितियों और घटना से जुड़ी जानकारी दी।

पटवारी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। पटवारी ने ग्वालियर के दर्दनाक हादसे में 16 लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा कई परिवारों के जीवन में कभी न भरने वाला दुख छोड़ गया है। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट करना पड़ा। प्रदेश में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था तथा जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यदि समय रहते उचित व्यवस्थाएं और सतर्कता बरती जाती, तो कई जानें बचाई जा सकती थीं। सरकार को इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और लापरवाह लोगों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। पटवारी ने कहा कि मप्र में लगातार हो रही दर्दनाक घटनाएं सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।

गंभीर चिंता का विषय

छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत, बालाघाट हादसा, इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतें, सागर का शराब कांड, ग्वालियर का सड़क हादसा और बैतूल में खाटू श्याम दर्शन के लिए जा रहे परिवार के साथ हुई दुर्घटना जैसी घटनाओं ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इन घटनाओं में प्रभावित परिवारों को न्याय, उचित उपचार और पर्याप्त आर्थिक सहायता मिलना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मृतकों के प्रत्येक परिवार को कम से कम 25-25 लाख का मुआवजा दिया जाए तथा घायलों के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारी का कारनामा, अब कागजों पर चलाओ अस्पताल

यह सिर्फ मध्यप्रदेश में ही संभव हो सकता है। क्योंकि मप्र अजब गजब है तो ही यहां की सरकारी व्यवस्था भी गजब है। अस्पताल हो या न हो, बजट जारी करने में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। अस्पताल प्रशासन के एक अधिकारी का ऐसा ही कारनामा चर्चा में है। आरोप है कि जिस अस्पताल का अस्तित्व ही नहीं है, उसके संचालन के लिए बजट जारी कर दिया गया। अब इसे कागजों की ताकत कहें या व्यवस्था का कमाल, जहां जमीन पर अस्पताल भले न मिले, लेकिन सरकारी फाइलों में उसका संचालन पूरे इंतजाम के साथ हो सकता है। इस कथित मेहरबानी से चहेतों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। सरकारी धन का हिसाब रखने वालों की कलम जब ऐसी उदारता दिखाने लगे, तो कागजों पर अस्पताल चलाना भी आसान हो जाता है। न मरीजों की कतार, न बिस्तरों की जरूरत और न ही वास्तविक व्यवस्थाओं की माथापच्ची। बस बजट जारी हुआ और फाइल ने अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली। अब असली कमाल कागजों का है या अधिकारी की कलम का, यह जांच में ही साफ होगा।

नाम बड़े और दर्शन छोटे

गौशाला की एंबुलेंस की हालत देखकर लगता है कि बीमार गौवंश को ले जाने से पहले उसे खुद अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। एंबुलेंस में मशीनें लगी हैं, लेकिन उनका हाल ऐसा है कि नाम बड़े और दर्शन छोटे। जरूरी उपकरण नदारद हैं। डाक्टर आते हैं, मगर बिना संसाधनों के इलाज की व्यवस्था वैसी ही है, जैसे बिना औजारों के किसी कारीगर को काम पर लगा देना। एंबुलेंस समय पर पहुंचे या घंटों बाद गौवंश शिकायत करने तो जा नहीं सकता। न फोन कर सकता है, न अधिकारियों को अपनी पीड़ा सुना सकता है। वह बस दर्द से कराह सकता है। शायद व्यवस्था को इसी खामोशी से सबसे ज्यादा सुकून मिलता है। विडंबना यह है कि जिस एंबुलेंस को गौवंश की जान बचाने के लिए दौड़ना चाहिए, वह खुद बदहाली के बोझ तले हांफ रही है। मशीनें काम नहीं करतीं, उपकरण साथ नहीं देते और वाहन कंडम हो चुका है। सेवा का नाम एंबुलेंस है, लेकिन हाल ऐसा कि मरीज के साथ मदद पहुंचाने वाला वाहन भी इलाज की बाट जोह रहा है।

अनुशासन के अपने-अपने पैमाने

स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन के अपने-अपने पैमाने हैं। कहीं जिला स्तर के अधिकारी की बात आदेश मानी जाती है, तो कहीं सरकारी अस्पताल के साहब के सामने वही आदेश महज सलाह बनकर रह जाता है। जिला अस्पताल के मुखिया और जिले के स्वास्थ्य के मुखिया के बीच तालमेल को लेकर ऐसी ही चर्चा है। हालात ऐसे बताए जाते हैं कि जिले के स्वास्थ्य मुखिया की बात भी अस्पताल के साहब तक पहुंचकर अपना असर खो देती है। चचार्ओं में साहब के पारिवारिक रसूख का जिक्र भी होता है। बताया जाता है कि उनके बेटे और बहू बड़े पदों पर हैं। हालांकि पद और परिवार का प्रभाव अपनी जगह है, लेकिन सरकारी व्यवस्था में जिम्मेदारी पद से तय होती है, रिश्तों से नहीं। स्वास्थ्य विभाग में जब हर अधिकारी अपनी सुविधा के हिसाब से नियमों का अर्थ निकालने लगे, तो फिर व्यवस्था मरीजों की सेवा से ज्यादा अधिकारियों के आपसी समीकरणों में उलझकर रह जाती है।

सचिन सिंह बैस

मुख्य सचिव वर्णवाल ने राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में दिए निर्देश

नक्सलवाद खत्म करने के पैटर्न पर चलेगा मादक पदार्थों के रैकेट को खत्म करने का अभियान, शिक्षण संस्थाओं में बनाई जाएंगी एंटी ड्रग समितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में निर्देश देते मुख्य सचिव बर्णवाल।

मध्यप्रदेश को मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए राज्य शासन के अनेक विभाग संयुक्त अभियान चलाये और शुरूआत में 500 से अधिक विद्यार्थी वाले उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, पालक, विद्यार्थी, उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय विभाग तथा पुलिस को समाहित कर एंटी ड्रग समितियों का गठन किया जायेगा। यह निर्देश मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने गुरूवार को मंत्रालय में पांचवी राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक की समीक्षा करते हुए दिए।

इस बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अनेक विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष नार्कोटिक्स और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बर्णवाल ने बैठक में कहा कि जिस प्रकार प्रदेश में नक्सलवाद को समाप्त किया गया है उसी प्रकार आगामी दो तीन वर्षों में अवैध मादक पदार्थों के संपूर्ण रैकेट को खत्म करने के लिए संबंधित विभाग गम्भीरता पूर्वक ऐसा अभियान चलाए जिसका समाज के सभी वर्गों तक सपष्ट संदेश जाए।

30 सितम्बर तक 50933 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

मुख्य सचिव ने ड्रग विनिष्टिकरण की कार्रवाई में देश में मध्यप्रदेश के पहले स्थान पर रहने पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि बैठक में बताया गया कि ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सभी संबंधित विभागों ने समन्वय कर इस वर्ष 30 सितम्बर तक एनडीपीएस के 2986 मामलों में 4091 आरोपियों से 50933 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है।

18 गुप्त मादक प्रयोग शालाएं ध्वस्त

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में एनसीबी का राष्ट्रीय नार्कोटिक्स का हेल्पलाइन मानस पोर्टल 1933 संचालित किया जा रहा है। जिस पर मादक पदार्थों से जुडी गुप्त सूचनाएं प्राप्त हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2025-2026 में कुल 811 शिकायातें प्राप्त हुईं। मध्यप्रदेश पुलिस, एनसीबी, डीआरआई और सीबीएन ने इस दौरान प्रदेश में मादक पदार्थों की 18 मादक पदार्थों की गुप्त प्रयोग शालाओं पर प्रभावी कार्यवाही कर ध्वस्त किया है।

एनडीपीएस के केसों में 446 करोड़ की संपत्ति अटैच

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में सलंग्न व्यक्तियों के विरूध कठोर कार्यवाही की गयी है। एनडीपीएस के वर्ष 2025 में 54 प्रकरणों में 300 करोड़ और वर्ष 2026 में 38 प्रकरणों में 146 करोड़ रूपये की संपत्ति अटैच करने की कार्यवाही की गयी है। सितम्बर 2026 तक एनडीपीएस के 201 विशेष ट्रॉयल मामलों को मॉनीटिरिंग में लिया गया है। इसी अवधि में न्यायालयों में लंबित मामलों में 8 में दोष सिद्धि हुई है।

प्रीकर्सर के डायवर्जन को रोकने के लिए योजना

मुख्य सचिव बर्णवाल ने मप्र में संचालित कैमिकल फैक्ट्रियों में उपयोग होने वाले प्रीकर्सर के डायवर्जन को रोकने के लिए उद्योग, श्रम, स्वास्थ्य एवं गृह विभाग को कार्य-योजना बनाकर निगरानी तंत्र या विशेष दस्ता बनाकर औद्योगिक क्लस्टर्स और एसोसिएशन की सूची आपस में साझा कर उल्लंघन करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने एफएसएल को एनडीपीएस एक्ट के तहत भेजे गए सैंपल की जाँच रिपोर्ट 15 दिवस में प्राप्त किए जाने के लिए कार्य-योजना निर्धारित करने को कहा है।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

9 ट्रेनों के साथ स्टेशनों पर गंदगी, पीने के पानी की...



11 बच्चों को बिरयानी खिलाने से जागा कुकिंग...



सड़कों पर धूल देखकर आयुक्त ने मौके पर मंगाई मशीन, अधिकारियों को दिखाई हकीकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की सड़कों पर सफाई के दावों की हकीकत देखने गुरुवार सुबह नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार खुद मैदान में उतरे। सड़कों के किनारे, सेंट्रल वर्ज और बिजली के खंभों के आसपास जमा धूल-मिट्टी को देखकर निगम आयुक्त नाराज हुए।

मौके पर गंदगी मिलने के बाद आयुक्त ने अधिकारियों के सामने ही रोड स्वीपिंग मशीन, इलेक्ट्रिक रोड स्वीपर मंगाकर सफाई कराई। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों की सफाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नियमित रूप से जमीन पर दिखनी चाहिए।

शहर में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने खुद सड़क पर उतरे निगम आयुक्त अहिरवार

रोड स्वीपिंग मशीन से कराई धूल की सफाई

हर घंटे कर्मचारियों की उपस्थिति के दिए निर्देश

प्रेमपुरा घाट भदभदा स्टेशन पर भी सफाई की जांच की



सड़क पर अधिकारियों को कचरा और धूल दिखाते नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार।

सेंट्रल वर्ज पेंटिंग व पौधरोपण के निर्देश दिए

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों की तैनाती और उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सुबह छह से नौ बजे के बीच हर घंटे कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति बताने के निर्देश दिए। साथ ही रोड स्वीपिंग मशीनों से नियमित सफाई कराने, सेंट्रल वर्ज और साइड वर्ज की पेंटिंग, पेड़-पौधों की छंटाई और नए पौधे लगाने को कहा। पौधों की बेहतर सिंचाई कराने पर भी जोर दिया, ताकि सड़क किनारे हरियाली बनी रहे।

भदभदा स्टेशन पर रिसाइक्लिंग पर जोर

आयुक्त ने भदभदा स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन की कार्यप्रणाली देखी। यहां कचरे के पृथक्कीकरण, एमआरएफ केंद्र, अलग-अलग सामग्रियों की रिसाइक्लिंग की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कचरे में आने वाली उपयोगी सामग्री को अलग कर रिसाइकिल किया जाए। कागज से डायरी और नोटबुक बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया भी जल्द पूरी करने को कहा।



धूल साफ करने मंगाई मशीन।



प्रेमपुरा घाट पर प्रतिमा अवशेषों को हटाने के निर्देश देते आयुक्त।

जलाशयों की सफाई कराने के निर्देश दिए

आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार प्रेमपुरा विसर्जन घाट पहुंचे। यहां उन्होंने प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद जलाशय में बचे अवशेषों को व्यवस्थित ढंग से निकालने और जलाशय की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिमाओं के अवशेषों में शामिल बांस का उपयोग उद्यानिकी कार्यों में करने को कहा, ताकि उपयोगी सामग्री को फेंकने के बजाय दोबारा काम में लिया जा सके।

पांच सौ से ज्यादा किसानों को पुलिस ने नीलबड़ पर रोका, मौके पर पहुंचे अधिकारी ने लीं 319 आपत्तियां

मास्टर प्लान के खिलाफ 66 गांवों के किसानों ने टीएंडसीपी किया कूच...रोका तो धरने पर बैठे

बड़े तालाब किनारे के 66 गांवों में किसी भी तरह के निर्माण पर रोक का किया विरोध

मिसरोद के रहवासियों ने 45 मीटर सड़क हटाने की मांग भी उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हजारों किसानों की खेती और आजीविका होगी प्रभावित

राजधानी के बड़े तालाब किनारे के 66 गांवों में नया मास्टर प्लान लागू होने के बाद निर्माण की परमिशन नहीं दी जाएगी, जिससे किसान इस जमीन पर मकान तक नहीं बना सकेंगे। इसके साथ भविष्य में किसानों को यहां किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति भी नहीं मिलेगी। जिसको लेकर इन गांवों के किसान मास्टर प्लान के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। इधर, मिसरोद के रहवासियों ने 45 मीटर सड़क हटाने की मांग भी उठाई है।

भोपाल विकास योजना-2047 के नए ड्राफ्ट को लेकर गुरुवार को किसानों ने नीलबड़ से पैदल मार्च निकालना शुरु किया, जिसे पुलिस ने रोक दिया। किसानों ने बताया कि वह टीएंडसीपी में आपत्तियां पेश करने जा रहे हैं, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया, जिसके विरोध में किसान वहीं धरने पर बैठ गए। बाद में टीएनसीपी की सहायक संचालक आयुक्त इंदू त्रिपाठी ने 319 आपत्तियां लीं। दरअसल किसान कृषि भूमि को रिवरफ्रंट, फॉरेस्ट, ग्रीन बेल्ट और अन्य आरक्षित श्रेणियों में शामिल किए जाने के विरोध में पैदल मार्च कर भोपाल पहुंचे। वहीं, मिसरोद के रहवासियों ने पुरानी आबादी के बीच से प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को योजना से हटाने की मांग रखी।



पुलिस के रोकने पर धरने पर बैठे किसान।

अब तक आईं 3 हजार से ज्यादा आपत्तियां

भोपाल मास्टर प्लान 2047 के ड्राफ्ट को लेकर अब तक टीएंडसीपी में ऑनलाइन और ऑफलाइन तीन हजार से अधिक दावे-आपत्ति पेश किए गए हैं। गुरुवार को संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने भी करीब 2 हजार आपत्तियां दर्ज कराईं। रहवासियों ने आवासीय क्षेत्र के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने, अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के नियमितीकरण पर रोक लगाने की मांग रखी।

इन क्षेत्रों के रहवासियों ने भी पेश की आपत्तियां

अरेरा कॉलोनी, गौतम नगर, रोहित नगर, रचना नगर, बावड़िया कलां, साकेत नगर, भेल, कोटरा, लालघाटी शक्ति नगर, शाहपुरा विकास कुंज, कोलार रोड, नेहरु नगर, प्रिय दर्शन गुलमोहर, डीके कॉटेज, ग्रीन सिटी सोसायटी, राम शरण सोसायटी, पूर्व आईएएस कवींद्र कियावत, विवेक त्रिपाठी, लवनीश भाटी, पूर्णेंदु शुक्ला, कमल राठी, डॉ. एचएम मिश्रा, रविंद्र सक्सेना, जगदीश चंद्रा, गौतम नगर के अध्यक्ष मोहन खरपते और सोमकांत उमलकर ने आपत्तियां दर्ज की।

ग्रामीण कांग्रेस नेता अनोखी मानसिंह पटेल ने बताया कि मास्टर प्लान के ड्राफ्ट पर आपत्तियां दर्ज कराने के लिए पैदल भोपाल पहुंचे थे। लेकिन पुलिस ने हमें नीलबड़ पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इससे नाराज किसान सड़क पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। किसानों का आरोप है कि प्रस्तावित योजना में 66 गांवों की कृषि भूमि को रिवरफ्रंट, फॉरेस्ट, ग्रीन बेल्ट और अन्य आरक्षित श्रेणियों में शामिल किया जा रहा है। जिससे हजारों किसानों की खेती और आजीविका प्रभावित होगी।

आवासीय इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों को नियमित करने संबंधी प्रावधानों का विरोध

राजधानी के विकास की योजना पर सवाल उठने लगे हैं। मास्टर प्लान 2047 के प्रारूप में आवासीय इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों को नियमित करने और बड़े तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में निर्माण संबंधी प्रावधानों को लेकर रहवासियों ने विरोध जताया है। गुरुवार को संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति के नेतृत्व में विभिन्न कॉलोनियों के लोग टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) कार्यालय पहुंचे। करीब दो हजार आपत्तियां दर्ज कराईं। रहवासियों की मांग है कि विकास के नाम पर कॉलोनियों का स्वरूप पर्यावरण से जुड़े क्षेत्रों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।



प्रदर्शन करते त्रिपाठी समेत रहवासी संघ समितियों के पदाधिकारी।

आवासीय सड़कों पर बाजार बनाने का विरोध

समिति ने मास्टर प्लान के अध्याय 15.38 में आवासीय परिसरों में गैर-आवासीय गतिविधियों को नियमित करने के प्रावधान पर आपत्ति जताई। रहवासियों का कहना है कि नियमों के विपरीत चल रही व्यावसायिक गतिविधियों और स्वीकृत नक्शे से अलग निर्माणों पर कार्रवाई होनी चाहिए, न कि उन्हें वैध करने का रास्ता दिया जाए। ड्राफ्ट के पृष्ठ 6752 पर बिंदु 15.39 में प्रस्तावित मार्केट स्ट्रीट को हटाने की मांग भी की गई। समिति के अनुसार, आवासीय सड़कों पर दुकानें और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ने से यातायात, पार्किंग, शोर और सीवेज की समस्या बढ़ सकती है। इसका असर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर भी पड़ेगा।

अरेरा कॉलोनी का आवासीय स्वरूप बनाए रखने की मांग: त्रिपाठी

समिति ने अरेरा कॉलोनी के ई-1 से ई-5 तक के क्षेत्रों का आवासीय स्वरूप बनाए रखने और आरजी-3 क्षेत्र में मिश्रित भू-उपयोग से जुड़े विरोधाभास दूर करने की मांग की। साथ ही पार्कों, खुले स्थानों और हरित क्षेत्रों को सुरक्षित रखने पर जोर दिया। याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि मास्टर प्लान का उद्देश्य शहर का व्यवस्थित विकास होना चाहिए। नियमों के विरुद्ध निर्माणों को नियमित करने के बजाय उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

बड़े तालाब और हरियाली पर भी चिंता

रहवासियों ने बड़े तालाब के कैचमेंट, पश्चिमी बायपास, हरित भूमि और टाइगर मूवमेंट क्षेत्र में निर्माण की अनुमति और एफएआर बढ़ाने से जुड़े प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग की। उनका कहना है कि अनियोजित निर्माण से जलस्रोतों, हरियाली और वन्यजीवों को नुकसान पहुंच सकता है। समिति ने आवासीय रास्तों पर फुटपाथ, सर्विस रोड और पार्किंग की व्यवस्था करने के साथ भविष्य की यातायात जरूरतों के अनुसार फ्लाईओवर और प्रमुख सड़कों की ठोस योजना बनाने की मांग की। ड्राफ्ट की धुंधली प्रतियों और हिंदी दस्तावेजों की उपलब्धता को लेकर भी आपत्ति जताई।

समिति सदस्यों ने तैयार की रिपोर्ट

केरवा डैम पर एनजीटी के आदेश पर किया सर्वे और ग्राउंड ट्रूथिंग



केरवा डैम का सर्वे करती जांच समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोनल बेंच के आदेश के परिपालन में गुरुवार को केरवा डैम पर सर्वे और ग्राउंड ट्रूथिंग का कार्य किया गया। जांच समिति द्वारा किए गए इस सर्वे और ग्राउंड ट्रूथिंग (दूर से जुटाई गई जानकारी, उपग्रह (सैटेलाइट), ड्रोन या नक्शों से प्राप्त डेटा की वास्तविक जमीन पर जाकर प्रत्यक्ष रूप से जांच और पुष्टि करने की प्रक्रिया) में डैम के आसपास लगे कई खसरे की जमीनें डैम के एफटीएल की सीमा में आ सकती हैं। ऐसे में इस मामले में आगे की कार्रवाई हो सकती है।

एनजीटी ने इस आशय के आदेश इस मामले में हुई पिछली सुनवाई में दिए थे। जिसमें बड़े तालाब सहित प्रमुख जल स्त्रोतों के एफटीएल की हद जानने के लिए सर्वे किया गया। केरवा डैम पर किए गए सर्वे और ग्राउंड ट्रूथिंग के दौरान संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण एवं निर्धारित बिंदुओं का भौतिक सत्यापन किया गया। इस अवसर पर एनजीटी के आदेश पर गठित संबंधित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। डैम के एफटीएल के सर्वे और निरीक्षण के बाद अब यह रिपोर्ट एनजीटी में लगी याचिका की सुनवाई के दौरान बेंच के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसकी विस्तृत रिपोर्ट 29 अक्टूबर को अगली सुनवाई में प्रस्तुत की जाए।

केरवा डैम का जलमग्न क्षेत्र 462.150 हेक्टेयर

एनजीटी ने स्पष्ट कहा कि एफटीएल और बफर एरिया को अंतिम रूप देने के लिए ड्रोन सर्वे, सैटेलाइट इमेजरी, ग्राउंड ट्रूथिंग तथा उपलब्ध सरकारी रिकॉर्ड को आधार बनाया जाए। इसकी विस्तृत रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत की जाए। अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को निर्धारित है। उपलब्ध पूर्व रिकॉर्ड के अनुसार केरवा डैम का जलमग्न क्षेत्र करीब 462.150 हेक्टेयर है। इसकी सीमा 1080 खंभों से चिह्नित की गई थी। अब ग्राउंड ट्रूथिंग एवं भौतिक सत्यापन के दौरान यह भी देखा जाना महत्वपूर्ण रहा कि इनमें से कितने सीमा-चिह्न वर्तमान में मौके पर मौजूद हैं। इससे पहले हुई जांच में केरवा जलाशय क्षेत्र में कुल 33 अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे, जिनमें 18 सरकारी भूमि और 15 निजी भूमि से संबंधित संरचनाएं बताई गई थीं। उक्त सभी अतिक्रमणकारियों का नाम, उनके द्वारा किए गए अतिक्रमण और उन्हें जारी किए गए नोटिस की जानकारी टेबल में दी गई है। इसे अब ड्रोन सर्वे और जमीनी सत्यापन के माध्यम से यह स्पष्ट किया जाएगा कि पूर्व में चिन्हित अतिक्रमणों में से वर्तमान में कितने मौके पर मौजूद हैं।

स्टाइपेंड और वेतन नहीं मिलने से बैठे थे भूख हड़ताल पर

जेपी अस्पतालः वेतन मिलने का आश्वासन तीनों डॉक्टरों ने समाप्त की भूख हड़ताल

> जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संजय व चिकित्सा महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. मालवीया ने डॉक्टरों के साथ चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पांच महीने का स्टाइपेंड और तीन महीने का वेतन नहीं मिलने से भूख हड़ताल पर बैठे जेपी अस्पताल के तीन डॉक्टरों ने गुरूवार शाम अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है।

जेपी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संजय जैन, चिकित्सा महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीया, संरक्षक डॉ. ललित श्रीवास्तव और पूर्व अधीक्षक डॉ. आईके चुघ ने भूख हड़ताल पर बैठे डॉ. मनीष बरसरे, डॉ. शुभम कश्यप और डॉ. रविंद्र पाल के साथ उनकी मांगों पर चर्चा की। बैठक के बाद सभी चिकित्सकों की वेतन को मंजूरी देने के साथ उनकी अन्य मांगों पर विचार-विर्मश किया। सभी मांगों पर सहमति बनने पर डॉ राकेश मालवीया, अधीक्षक डॉ संजय जैन ने भूख हड़ताल पर बैठे डॉ. मनीष बरसरे, डॉ. शुभम कश्यप और डॉ. रविंद्र पाल को आम रस एवं गुड़ चना खिलाकर हड़ताल को खत्म कराया।



आम रस पीकर हड़ताल खत्म करते जेपी अस्पताल के तीनों डॉक्टर।

दुकानों के आगे फिर सजने लगी दुकानें, संकरी गलियों से निकलना मुश्किल

न्यू मार्केट में भीषण अग्निकांड के 15 दिन बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था... न पीली लाइन खिंची, न हटे हॉकर्स

डीजल भट्टियां जल रही आग लगने पर फायर ब्रिगेड की राह में आएगी रुकावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

न्यू मार्केट में पांच दुकानों को आग के हवाले करने वाले अग्निकांड से भी नगर निगम ने सबक नहीं लिया। हादसे के 15 दिन बाद भी बाजार की गलियों में न पीली लाइन खिंची और न ही हॉकर्स को टीटी नगर स्टेडियम के पास शिफ्ट किया गया। हालात फिर पहले जैसे हो गए हैं। दुकानों के आगे सामान सजने लगा है। ठेले वालों ने रास्तों पर कब्जा जमा लिया है और बाजार के बीच डीजल भट्टियों पर छोले-भटूरे बनाए जा रहे हैं। ऐसे में दोबारा आग लगने पर फायर ब्रिगेड को रास्ता मिलने में परेशानी हो सकती है।

8 अक्टूबर को हुए अग्निकांड के बाद निगम अधिकारियों और व्यापारियों की बैठक में रास्ते खाली रखने पर सहमति बनी थी। तय हुआ था कि दुकानों के सामने पीली लाइन खींचकर सामान रखने की सीमा तय होगी और हॉकर्स को दूसरी जगह बैठाया जाएगा। लेकिन 15 दिन बाद भी ये फैसले जमीन पर नहीं उतरे। निगम की कार्रवाई के दौरान ठेले हटते हैं, लेकिन फिर लग जाते हैं।

हॉकर्स को टीटी नगर स्टेडियम के पास शिफ्ट नहीं किया गया

ठेले वालों ने रास्तों पर कब्जा किया, आवागमन मुश्किल

दुकानों के सामने पीली लाइन मिटाई, फिर आगे रखा सामान



न्यू मार्केट में रास्ते पर लगी कपड़े की दुकान।

न्यू मार्केट में वर्ष 2015 से 2026 के बीच तीन बार पीली लाइन खींची जा चुकी है, लेकिन कई दुकानदारों ने इन्हें मिटाकर फिर सामान आगे रखना शुरू कर दिया। निगम अधिकारियों के मुताबिक, बाजार में दो-तीन तरह की पुरानी मार्किंग हैं। गलियों की चौड़ाई के हिसाब से तीन से पांच फीट तक सामान रखने की सीमा तय करने की बात है, लेकिन मौजूदा स्थिति में इसका पालन नहीं हो रहा। निगम और ट्रैफिक पुलिस गलियों की नपती कर रहे हैं। खंभे शिफ्ट करने और हॉकर्स को निर्धारित जगह भेजने की योजना भी लागू नहीं हुई।

मॉकड्रिल बंद, भट्टियां फिर चालू

आग लगने पर फायर ब्रिगेड कितनी आसानी से पहुंच सकती है, यह देखने के लिए मॉकड्रिल शुरू की गई थी। 16 अक्टूबर को फायर ब्रिगेड की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद विरोध और त्योहारों की भीड़ के बीच संकरी गलियों में बड़ी गाड़ियों से मॉकड्रिल रोक दी गई। उधर, बाजार के बीच डीजल भट्टियों पर भटूरे बनाने का काम जारी है। रास्तों पर अतिक्रमण है।



ठेले लगाने के लिए रोज 700 से 1000 रुपए चार्ज

बाजार में खाली जगह मिलते ही ठेले फिर जम जाते हैं। आरोप है कि कुछ दुकानदार रेहड़ी वालों से रोजाना 700 से 1000 रुपए लेकर दुकान के सामने ठेले लगवाते हैं। इससे लोगों के निकलने की जगह कम हो रही है। व्यापारी महासंघ अध्यक्ष नानक सिंह दुआ के मुताबिक, दुकानदार पांच से दस फीट पीछे सामान कर लेते हैं, लेकिन खाली जगह पर ठेले वाले बैठ जाते हैं। इसके बाद दूसरे दुकानदार भी सामान आगे बढ़ा लेते हैं। संकरी गलियों में भारी फायर ब्रिगेड आने से ग्राहक घबराते हैं और कारोबार पर भी असर पड़ता है।

चिंतन

कुछ तो गंभीर चल रहा है सावधानी रखनी होगी



मुद्दा
रविन्द्र श्रीवास्तव

वैश्विक कूटनीति और आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले कुछ समय से जो सुगबुगाहट चल रही थी, वह अब एक बेहद खतरनाक और सुनियोजित नेटवर्क के रूप में सामने आने लगी है। अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की हालिया रिपोर्ट 'ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स' ने जिन तथ्यों को उजागर किया है, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी भी हैं। फ्रांस की सड़कों पर भड़के दंगे और भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों के तार आपस में जुड़े हुए हैं। यह कोई स्थानीय या स्वतः स्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि 9 देशों के 101 संगठनों का एक ऐसा 'सीक्रेट नेटवर्क' है, जिसका मकसद लोकतांत्रिक सरकारों को अस्थिर करना और अराजकता फैलाना है। इस पूरे खेल को समझने के लिए इसके फंडिंग और वैचारिक पैटर्न को देखना होगा। रिपोर्ट में इस नेटवर्क को 'रेड-ग्रीन प्रोटेस्ट इकोसिस्टम' नाम दिया है, जहां 'रेड' (वामपंथी-कम्युनिस्ट ताकतें) और 'ग्रीन' (इस्लामी संगठन) एक साझा एजेंडे के तहत साथ आए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अराजकता की आर्थिक कमान चीन के शंघाई में बैठे अमेरिकी मूल के टेक कारोबारी नेविल रॉय सिंघम के हाथों में बताई जा रही है। सिंघम पर पहले भी भारत विरोधी नैरेटिव और वामपंथी संगठनों को फंडिंग करने के आरोप लगते रहे हैं। अब उनकी पत्नी और 'कोडपिंक' की सह-संस्थापक जोडी इवांस के बयानों से साफ है कि फ्रांस, स्पेन और भारत के प्रदर्शनों को एक सोची-समझी रणनीति के तहत हवा दी जा रही है, ताकि आम जनता को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया जा सके। इस कूटनीतिक और सुरक्षात्मक विमर्श का सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि इस नेटवर्क ने युवाओं और छात्रों को सबसे बड़ा हथियार बनाया है। 101 संगठनों में से 33 का नेतृत्व छात्र समूहों के पास होना और 20 नवंबर को यूरोप में प्रस्तावित 'इंटरनेशनल यूथ स्ट्राइक' इस बात का सबूत है कि युवाओं की ऊर्जा को पूंजीवाद और लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ मोड़ने की गहरी साजिश रची जा रही है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग हो या भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ 'चुनाव आयोग' पर हमला, दोनों का पैटर्न एक जैसा है। संस्थाओं की विश्वसनीयता को खत्म करो और अराजकता का माहौल बनाओ। भारत के परिप्रेक्ष्य में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सत्तापक्ष जहां इसे देश के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय साजिश बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे ध्यान भटकाने की कवायद करार दे रहा है। राजनीति अपनी जगह हो सकती है, लेकिन एक संप्रभु राष्ट्र के नाते भारत इस प्रकार के इनपुट को हल्के में नहीं ले सकता। अतीत में भी टूलकिट और विदेशी फंडिंग के जरिए देश के आंतरिक माहौल को बिगाड़ने के प्रयास देखे जा चुके हैं। जब विदेशी ताकतें देश के भीतर चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को निशाना बनाने लगें, तो यह मामला दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा का बन जाता है। कहा जा सकता है कि वैश्विक पटल पर 'कुछ तो गंभीर चल रहा है।' दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते भारत को अधिक सावधानी रखनी होगी। खुफिया एजेंसियों को डिजिटल मैप्स, टेलीग्राम नेटवर्क्स और विदेशी फंडिंग के स्रोतों पर पैनी नजर रखनी होगी, ताकि देश की संप्रभुता पर कोई आंच न आए। अगर आज इस 'अराजकता के सिंडिकेट' को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में लोकतंत्रों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

लोकतंत्र का लुप्त होता स्तंभः जवाबदेही

> सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है– विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए।

एक विचित्र विरोधाभास सामने आता है। सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए। किसी लोकतंत्र में चुनाव हो सकते हैं, स्वतंत्र न्यायपालिका, संवैधानिक निकाय और विस्तृत कानून भी हो सकते हैं। फिर भी, यदि सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग करने वाले लोग अपनी शक्तियों के उपयोग के तरीके के प्रति पर्याप्त रूप से जवाबदेह नहीं हैं, तो धीरे-धीरे नागरिकों का विश्वास कम हो सकता है।

लोकतंत्र के लिए वास्तविक खतरा केवल शक्ति का दुरुपयोग नहीं है, बल्कि ऐसी शक्ति भी है, जिसके प्रयोग का कोई स्पष्टीकरण न हो, जिसमें पारदर्शिता का अभाव हो और जिसके दुरुपयोग या विफलता के कोई परिणाम न हों। इस बात पर कोई दो राय नहीं हो सकती कि न्यायपालिका कार्यपालिका से स्वतंत्र होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और सरकारों से स्वतंत्र होना चाहिए। संवैधानिक प्राधिकारियों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। संसद को कार्यपालिका के कार्यों की जांच और समीक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। फिर भी, इनमें से प्रत्येक संस्था अपनी वैधता संविधान से और अंततः जनता से प्राप्त करती है। भारत में लोकतंत्र का संचालन कई कठिन सच्चाइयों को सामने लाता है। सब कुछ ठीक नहीं है। लोग यह प्रश्न क्यों पूछते हैं कि क्या गलत हो रहा है? उन्हें इन प्रश्नों के उत्तर मिलने चाहिए। जनता का विश्वास जवाबदेही की माँग करता है। जवाबदेही समस्या नहीं, बल्कि समाधान है। हालांकि, भारतीय लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे तंत्र विकसित करना है, जो संस्थाओं की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखते हुए उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित करें। जवाबदेही की दिशा में पहला कदम पारदर्शिता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 ने नागरिकों को जानने का अधिकार दिया है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को इससे एक कदम आगे बढ़ना होगा। जानने का अधिकार, प्रश्न पूछने के अधिकार में बदलना चाहिए और प्रश्न पूछे जाने के बाद संस्थाओं का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे उत्तर दें और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें।

भारत को व्यापक सार्वजनिक चर्चा के बाद एक स्वतंत्र संवैधानिक जवाबदेही आयोग स्थापित करने पर विचार करना चाहिए। इस आयोग के गठन में पर्याप्त संवैधानिक सुरक्षा उपाय होने चाहिए और इसे राजनीतिक तथा कार्यपालिका के दैनिक हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा जाना चाहिए। इस आयोग का उद्देश्य न्यायिक निर्णयों के विरुद्ध अपील सुनना या संवैधानिक प्राधिकारियों के वैध कार्यों तथा विवेकाधिकार में हस्तक्षेप करना नहीं होना



चाहिए। इसका कार्यक्षेत्र अधिक सीमित, लेकिन अधिक बुनियादी होना चाहिए। इसमें संस्थाओं द्वारा अपनी संवैधानिक और वैधानिक जिम्मेदारियों के अनुपालन की निगरानी करना, व्यवस्थागत कमियों की पहचान करना, निष्कर्ष प्रकाशित करना तथा सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव देना शामिल होना चाहिए।

प्रत्येक प्रमुख संवैधानिक संस्था को वार्षिक संवैधानिक प्रदर्शन रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में स्पष्ट और आसानी से समझ में आने वाले तरीके से जानकारियां दी जानी चाहिए। इन रिपोर्टों को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए और जनता के लिए भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिस कार्य का पारदर्शी ढंग से मापन किया जाता है, उसके जिम्मेदारीपूर्वक किए जाने की संभावना अधिक होती है। संस्थागत शक्ति के सबसे कम पहचाने जाने वाले रूपों में से एक है-निर्णय लेने में देरी करने की शक्ति। जहां संविधान या कानून किसी संवैधानिक पदाधिकारी को निर्णय लेने का दायित्व सौंपता है, वहां जहां तक संवैधानिक रूप से संभव हो, उस शक्ति के प्रयोग के लिए एक उचित अधिकतम समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। यह सिद्धांत विशेष रूप से उन मामलों में महत्त्वपूर्ण है, जहां देरी से लोकतांत्रिक शासन, विधायी कार्यप्रणाली या नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विवेकाधिकार का अर्थ अनिश्चितकाल तक निष्क्रिय बने रहने की स्वतंत्रता नहीं हो सकता। बेशक, प्रत्येक संवैधानिक निर्णय को किसी कठोर समय-सीमा में बाँधना न तो संभव है और न ही आवश्यक। संवैधानिक मामलों की जटिलता के कारण कभी-कभी पर्याप्त विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। लेकिन वैध विचार-विमर्श और जानबूझकर की जाने वाली टालमटोल के बीच अंतर होना चाहिए। संवैधानिक शासन में चुप्पी और देरी को निर्णय लेने के विकल्प के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। जवाबदेही सुनिश्चित करने के सबसे सरल और प्रभावशाली उपायों में से एक है - निर्णयों के कारण बताने की अनिवार्यता। किसी नागरिक को हमेशा अपनी इच्छानुसार परिणाम प्राप्त करने का अधिकार नहीं हो सकता। लेकिन जब किसी महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है, तो सामान्यतः नागरिक को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि ऐसा क्यों किया गया। कारणयुक्त निर्णय लेने से एक साथ तीन उद्देश्यों की पूर्ति होती है- पारदर्शिता, अनुशासन और जनता का विश्वास। इसके अतिरिक्त, जहां आवश्यक हो, ऐसे निर्णयों की प्रभावी संवैधानिक और न्यायिक समीक्षा करना भी संभव होता है। निस्संदेह, कुछ परिस्थितियों में गोपनीयता या संवैधानिक आवश्यकताओं के कारण अपवाद उचित हो सकते हैं। लेकिन अपवाद इस नियम को ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए। परिणामों के बिना जवाबदेही केवल विफलताओं का लेखा-परीक्षण बनकर रह जाती है। यदि कोई व्यवस्था लगातार या जानबूझकर की गई विफलताओं की पहचान तो करती है, लेकिन उसके बाद कोई सार्थक संस्थागत कार्रवाई नहीं होती, तो अंततः संस्थाओं को यही संदेश मिलता है कि जवाबदेही केवल औपचारिकता है। हालांकि, इन परिणामों की व्यवस्था अत्यंत सावधानीपूर्वक तैयार की जानी चाहिए। लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र यह आश्वासन भी है कि सार्वजनिक शक्ति सौंपी गई प्रत्येक व्यक्ति उसका प्रयोग संवैधानिक सीमाओं के भीतर करेगा, आवश्यकता पड़ने पर उसके प्रयोग का स्पष्टीकरण देगा, वैध जाँच और समीक्षा को स्वीकार करेगा। सभी संस्थाओं और उनकी शक्तियों के साथ कर्तव्य जुड़े होते हैं। जवाबदेही उन शक्तियों का अभिन्न अंग है।

(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
रोहित माहेश्वरी



कानून व्यवस्था को चुनौती देते गैंगस्टर

देश में संगठित अपराध और गैंगस्टरों की बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हाल में साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहों ने देश के कई राज्यों में सुरक्षा एजेंसियों की नाक में दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियों को निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्या की वारदातों ने शासन-प्रशासन के इकबाल पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। यह बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान व रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरों के निशाने पर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अब भी संगठित अपराध कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिस की खुफिया सूचनाओं की मदद से कोटा रेलवे स्टेशन से तीन संदिग्ध हमलावरों को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफ की कार पर गोलीबारी के बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का पुराना ख़ौफ़ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड के पुराने ख़ौफ़ की वापसी का संकेत है या इसे एक अलग घटना के तौर पर देखा जाना चाहिए? देश में कानून-व्यवस्था के समानांतर अपराध की सत्ता चलाने वाले गिरोहों का इतिहास पुराना रहा है। बेशक समय के साथ अपराधी संगठनों के नामकरण और अपराध के तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊद से लेकर छोटे राजन के गैंगवार की साक्षी रही है। अब वहां नये सिरे से गैंगस्टरों का दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलों को महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसा की इक्का-दुक्का घटनाओं के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तव में ये समाज में लगातार गहरी होती जाती एक गंभीर समस्या के लक्षण हैं।

यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरों की कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाज में रक्तबीजों की तरह लगातार बढ़ते जाएंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विता का खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होने से समाज को ही भुगतना पड़ेगा। दरअसल, पुलिस की शुरुआती जांच से पता चला है कि इस हमले के संदिग्ध हमलावरों में से एक का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित साथी से है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए लॉरेंस बिश्नोई साल 2015 से जेल में बंद है। ऐसे में सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षा में जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई का नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधों में संलिप्तता के रूप में कैसे उछाला जाता है? भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप व अमेरिका में सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिका में उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोह के रूप में चिन्हित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियों में से एक, करमवीर सिंह को कनाडा से डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को नवंबर 2025 में अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल, यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहों के बीच सांठगांठ से जुड़ा बताया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों और लोक व्यवस्था का हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 303 लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियों को गुजरात की साबरमती जेल से बाहर ले जाने या मुंबई पुलिस की प्रत्यक्ष कस्टडी में देने पर रोक है। इस वजह से जांच एजेंसियां केवल जेल के अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशों का पूरी तरह पर्दाफाश करने में बाधा आ रही है। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनों की संवैधानिक वैधता और संगठित अपराधों से निपटने के प्रावधानों की समीक्षा कर रही है ताकि पुलिस व प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चन के इन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस सके। गैंगस्टरों और अपराधियों पर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। निस्संदेह, कानून लागू करने वाली एजेंसियों को चुनौती देने वाले इन गिरोहों की कमर तोड़ना राज्य सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं अपराधियों में कानून का डर पैदा करने और जनता में सुरक्षा की भावना बहाल करने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय और जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धैर्य और संतोष ही सुखी जीवन के आधार



संकलित
दर्शन

मानव स्वभाव से सौम्य, संवेदनशील और सहयोगी प्राणी है। उसके भीतर प्रेम, करुणा, सहानुभूति और परोपकार की भावनाएं विद्यमान रहती हैं, लेकिन जब वह आवेग, क्रोध और अनियंत्रित इच्छाओं के वशीभूत हो जाता है, तब उसका विवेक कमजोर पड़ने लगता है। क्षणिक आवेश में लिया गया निर्णय कभी-कभी उसके पूरे जीवन को संकट में डाल देता है। इसलिए जीवन में थोड़ी-सी सावधानी, विचारों पर नियंत्रण और आत्मजागृति का बहुत बड़ा महत्व है। मनुष्य यदि समय रहते अपने मन की चंचलता को पहचान ले और गलत दिशा में बढ़ते कदमों को रोक दे, तो अनेक अनर्थों से बच सकता है। जीवन की वास्तविक सफलता केवल उपलब्धियां प्राप्त करने में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और विचारों को संतुलित रखने में भी निहित है। मनुष्य का स्वभाव स्थायी रूप से बुरा नहीं होता। परिस्थितियां, मानसिक तनाव, क्रोध, लोभ और आवेग कभी-कभी उसे ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित कर देते हैं, जिनका पश्चाताप उसे बाद में होता है। आवेग एक ऐसा प्रवाह है, जो व्यक्ति की विचारशक्ति को अपने साथ बहा ले जाता है। उस समय सही और गलत के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए विवेक खो बैठता है और ऐसा कदम उठा लेता है, जिसकी कीमत उसे लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। इसलिए जब मन में क्रोध या प्रतिशोध की भावना प्रबल हो, तब तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ समय रुकना चाहिए।

भगवान चढ़ाया गया भोग कैसे खाते हैं



संकलित
प्रेरणा

क्या भगवान हमारे द्वारा चढ़ाया गया भोग खाते हैं? यदि खाते हैं, तो वह वस्तु समाप्त क्यों नहीं हो जाती? और यदि नहीं खाते हैं, तो भोग लगाने का क्या लाभ? एक युवा शिष्य ने पाठ के बीच में अपने गुरु से यह प्रश्न किए, गुरु ने तत्काल कोई उत्तर नहीं दिया। वे पूर्ववत पाठ पढ़ाते रहे, उस दिन उन्होंने पाठ के अन्त में एक श्लोक पढ़ायाः

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

पाठ पूरा होने के बाद गुरु ने शिष्यों से कहा कि वे पुस्तक देखकर श्लोक कंठस्थ कर लें। एक घंटे बाद गुरु ने प्रश्न करने वाले शिष्य से पूछा कि उसे श्लोक कंठस्थ हुआ कि नहीं? उस शिष्य ने पूरा श्लोक शुद्ध-शुद्ध गुरु को सुना दिया। फिर भी गुरु ने सिर नहीं में हिलाया, तो शिष्य ने कहा कि वे चाहें, तो पुस्तक देख लें, श्लोक बिल्कुल शुद्ध है। गुरु ने पुस्तक देखते हुए कहा- श्लोक तो पुस्तक में ही है, तो तुम्हारे दिमाग में कैसे चला गया? शिष्य कुछ भी उत्तर नहीं दे पाया। तब गुरु ने कहा- पुस्तक में जो श्लोक है, वह स्थूल रूप में है। तुमने जब श्लोक पढ़ा, तो वह सूक्ष्म रूप में तुम्हारे दिमाग में प्रवेश कर गया, उसी सूक्ष्म रूप में वह तुम्हारे मस्तिष्क में रहता है। और जब तुमने इसको पढ़कर कंठस्थ कर लिया, तब भी पुस्तक के स्थूल रूप के श्लोक में कोई कमी नहीं आई। इसी प्रकार पूरे विश्व में व्याप्त परमात्मा हमारे द्वारा चढ़ाए गए निवेदन को सूक्ष्म रूप में ग्रहण करते हैं, और इससे स्थूल रूप के वस्तु में कोई कमी नहीं होती। उसी को हम प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

सटाका



आज की पाती

नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है।

- अशोक वर्मा, सिरसा

ट्रेंड

भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। हम 'भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज' स्थापित करने और अपने युवाओं के लिए प्रौद्योगिकी हैकाथॉन आयोजित करने पर सहमत हुए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

रेहान की फोटो प्रदर्शनी



दिल्ली के बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज़्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है। यानी, भाजपा सरकार की देखरेख में एक युवा कलाकार की कला को दबाया गया, जो कि बेहद निंदनीय है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

स्वतंत्रता सेनानी की जयंती



स्वतंत्रता सेनानी और अमर शहीद अशफाकुल्ला खान की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका अटूट प्रेम आज भी एक मिसाल है। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

सैमसन की बल्लेबाजी



जब भी मैं संजू सैमसन को बल्लेबाजी करते देखता हूँ, तो मुझे लगता है कि उनका बल्ला सेट-अप के दौरान बहुत ज्यादा बंद रहता है, जिससे उनके आउट-स्विंग गेंदों पर आउट होने का खतरा बढ़ जाता है। वह जिस तरह से इसे संभालते हैं, वह काबिले तारीफ है। - इरफ़ान पठान, क्रिकेटर

करंट अफेयर

नवरात्रि समारोहों में शामिल हुए न्यूयार्क के मेयर ममदानी



अमेरिका के इलिनॉय राज्य में एक मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश नाकाम किए जाने के कुछ दिन बाद न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने यहां भारतीय मूल के हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा मनाई तथा लोगों से नफरत के खिलाफ एकजुट होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपील की। ममदानी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'इस सप्ताह मुझे क्वींस में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशैं और विजयादशमी मनाने का सौभाग्य मिला।' उन्होंने कहा, 'हमने गरबा किया, आरती में हिस्सा लिया, सिंदूर खेला की रस्म देखी और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में लोगों के साथ मिलकर खुशी और श्रद्धा के इस उत्सव में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात थी, खासकर इसलिए कि पिछले सप्ताह ही इलिनॉय के एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की कोशिश की गई थी।' मेयर ने कहा, ' 'आइए, हम सभी नफरत के खिलाफ खड़े होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपनी साझा जिम्मेदारी निभाने के लिए एकजुट हों। जय माता की।' सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ममदानी भारतीय मूल के लोगों के साथ गरबा करते और मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेते दिखाई दिए।

ऑफ बीट

भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी



आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

कंपनी परिणाम

कोलगेट-पामोलिव का लाभ 4.3 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। टूथपेस्ट बनाने वाली कंपनी कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 4.3 प्रतिशत बढ़कर 341.57 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 327.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सितंबर तिमाही में कंपनी की बिक्री 12.22 प्रतिशत बढ़कर 1,691.57 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,507.24 करोड़ रुपये थी।

अदाणी टोटल गैस का मुनाफा तीन फीसदी बढ़ा



नई दिल्ली। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 167 करोड़ रुपए रहा। सीएनजी और पाइप के जरिये प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की बिक्री बढ़ने से गैस की लागत में तेज बढ़ोतरी का प्रभाव सीमित करने में मदद मिली। अदाणी समूह की कंपनी एटीजीएल ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर, 2026 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 34 प्रतिशत बढ़कर 2,102 करोड़ रुपए हो गया।

स्विगी का शुद्ध घाटा घटकर 922 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने के सामान की डिलिकरी करने एवं 'क्विक कॉमर्स' कंपनी स्विगी का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा घटकर 922 करोड़ रुपए रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में स्विगी को 1,092 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 7,571 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 5,561 करोड़ रुपए थी।

जेएंडके बैंक के लाभ में 11 फीसदी का इजाफा



नई दिल्ली। जम्मू एंड कश्मीर बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 546 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 494 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। जम्मू एंड कश्मीर बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 4,042 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,446 करोड़ रुपए थी।

पीसी ज्वेलर्स के लाभ में 58% की वृद्धि



नई दिल्ली। पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 58 प्रतिशत बढ़कर 330.66 करोड़ रुपए हो गया। बिक्री बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 209.54 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 28 प्रतिशत बढ़कर 1,054.47 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 825.25 करोड़ रुपए थी। हालांकि, इस दौरान कंपनी का खर्च बढ़कर 759.42 करोड़ रुपए हो गया।

ऑनलाइन परीक्षा में 75% अंक पर ही ड्राइविंग लाइसेंस देने का प्रस्ताव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए अब ऑनलाइन परीक्षा पास करना आसान नहीं होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़े ऑनलाइन पाठ्यक्रम की परीक्षा में पास होने के लिए न्यूनतम अंक 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए मंत्रालय की ओर से जारी मसौदे के मुताबिक, सुरक्षित ड्राइविंग से जुड़ा यह ऑनलाइन पाठ्यक्रम कम-से-कम 30 मिनट का होगा। इसके अलावा, आधार से सत्यापित ऑनलाइन सेवाओं के तहत ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी कुछ चुनिंदा सेवाओं के लिए शुल्क में छूट देने का प्रस्ताव है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दिया प्रस्ताव

आवेदन पर 15 दिनों के अंदर निर्णय

मसौदे में लाइसेंस में दर्ज विवरण में बदलाव के लिए किए गए आवेदनों पर 15 दिन के भीतर निर्णय लेने का भी प्रस्ताव है। आवेदन खारिज किए जाने की स्थिति में इसके कारण बताने होंगे। इसके अलावा, लाइसेंस में नाम और पते में बदलाव के लिए लगने वाला शुल्क समाप्त करने का प्रस्ताव है।



पहले ऑनलाइन के लिए न्यूनतम अंक 60 प्रतिशत थे

30 दिनों के अंदर सुझाव मांगे गए

मसौदे के तहत पहचान, आयु और निवास के प्रमाण के रूप में आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ई-राशन कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जा सकेंगे। इसके अलावा, नए जारी किए जाने वाले और नवीनीकृत होने वाले प्रत्येक ड्राइविंग लाइसेंस को फॉर्म-7 के तहत लैमिनेटेड या पीवीसी कार्ड के रूप में देने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने मसौदा नियमों पर संबंधित पक्षों से 30 दिन के भीतर आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं।

ब्लू एनर्जी बनाएगी कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहन

मुंबई। इलेक्ट्रिक और एलएनजी ट्रक बनाने वाली कंपनी ब्लू एनर्जी मोटर्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह दिल्ली-एनसीआर के लिए केंद्र सरकार की 'परिवर्तन' योजना से जुड़ गई है। इस योजना का उद्देश्य लक्षित प्रोत्साहन और समन्वित क्रियान्वयन के जरिये पुराने वाणिज्यिक वाहनों की जगह कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को बढ़ावा देना है।



ईवी ट्रक के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा

कंपनी ने कहा कि उसने वाणिज्यिक वाहनों के आधुनिकीकरण की इस पहल के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के साथ शुरुआती समझौता किया है।

सरकार ने नए फार्म में विसंगतियों को सुधारने का काम किया

1 नवंबर को सामने आएगा नया जीएसटी रिटर्न फॉर्म

कारोबारियों के लिए बहुत कुछ बदल रहा इस बार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी परिषद की बैठक के बाद अब कारोबारियों के लिए नया रिटर्न फॉर्म लाने की तैयारी है। सरकार ने नए फॉर्म में तमाम विसंगतियों को सुधारने का काम किया है। जीएसटी परिषद की बैठक में इन सुधारों के बारे में चर्चा भी हुई थी। बैठक में हुए फैसलों के बाद वित्त मंत्रालय ने एक नवंबर को संशोधित जीएसटी रिटर्न फॉर्म का मसौदा परामर्श के लिए 'एमवाईजीओवी.इन' (माईगॉव.इन) मंच पर जारी करने की बात कही है। इनमें जीएसटीआर-1 भी शामिल है, जिसमें कारोबारियों को अपनी बाहरी सप्लाई का ब्योरा देना होता है। केंद्र एवं राज्यों के वित्त मंत्रियों की अगुवाई वाली जीएसटी परिषद ने 8 अक्टूबर को 57वीं बैठक में जीएसटीआर-1/1ए/आईएफएफ फॉर्म के मसौदे को मंजूरी दी थी। संशोधित फॉर्म एक अप्रैल, 2027 से लागू होंगे लेकिन इसका मसौदा पहले ही जारी कर दिया जाएगा, ताकि हितधारक इस पर अपने सुझाव दे सकें।

फॉर्म के मसौदे को 8 अक्टूबर की 57वीं बैठक में मंजूरी मिली थी

एक नवंबर को फॉर्म का मसौदा माईगॉव.इन मंच पर होगा जारी

क्या है सीबीआईसी की तैयारी

सीबीआईसी के जीएसटी नीति प्रभाग के आयुक्त गौरव सिंह ने बताया कि फिलहाल माल एवं सेवा कर में एक बड़ी समस्या रिटर्न (कर वापसी) के ब्योरे में विसंगति है और करीब 80 फीसदी नोटिस ऐसी विसंगतियों के कारण जारी किए जाते हैं। कारोबारी वर्तमान में जीएसटीआर-3बी में बदलाव या संशोधन कर सकते हैं। यह स्व-घोषित रिटर्न और मासिक टैक्स भुगतान फॉर्म हैं। इससे जीएसटीआर-1 के साथ ब्योरे में विसंगति पैदा होती है। सिंह ने बताया कि कारोबारी जीएसटीआर-3बी में बदलाव क्यों करते हैं। इस बारे में उद्योग जगत से मिले जवाबों के आधार पर जीएसटी फॉर्म में बदलाव किए गए हैं और इनवॉइस प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) को बेहतर बनाया गया है।



फॉर्म में क्या-क्या होंगे बदलाव

जीएसटी रिटर्न फॉर्म इनवॉइस प्रस्तुत करने की सुविधा (आईएफएफ), जीएसटी की तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान (क्यूआरएमपी) योजना के तहत करदाताओं द्वारा दाखिल किया जाने वाला एक वैकल्पिक मासिक विवरण है। जीएसटीआर-1 बिक्री का मासिक 'इनवॉइस या बिल आधारित रिटर्न' है, जबकि जीएसटीआर-1ए एक संशोधन विवरण है, जो करदाताओं को अपना मासिक जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करने से पहले गलतियों को सुधारने या छूटे हुए बिलों का ब्योरा जोड़ने की अनुमति देता है।

उद्योग जगत ने सुझाया है बदलाव

सिंह ने कहा कि उद्योग जगत से मिले जवाबों के आधार पर हम जीएसटीआर-1 फॉर्म में बदलाव कर रहे हैं और आईएमएस को बेहतर बना रहे हैं, ताकि जीएसटीआर-3बी में संशोधन की जरूरत न पड़े। अगर इसकी जरूरत नहीं होगी, तो ब्योरे में विसंगति के आधार पर नोटिस जारी करने का कोई मामला नहीं बनेगा। हम एक नवंबर को टिप्पणियों के लिए फॉर्म 'एमआईजीओवी' पर रखेंगे और इसके लिए 30 दिन का समय देंगे। सिंह ने कहा कि यदि जीएसटी रिटर्न प्रणाली में सुधारों को सफलतापूर्वक लागू किया जा सका, तो सप्लाई चेन में पारदर्शिता और सटीकता से जुड़ी समस्याएं दूर हो जाएंगी।

जीएसटी परिषद ने क्या किया बदलाव

जीएसटी परिषद ने आठ अक्टूबर को जीएसटी रिटर्न में टैक्स देनदारियों और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों में संशोधन के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य ब्योरे में विसंगतियों को कम करना और नोटिस/सूचनाएं जारी करने की संख्या घटाना है। परिषद ने जीएसटी फॉर्म जीएसटीआर-1/1ए/आईएफएफ में सुधारों को मंजूरी दी थी, ताकि इन फॉर्म में दिए गए ब्योरे का मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में दर्ज ब्योरे के साथ बेहतर मिलान किया जा सके। परिषद ने रिटर्न में आईटीसी की सही जानकारी देने और उसमें सुधार/संशोधन की व्यवस्था को भी मंजूरी दी, ताकि जीएसटीआर-3बी में दावे वाले आईटीसी, जीएसटीआर-2बी में उपलब्ध कराए गए आईटीसी के ब्योरे के अनुरूप हो।

भारत की यात्रा पूरी कर अमेरिकी विदेश मंत्री लौटे

रुबियो का आर्थिक, रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर रहा जोर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के अपने तीन दिवसीय दौरे के समापन पर बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक साझेदारी और ऊर्जा सुरक्षा सहयोग को लगातार मजबूत करने से दोनों देश अधिक सशक्त बनते हैं।

अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और गुजरात के जामनगर स्थित एक प्रमुख रिफाइनरी केंद्र का दौरा किया। रुबियो ने मंगलवार को मुंबई में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, ''क्षेत्र में अपनी आर्थिक और रणनीतिक प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के बाद अभी भारत से रवाना हुआ हूं। अपनी आर्थिक साझेदारी और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लगातार मजबूत करने से हमारे दोनों देश अधिक सशक्त बनते हैं।''



भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई और जामनगर का किया दौरा

रुबियो ने अपनी और अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें पृष्ठभूमि में मुंबई का प्रसिद्ध 'गेटवे ऑफ इंडिया' नजर आ रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री 20 अक्टूबर को मुंबई पहुंचे थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश, रक्षा और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना तथा पश्चिम एशिया संकट पर विचारों का आदान-प्रदान करना था।

भारत के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई

भारत में अमेरिकी मिशन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री रुबियो ने 20 से 22 अक्टूबर तक मुंबई और जामनगर का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य ''अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना, व्यापार एवं निवेश संबंधों को मजबूत करना और समृद्ध तथा सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराना'' था।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 460 अंक टूटा



एजेंसी ▸▸ मुंबई

कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 460 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 124 अंक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल के दाम चढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बिजली और आईटी शेयरों समेत चौतरफा बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार नुकसान में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 460.30 अंक गिरावट के साथ 73,249.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक तक टूटकर 73,005.11 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। निफ्टी भी 123.70 अंक गिरावट के साथ 22,687.65 अंक पर बंद हुआ।

कच्चे तेल के दाम में तेजी का असर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। इससे महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है। रुपये में भी तेजी का रुख जाता रहा और कारोबार के दौरान यह लगातार कमजोर होता गया, जिससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

रिलायंस में रही गिरावट

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटर्नल, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

एसबीआई रहा लाभ में

वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मास्युटिकल्स, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फिनसर्व शामिल हैं।

वाहनों को कबाड़ में बदलने फोर्स मोटर्स ने किया रोस्मर्टा से करार

मुंबई। पुणे स्थित फोर्स मोटर्स ने पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलने के लिए रोस्मर्टा ऑटो रीसाइक्लिंग के साथ साझेदारी की है। बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी गई। रोस्मर्टा ने कहा कि इस साझेदारी से फोर्स मोटर्स के ग्राहकों को उसकी सुविधा का लाभ मिलेगा और समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों को हटाने के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया उपलब्ध होगी। इस साझेदारी के तहत पात्र वाहनों के लिए जरूरी दस्तावेजी कार्रवाई और कबाड़ बनाने की प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

सोना 1,000 रुपए टूटा, चांदी 10 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं, चांदी 5,900 रुपये टूटकर 10 महीने के निचले स्तर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। यह चांदी का 10 महीने से अधिक का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले चांदी 18 दिसंबर, 2025 को 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही थी।



एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच बाजार की धारणा पर दबाव बने रहने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही।''

वैश्विक बाजार में चांदी चार फीसदी टूटी

वैश्विक बाजार में सोने का हाजिर भाव करीब 1.7 प्रतिशत गिरकर 4,072.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस तरह पीली धातु में 68.98 डॉलर की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। वहीं, चांदी का हाजिर भाव वैश्विक बाजार में करीब चार प्रतिशत टूटकर 55.72 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

ओएनजीसी के चेयरमैन होंगे सुनील कुमार

नई दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के कार्यकारी निदेशक (ईडी) सुनील कुमार को कंपनी का चेयरमैन नियुक्त किया है। इसके साथ ही वह कंपनी के इतिहास में कार्यकारी निदेशक के पद से सीधे शीर्ष पद पर पहुंचने वाले पहले अधिकारी बन गए हैं। नियुक्ति संबंधी फैसले के अनुसार, कुमार अरुण कुमार सिंह का स्थान लेंगे जिनका विस्तारित कार्यकाल छह दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यह नियुक्ति कई चरणों वाली चयन प्रक्रिया के बाद हुई है। इसमें खोज-सह-चयन समिति ने दो दौर के साक्षात्कार के बाद कुमार के नाम की सिफारिश की थी। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने बुधवार को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी।



वर्ष 2025-26 में 2100 किलो टन हो गई मांग

बीते वित्त वर्ष में देश में तांबे की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में तांबे की मांग बीते वित्त वर्ष (2025-26) में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 2,100 किलो टन हो गई। बुनियादी ढांचा, वाहन और भवन एवं निर्माण क्षेत्रों में मजबूत मांग से इसमें वृद्धि हुई।

इंटरनेशनल कॉपर एसोसिएशन इंडिया (आईसीए इंडिया) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में देश में तांबे की मांग 1,878 किलो टन रही थी। आईसीए इंडिया के जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में तांबे की मांग 12 प्रतिशत बढ़ी, जो इस दौरान देश की 7.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से काफी अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में तांबे की मांग में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। मांग में वृद्धि की प्रमुख वजह बुनियादी ढांचा, वाहन और भवन एवं निर्माण क्षेत्र रहे। इन क्षेत्रों में बिजली के तार एवं केबल, ट्रांसफार्मर, मोटर, वाहन की वायरिंग और अन्य विद्युत एवं औद्योगिक शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में बुनियादी ढांचा क्षेत्र तांबे की अतिरिक्त मांग बढ़ाने वाला सबसे बड़ा कारक रहा। देश में तांबे की कुल मांग में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले इस क्षेत्र में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वाहन क्षेत्र में भी वित्त वर्ष 2024-25 की धीमी वृद्धि के बाद सुधार देखा गया। यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर की बिक्री बढ़ने से इस क्षेत्र में तांबे की मांग 14 प्रतिशत बढ़ी। देश में तांबे की कुल मांग में करीब एक-चौथाई हिस्सेदारी रखने वाले भवन एवं निर्माण क्षेत्र में मांग नौ प्रतिशत बढ़ी।



वाहन और भवन निर्माण क्षेत्र में मजबूत मांग बनी हुई

डेटा सेंटर की स्थापना अभी शुरुआती चरण में

आंकड़ों के अनुसार, देश में डेटा सेंटर की स्थापना अभी शुरुआती चरण में है और तांबे की कुल मांग में इसका योगदान एक प्रतिशत से भी कम रहा। आईसीए इंडिया के प्रबंध निदेशक मयूर करमारकर ने कहा, ''भारत की आर्थिक गतिविधियों में तेजी तांबे की बढ़ती मांग में दिखाई देती है। बुनियादी ढांचे, औद्योगीकरण और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव में निवेश को बढ़ावा देने वाली अनुकूल नीतियां तांबे की मांग में वृद्धि जारी रखने में मदद करेंगी।''

गूगल और मैकिंजे एंड कंपनी की एक नई रिपोर्ट में खुलासा

बीमा उत्पादों का 80 फीसदी हिस्सा ऑनलाइन से जुड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पाद खरीदने की प्रक्रिया का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा अब ऑनलाइन माध्यम से जुड़ा है और इंटरनेट पर जुटाई गई जानकारी का बीमा की 40 प्रतिशत बिक्री पर सीधा असर पड़ता है। गूगल और मैकिंजे एंड कंपनी की एक नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है। 'डिकोडिंग द डीआईसीए कंज्यूमर' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे ग्राहकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है जो इंटरनेट पर बीमा योजनाओं की जानकारी जुटाते हैं, विकल्पों की तुलना करते हैं और फिर अपनी पसंद की पुष्टि के लिए बीमा सलाहकार से संपर्क करते हैं। इन्हें 'डिजिटली इन्फ्लूएंस्ड, क्लोज्ड विद असिस्टेंस' (डीआईसीए) यानी ऑनलाइन जानकारी से प्रभावित होकर सलाहकार की मदद से बीमा खरीदने वाले ग्राहक कहा गया है।

ऑनलाइन से जुटाई गई जानकारी का 40 फीसदी बिक्री पर असर

सलाहकारों से बातचीत के बाद भी नेट पर खोज

रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसे ग्राहकों की संख्या केवल डिजिटल माध्यम से बीमा खरीदने वालों की तुलना में चार गुना है। आधे से अधिक ग्राहक सलाहकार से बातचीत करने के बाद भी बीमा कंपनियों की उसी सूची पर कायम रहते हैं, जिसे उन्होंने ऑनलाइन शोध के दौरान चुना था।



नेट ने अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई

गूगल इंडिया के निदेशक सिद्धार्थ शेखर ने कहा कि बीमा खरीदने में इंटरनेट और बीमा सलाहकार, दोनों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत से अधिक बीमा बिक्री पर ऑनलाइन जानकारी का असर पड़ता है।

महानगरों में लोग ऑनलाइन जानकारी जुटाते हैं

रिपोर्ट के अनुसार, छोटे और गैर-महानगरों में लोग बीमा पॉलिसी खरीदने से पहले ऑनलाइन जानकारी जुटाने में राष्ट्रीय औसत के मुकाबले करीब दोगुनी सक्रियता दिखाते हैं। उम्र और पेशे के लिहाज से, 25 से 35 वर्ष के वेतनभोगी लोग ऑनलाइन बीमा योजनाओं की जानकारी जुटाने वाला सबसे बड़ा समूह हैं। वे अलग-अलग कंपनियों की पॉलिसी की तुलना करते हैं और उनकी शर्तों को समझने के लिए ऑनलाइन उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल करते हैं।

18 प्रतिशत खोज लंबे सवालों वाले

बीमा से जुड़ी गूगल पर की जाने वाली खोज (सर्च) में 18 प्रतिशत लंबे और विस्तृत सवालों वाली हैं। ये छोटी खोज की तुलना में तेजी से बढ़ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 41 प्रतिशत उपयोगकर्ता बीमा योजनाओं की तुलना करने और अपनी जरूरत के मुताबिक बीमा सुरक्षा समझने के लिए गूगल के 'एआई ओवरव्यू' का इस्तेमाल करते हैं। वीडियो को 250 करोड़ से अधिक बार देखा गया। इनमें 15 प्रतिशत से अधिक बार वीडियो कनेक्टेड टीवी पर देखे गए।

भाजपा ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला

राहुल की लॉन्चिंग हो चुकी, अब प्रियंका बेटे रेहान को राजनीति में उतारने के नए मिशन पर काम कर रहीं, परिवार को चाहिए 'सत्ता'

बीकानेर हाउस में रेहान की फोटो प्रदर्शनी से तस्वीरें हटाने का मामला, कांग्रेस भड़की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के बीकानेर हाउस में प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से युवा आंदोलन और विरोध प्रदर्शनों की तस्वीरें हटाए जाने के विवाद पर भाजपा ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला है। गौरव भाटिया ने कांग्रेस नेतृत्व पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को लॉन्च करने के बाद अब प्रियंका बेटे रेहान वाड्रा को राजनीति में उतारने के नए मिशन पर काम कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा परिवार सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने प्रियंका के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बीकानेर हाउस की स्पष्ट नीति है कि वहां किसी भी प्रकार की राजनीतिक सामग्री या प्रोपेगेंडा प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है। नियमों का पालन करते हुए ही ऐसी तस्वीरों को हटाया गया है।

प्रियंका के आरोप फर्जी, वे कोई दूसरा रास्ता खोजें: प्रवक्ता प्रदीप भंडारी

बीकानेर हाउस में रेहान की प्रदर्शनी से कुछ तस्वीरें हटाए जाने को लेकर विवाद बढ़ गया है। भाजपा ने प्रियंका पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अपने बेटे को राजनीति में लांच करना चाहती है। उन्हें अपने बेटे को राजनीति में लाने के लिए कोई दूसरा रास्ता खोजना चाहिए। भंडारी ने प्रियंका के आरोपों को फर्जी बताते हुए कहा कि बीकानेर हाउस की नीति के अनुसार, प्रदर्शनियों में राजनीतिक सामग्री प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि नियमों के तहत ऐसी सामग्री तत्काल हटाई जानी चाहिए।



ये तस्वीरें विवादित नहीं: रॉबर्ट

वाड्रा ने यह भी कहा कि ये तस्वीरें विवादित नहीं हैं, बल्कि इनमें रेहान का नजरिया और उसकी रचनात्मकता झलकती है। जब वह खुद विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर मौजूद था, तब उसने ये तस्वीरें ली थीं। उन्हें इस बारे में पहले ही बता दिया गया था।



प्रियंका गांधी ने कहा

कल कोई दूसरा कलाकार होगा, सच के साथ खड़े रहो



प्रियंका गांधी ने इसे 'हास्यास्पद' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी युवाओं की आवाज दबा रहे हैं। उन्होंने कहा आज वह है, कल कोई दूसरा कलाकार होगा। जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे शायद इस बात का अहसास नहीं होता, लेकिन वह असल में उसी सत्ता को खो देता है जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा, तुम सच के साथ खड़े रहो और हर खूबसूरत चीज खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाएगी। मुझे तुम पर गर्व है।

बीकानेर हाउस सोसाइटी ने कहा

ये तस्वीरें उसकी नीति के अनुरूप नहीं थीं

बीकानेर हाउस सोसाइटी ने कहा कि उसने प्रदर्शनी से रेहान की कुछ तस्वीरें हटाने के लिए कहा था। सोसाइटी ने कहा कि यह एक सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है। इसका मकसद कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां होने वाली प्रदर्शनियों और उनसे जुड़ी गतिविधियों को बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति का पालन करना होता है। बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज फाइनल' के तहत लगाई गई कुछ तस्वीरें बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति के अनुरूप नहीं पाई गईं। इसलिए उन्हें हटाने के लिए कहा गया।



खबर संक्षेप

मनेंद्रगढ़ में पेड़ से टकराई बस, 6 की मौत

मनेंद्रगढ़। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर पहाड़हंसवाही के पास भीषण दुर्घटना में 6 यात्रियों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। मनेंद्रगढ़ से केल्हारी की ओर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। लोगों की चीख-पुकार मच गई। स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य आरंभ कर दिया।



7 रु. के टिकट में खुली 1 करोड़ की लॉटरी

चंडीगढ़। महंगाई और आर्थिक परेशानियों के बीच मजदूरी कर परिवार का गुजारा करने वाले कोटकपूरा के एक परिवार के लिए महज 7 रुपए की लॉटरी टिकट खुशियों की सौगात लेकर आई। सिक्किम सरकार की लॉटरी में परिवार की बिमला देवी के नाम से खरीदी गई टिकट पर एक करोड़ रुपए का इनाम निकला है। बिमला देवी ने रेलवे रोड टिकट खरीदा था।



चिन्मय अमृत महोत्सव का उद्घाटन आज

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नई दिल्ली में चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सभा को संबोधित भी करेंगे। 3 दिनी आयोजन चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे वार्षिक समारोहों का समापन है। पीएमओ ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत और विदेश से 9000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।



काकीनाडा में टक्कर में 4 श्रद्धालुओं की मौत

काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में ष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सड़क किनारे चाय पी रहे श्रद्धालुओं को एक एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे 4 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। विजयनगरम के डेंकाडा गांव के श्रद्धालु कनक दुर्गा मंदिर के दर्शन के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे। चालक ने सुबह करीब 5:40 बजे बस रोकी थी।



मीका और दलेर से खुद बात करेंगे सीएम धामी

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वह गायक दलेर मेहंदी और मीका सिंह से बात करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान धामी ने दलेर मेहंदी प्रकरण पर यह बात कही। कुंजापुरी मेले में गायक दलेर को मंच पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने फटकार लगाई थी। इसके बाद इस मामले को लेकर विरोध शुरू हो गया। सार्वजनिक रूप से आरोप लगाना ठीक नहीं है।



विदेशी न्यूज चैनल की जांच: 9 देशों में चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश

भाजपा ने पूछा- इस गद्दार का सरदार कौन? राहुल गैर-जिम्मेदार, मीर जाफर के समान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने एक बार फिर से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। भाजपा ने राहुल की मीर जाफर से तुलना की है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल देश के सामने विश्वासघात का एक मॉडल पेश कर रहे हैं। एक विदेशी न्यूज चैनल का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित चैनल की एक रिपोर्ट है, जिसमें बताया गया है कि किस तरह विश्वासघात के ये तार विदेशी एजेंसियों से जुड़े हुए हैं। इसलिए, यह पूछना गलत नहीं होगा कि 'इस गद्दार का सरदार कौन?' मैं यह बात बहुत गहरे दुख और पीड़ा के साथ कह रहा हूं। यह भारत का दुर्भाग्य है कि देश के विपक्ष के नेता गैर-जिम्मेदार और अपरिपक्व हैं और अगर मैं सबूत पेश करूं तो उन्हें देशद्रोही या मीर जाफर कहना गलत नहीं होगा। फॉक्स न्यूज डिजिटल की एक जांच से पता चलता है कि कैसे फ्रांस और कई अन्य देशों में, कुछ संगठनों ने 9 देशों में एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार किया है, जो चुनी हुई सरकारों को गिराने की कोशिश कर रहा है। यह 'विरोध का एक रेड-ग्रीन इकोसिस्टम' है।

भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने साधा निशाना और इसे देश का दुर्भाग्य भी बताया

'विरोध का एक रेड-ग्रीन इकोसिस्टम'

देश के सामने विश्वासघात का एक मॉडल पेश कर रहे



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया

फ्रांस के दंगों से प्रदर्शनों के तार जुड़े

भाटिया ने राहुल के विदेशी संगठनों के साथ कथित संबंधों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ये संगठन भारत में विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा दे रहे हैं और देश में अराजकता की एक बड़ी साजिश रच रहे हैं। इनमें प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल और इंडियन अलायंस पेरिस शामिल हैं। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व का अंतरराष्ट्रीय समूहों के साथ जुड़ाव, इन समूहों की गतिविधियों, फंडिंग और भारत में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के साथ उनके संभावित तालमेल पर सवाल खड़े करता है।

वे गद्दारी और अराजकता का मॉडल बना रहे

उनके ये बयान फॉक्स न्यूज डिजिटल की एक जांच के बाद आए हैं, जिसमें दावा किया गया है कि नौ देशों में 101 ऐसे संगठन हैं जो प्रदर्शनों को आयोजित करने, उनमें तालमेल बिठाने या उन्हें बढ़ावा देने में शामिल हैं। यह उस अराजकता, अव्यवस्था और गद्दारी का मॉडल है, जिसे राहुल देश के सामने पेश कर रहे हैं। प्रतिष्ठित चैनल में बताया गया है कि किस तरह गद्दारी के ये तार विदेशी एजेंसियों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह पूछा जाए कि इस गद्दार का कमांडर-इन-चीफ कौन है? इस गद्दार का नेता कौन है? तो यह गलत नहीं होगा।

फ्रांस का एक संगठन नैरेटिव गढ़ रहा

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस संगठन की गतिविधियां विदेशी समूहों द्वारा भारत के आंतरिक राजनीतिक मामलों से जुड़े नैरेटिव को प्रभावित करने की कोशिश की ओर इशारा करती हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि ये घटनाएं चुनी हुई सरकारों और संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने की एक सुनियोजित कोशिश का हिस्सा हैं। यह प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल संगठन खुद को एक अंतरराष्ट्रीय पूंजीवाद-विरोधी संगठन बताता है। ये सभी प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल से जुड़ी हुई हैं।

कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट का भी दिया हवाला

उन्होंने कांग्रेस के एक सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला देते हुए यह दावा किया, जहां भी कोई चुनी हुई सरकार होती है, ये उसे गिराना चाहते हैं। ये सुप्रीम कोर्ट और संसद जैसी संवैधानिक संस्थाओं के साथ-साथ ऐतिहासिक इमारतों को भी नष्ट करना चाहते हैं। फ्रांस, अल्बानिया, स्पेन और दिल्ली के विरोध-प्रदर्शन ये सब आपस में जुड़े हुए हैं।

कांग्रेस बताए- प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के साथ हुई बैठक में क्या चर्चा हुई

गौरव भाटिया ने मांग की कि राहुल और कांग्रेस यह बताएं कि प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के साथ हुई बैठक में क्या चर्चा हुई, क्या कोई समझौता हुआ है और इन संगठनों को मिलने वाली फंडिंग के स्रोतों के बारे में बताएं। भाटिया ने ब्रिटिश सांसद जेरेमी कॉर्बिन और अमेरिकी कांग्रेसवुमन इल्हान उमर के साथ राहुल की मुलाकातों की भी आलोचना की।

रिजीम चेंज एजेंडा में काम कर रहे राहुल

दुमका। भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने दुमका में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। दुबे ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जो एआई, क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन और से जुड़े हैं, वे कई देशों में चुनी हुई सरकारों को प्रभावित करने और राजनीतिक एजेंडा चलाने की कोशिश कर रहे।



बिरला ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव आने पर नियम-प्रक्रियाओं के तहत होगा फैसला



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर के नाम पर 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के आरोप में विपक्ष के निशाने पर बने हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो टूक अंदाज में कहा कि अगर विपक्ष सीईसी को उनके पद से हटाने के लिए महाभियोग का पुनः कोई नया प्रस्ताव लाएगा तो उस पर संसदीय नियम-प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जाएगा। लोकतंत्र में सभी को अपने विचार रखने का अधिकार होता है। बिरल ने 26-27 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स संसदीय मंच के पूर्व में संसद भवन में प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है।

दो बार नाकाम हुआ विपक्ष

पूर्व में विपक्षी दलों द्वारा 2 बार कुमार को पद से हटाने की कोशिश की जा चुकी है। जिसमें उनके पहले प्रयास के दौरान दिए गए नोटिस को लोकसभा और राज्यसभा द्वारा खारिज कर दिया गया था। दूसरे में सौंपा गया प्रस्ताव अभी भी राज्यसभा में लंबित है। संविधान और सीईसी तथा अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों की बात करें तो सीईसी को सिर्फ और सिर्फ संसद के द्वारा हटाया जा सकता है। यह प्रक्रिया ठीक वैसी ही होगी जैसी सर्वोच्च न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश को पद से हटाने के लिए अपनाई जाती है। सीईसी व अन्य आयुक्तों से जुड़े अपॉइंटमेंट उक्त सभी में से कोई कभी भी अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।

विशेष सत्र की संभावना बरकरार

परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयकों पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के मुद्दे पर बिरला ने कहा कि इस विषय को संभावना के नजरिए से देखना चाहिए। लेकिन कोई भी निर्णय तभी लिया जाएगा। जब इसे लेकर विपक्ष का कोई प्रस्ताव आएगा।

लोकतंत्र में असहमति का स्वागत है

भारत समेत दुनियाभर में चल रहे युवाओं के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मामले पर बिरला ने कहा कि भारत में लोकतंत्र हमारी जीवंत प्रक्रिया का हिस्सा है। मैं यहां स्पष्ट करना चाहता हूं कि देश में विचारों को प्रकट करने के लिए विरोध, प्रदर्शनों के अलावा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौजूद है। विपक्ष के विरोध को उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती बताते हुए कहा कि देश में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।

यूं तय होगा टीएमसी के बागियों का भविष्य

उन्होंने कहा कि टीएमसी के 20 बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सांसदों की प्रतिक्रियाएं मिलने के बाद निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे। हम दोनों पक्षों को सुनेंगे और सभी सांसदों की प्रतिक्रिया मिलने के बाद हम प्रक्रिया में तेजी लाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने जल्द निर्णय लेने की उम्मीद जताई है।

एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में चौहान

देश का किसान अब 'अन्नदाता और ऊर्जादाता भी' बनने जा रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश का किसान अब केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा को अपनाकर वास्तविक अर्थों में 'अन्नदाता भी और ऊर्जादाता भी' बनने जा रहा है। भारत मंडपम में 3दिवसीय '7वें एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस' के उद्घाटन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि खेती और सौर ऊर्जा का संगम विश्व कल्याण और किसानों की आर्थिक समृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि एग्रीवोल्टाइक नीति ऐसी बननी चाहिए जो देश के 85 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसानों के खेतों पर व्यावहारिक रूप से खरी उतरे। एग्रीवोल्टाइक तकनीक से एक ही जमीन पर ऊपर सौर पैनल से बिजली पैदा होगी और नीचे फसल लहलहाएगी।



काशी तमिल संगमम का पोर्टल लॉन्च

28 नवंबर से 12 दिसंबर तक 1,000 संस्थानों में होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

काशी और तमिलनाडु के सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए काशी तमिल संगमम का पांचवां संस्करण आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसके लिए पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम देश के 1,000 उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेंगे। इसका आयोजन 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा। इसके तहत भाषाई विविधता और ज्ञान परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। इस बार आयोजन की मुख्य विषयवस्तु 'तिरुक्कुरल पढ़ें और समझें' रखी गई है। इसका उद्देश्य तमिल भाषा के प्राचीन ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' में समाहित नैतिक और जीवन मूल्यों को देश के युवाओं और विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। इसके लिए शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न भाषाओं में अध्ययन सामग्री और जनभागीदारी का सहारा लिया जाएगा।





रायपुर के लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में राष्ट्रपति मुर्मु, राज्यपाल रमेन डेका, सीएम विष्णुदेव साय और अन्य गणमान्य लोग

राष्ट्रपति ने जारी किया 200 रु. का स्मारक सिक्का

माता हासी का नाम है अंकित

एजेंसी ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को रायपुर के छत्तीसगढ़ मंडपम में माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। शदाणी दरबार रायपुर की पांचवीं पीठाधीश माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया गया है। सिंधी विभूति के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी होना समाज के लिए ऐतिहासिक मौका है। राष्ट्रपति 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आयेंगी। वे 23 अक्टूबर को जगदलपुर के सिरहासार भवन में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार को संबोधित करेंगी। बस्तरिया आदिवासियों से उनकी फरियाद सुनेंगी।

गृहमंत्री शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल पर किया हमला

भाजपा लगातार चुनाव जीत रही तो कांग्रेस ने 'वोट चोरी' का बहाना लिया

दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर विपक्ष को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार को छिपाने के लिए इन मुद्दों का इस्तेमाल कर रही है। दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने पंजाब में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के कामकाज पर भी सवाल उठाए। शाह ने कहा, भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है और विपक्ष इससे परेशान है। इसीलिए वे 'वोट चोरी' का बहाना बना रहे हैं। राहुल जी, आप 'वोट चोरी' की बात इसलिए करते हैं क्योंकि आप घुसपैठियों के वोटों को बचाना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भी भाजपा कई राज्यों में चुनाव जीत रही थी।



मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती

शाह ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि भाजपा 30 साल तक सत्ता में रहेगी, तो वे हम पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हैं। वे पूछते हैं कि अमित शाह को चुनाव के नतीजे पहले से कैसे पता होते हैं? शाह यहीं पैदा हुए हैं, यहीं रहते हैं और यहीं मरेंगे। मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती। मैं इस देश के लोगों के बीच रहता हूं।

राहुल जी दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

शाह ने कहा कि जब अदालती फैसले आपके पक्ष में आते हैं, तो आप उन्हें निष्पक्ष बताते हैं, लेकिन जब वे आपके खिलाफ जाते हैं, तो आप उन पर सवाल उठाते हैं। राहुल जी, यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। सियासी पैंतरों और भीड़ से जनादेश को नहीं बदल सकते।

यमुना की सफाई के लिए 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह ने यमुना नदी को साफ करने 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। शाह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना में प्रवाहित होने वाले सीवर के पानी की मात्रा को कम किया है।

पंजाब में इस बार बनने जा रही एनडीए की सरकार

शाह ने शिरोमणि अकाली दल के साथ भाजपा के गठबंधन को औपचारिक रूप देने का संकेत दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि इस बार पंजाब में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने वाली है। दिल्ली में डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लॉन्च पर शाह ने यह बात कही।

संसद करेगी ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन

9 सदस्य देश होंगे शामिल, 10 आमंत्रित देश भी करेंगे शिरकत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार से भारत की संसद की मेजबानी में 2 दिनी 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समूह के सभी 11 सदस्य देशों में से 9 की भागीदारी देखने को मिलेगी जबकि 10 आमंत्रित देश भी शामिल होंगे। यह जानकारी संसद भवन में प्रेस वार्ता में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दी है। उन्होंने बताया कि 26 से 27 अक्टूबर तक संसद परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होने वाले इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति रहेगी और वे आगंतुक शिष्टमंडलों के नेताओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। सम्मेलन में ब्रिक्स के सदस्य देशों, भागीदार देशों के पीठासीन अधिकारी, संसद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, संसदीय नेता, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उप-सभापति , राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, संसद सदस्य और अतिथि शिरकत करेंगे।



नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में मोदी ने कहा कि ईयू के साथ व्यापार समझौते ने इन अवसरों को और व्यापक बना दिया है

पीएम मोदी से मिले पोलैंड के पीएम टस्क

द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर तक व्यापार बढ़ाने का लक्ष्य, कई क्षेत्रों में करेंगे 'सहयोग'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों की समीक्षा की और व्यापार, रक्षा, तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की।

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत-पोलैंड साझेदारी के लिए नए अवसर बढ़े हैं।

- रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग आगे बढ़ाएंगे
- पोलैंड की कंपनियां उत्पादन और विकास में मदद करेंगी


पोलैंड पीएम डोनाल्ड टस्क और पीएम मोदी

दोनों देशों के बीच मानवता आधारित मित्रता

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड की मित्रता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता और संवेदना की साझी विरासत पर आधारित है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जामनगर और कोल्हापुर के राज परिवारों ने पोलैंड के हजारों बच्चों और परिवारों को भारत में आश्रय दिया था।

रणनीतिक साझेदारी को मिली नई गति

पीएम मोदी ने डोनाल्ड टस्क का स्वागत करते हुए 2024 में अपनी पोलैंड यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। इसके बाद पिछले दो वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिली है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत पोलैंड की कंपनियों को कई क्षेत्रों में सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि उन्नत प्रौद्योगिकियों और रणनीतिक क्षेत्रों में साझेदारी दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आ सकती है।

पीएम मोदी को दोस्त कहने पर गर्व: टस्क

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त कहने पर गर्व है। भारत और पोलैंड के बीच हितों का कोई टकराव नहीं है। हम अपनी दोस्ती को भरोसे, साझा मूल्यों और अहिंसा के विचार पर गढ़ रहे हैं।



राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी से मुलाकात से पहले डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार सुबह राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राष्ट्रपिता की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को गहरा करेंगे

संयुक्त प्रेस वार्ता से पहले मोदी और टस्क ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इसमें भारत-पोलैंड संबंधों की समीक्षा की गई और व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में और और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितताओं और बदलावों के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में भी भारत और पोलैंड दोनों विकास, प्रौद्योगिकी और नवाचार के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं।

खबर संक्षेप

ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 100वें स्थान पर

नई दिल्ली। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के तहत 122 देशों का सर्वे किया गया, जिसमें भारत 100वें और



पाकिस्तान 106वें स्थान पर रहा। यह इंडेक्स हर छह साल में एक बार जारी किया जाता है। इस इंडेक्स को जर्मन सहायता एजेंसी 'वेल्थहंगरहिल्फे' और आयरिश संगठन 'कंसर्न वर्ल्डवाइड' ने मिलकर जारी किया है। इसमें 'इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल लॉ ऑफ पीस एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट' और स्विस संगठन 'हेल्वेटास' जैसी सहयोगी संस्थाएं भी शामिल हैं। भारत 100वें स्थान पर है, जहाँ 9.8 प्रतिशत आबादी कुपोषित है।

आज अजरबैजान की यात्रा पर रहेंगे विदेश मंत्री

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शुक्रवार (23 अक्टूबर) को अजरबैजान के एक दिवसीय



आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनकी अपने समकक्ष और अजरबैजान के विदेश मंत्री के साथ एक अहम द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों पक्ष भारत, अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। मालूम हो कि पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के बाद की जा रही विदेश मंत्री जयशंकर की अजरबैजान की यह एक अहम यात्रा है।

सऊदी अरब के एयरपोर्ट और तेल ठिकाने पर हूती विद्रोहियों का बड़ा हमला

1 भारतीय समेत 3 की मौत, 10 घायल, विदेश मंत्रालय बोला- हमें निशाना बनाना अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई है और 370 घायल हुए हैं

सऊदी अरब में बुधवार देर रात एक एयरपोर्ट और एक तेल ठिकाने पर हुए हमलों में एक भारतीय समेत 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं 10 लोग घायल हुए हैं। इसमें 3 भारतीय भी हैं। दम्माम शहर के किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हमले में एक भारतीय की मौत हुई। वहीं दो भारतीयों समेत 8 लोग घायल हुए। वहीं, अरामको के शैबा तेल ठिकाने पर ड्रोन हमले में नेपाल और फिलीपींस के एक-एक नागरिक की जान गई। यहां एक भारतीय समेत 2 लोग घायल हुए।

सऊदी अरब के दमाम एयरपोर्ट पर हमले के बाद आसमान में धुएं का गुबार उठता नजर आया। सऊदी अरब के सिविल एविएशन अथॉरिटी ने गुरुवार को एयरपोर्ट पर हमले की जानकारी दी। इसमें एयरपोर्ट को भी नुकसान पहुंचा है। दम्माम, फारस की खाड़ी के तट पर स्थित है। यह बहरीन और कतर के करीब है। दुनियाभर की उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा है। इसके अलावा सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बताया कि उसने देश के पूर्वी इलाके में चार ड्रोन हमलों को नाकाम किया है। इस महीने हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब पर 6 बड़े हमले किए हैं।

- हमले के बाद विमानों को दूसरे रास्तों से भेजा जा रहा
- सऊदी अरब ने पूर्वी इलाके में 4 ड्रोन हमलों को रोका


सऊदी के दम्माम एयरपोर्ट पर हूती विद्रोहियों का हमला

अमेरिका ने कर्मचारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया

अमेरिका ने सऊदी अरब में मौजूद अपने सरकारी कर्मचारियों (जो आपातकालीन सेवाओं से नहीं जुड़े हैं) और उनके परिवार के सदस्यों को वहां से वापस लौटने का आदेश दिया है। यह कदम नागरिक हवाई अड्डों और अन्य बुनियादी ढांचे पर हूती विद्रोहियों के बढ़ते हमलों को देखते हुए उठाया गया है। इसके साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि ये हमले और फैल सकते हैं। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने इस आदेश की पुष्टि की है।

◆सऊदी से लौटे 13 हजार भारतीय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पिछले सप्ताह उमरा के लिए सऊदी गए 3 हजार तीर्थयात्रियों ने खाड़ी देश में मौजूद हवाई उड़ानों की मदद से सुरक्षित ढंग से देश वापसी की है। इसके पहले में 10 हजार लोग भारत लौट चुके हैं। बचे हुए यात्रियों की जल्द वतन वापसी की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। रियाद, जेद्दा में मौजूद भारत के दूतावास विमानन कंपनियों के संपर्क में हैं।

प्रभावितों के प्रति जताई संवेदनाएं, मदद का भरोसा

विदेश मंत्रालय ने की कड़ी निंदा

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम 21 अक्तूबर को सऊदी अरब में नागरिक और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए लगातार हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। इन हमलों में नागरिकों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। भारत ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने कहा कि रियाद स्थित भारतीय दूतावास सऊदी अधिकारियों के संपर्क में है और प्रभावित भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। मंत्रालय ने दोहराया कि नागरिकों और अहम बुनियादी ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं और इन्हें तुरंत बंद होना चाहिए। हम सऊदी अरब की संप्रभुता की रक्षा करने में वहां के लोगों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। हमें उम्मीद है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल होगी।

दूतावास से बनाया विशेष कंट्रोल रूम

सऊदी अरब में भारत के दूतावासों ने 24 घंटे काम करने वाले कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। जिसमें रियाद के लिए मोबाइल नंबर +966-554412016, +966-542126784 (व्हाट्सएप संदेश के लिए +966-542126784) और जेद्दा के लिए मोबाइल नंबर +966-12-2614093, +966-556122301 (व्हाट्सएप नंबर-+966-536209704) शामिल हैं। भारतीय दूतावास ने अपील की है कि वो अत्यधिक सतर्कता बनाए रखें और स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे सभी दिशानिर्देशों पर न केवल नजर बनाए रखें। बल्कि उनका सख्ती से पालन करें। हर हाल में अपने घरों के अंदर ही रहें।

होर्मुज स्ट्रेट में टली बड़ी घटना

21 भारतीय नाविकों वाले तेल टैंकर पर हमला, सभी सुरक्षित


तेल टैंकर एम/टी अल दसमा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे एक तेल टैंकर पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ है। इस टैंकर पर 21 भारतीय नाविक सवार थे। हालांकि, राहत की बात है कि सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस बारे में जानकारी दी है। यह घटना स्थानीय समय के अनुसार बुधवार को हुई।

कुवैत के झंडे वाला तेल टैंकर एम/टी अल दसमा जब होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि 21 अक्टूबर को कुवैत के झंडे वाले तेल टैंकर एम/टी अल दसमा पर, जिसमें 21 भारतीय नाविक थे, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। हमारे सभी 21 भारतीय चालक दल के सदस्य बाकी क्रू के साथ पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

हमले के बाद टैंकर में लगी आग

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इस हमले को ट्रैक किया। उनके अनुसार हमला ओमान के खुखा से 11 नॉटिकल मील पश्चिम में हुआ। हमले के बाद जहाज पर आग लग गई थी, जिसे बाद में बुझा दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैंकर अभी भी वहीं रुका हुआ है और सभी चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। यह हमला खाड़ी क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों से जुड़ी घटनाओं की श्रृंखला के बीच हुआ है। इससे पहले 16 अक्टूबर को भी होर्मुज स्ट्रेट में ही कच्चे तेल के टैंकर एमटी एसटी 3 पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ था। उस टैंकर पर 15 भारतीय नाविक सवार थे। उस घटना में भी सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित थे और किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी। भारत ने वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों की कई बार निंदा की है।

14 भारतीय को ले जा रहे जहाज पर हमला

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि सऊदी अरब ने 14 भारतीय नागरिकों को ले जा रहे एक जहाज पर हमला किया। यह अटैक लाल सागर में जुकर द्वीप के पास हुआ। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि यमन की सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी भारतीयों को सुरक्षित बचा लिया। हूती विद्रोहियों ने इस कार्रवाई को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इससे लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही को खतरा हो सकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सऊदी अरब की ऐसी कार्रवाइयों को रोकने की अपील की। सऊदी अरब की ओर से इस आरोप पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, यमन के रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाकों में उनके समर्थन में आयोजित रैलियों को वैध सैन्य निशाना माना जा सकता है।

सेंट पीटर्सबर्ग में चली 3 घंटे तक बातचीत

यूएस और यूक्रेन के साथ त्रिपक्षीय शांति वार्ता को तैयार हुआ क्रेमलिन

एजेंसी ⏭ मास्को

मास्को पहुंचे अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सेंट पीटर्सबर्ग में तीन घंटे लंबी बातचीत हुई। क्रेमलिन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि रूस ने त्रिपक्षीय शांति वार्ता के लिए सहमति जता दी है और इसका आयोजन नवंबर के शुरुआत में हो सकता है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बैठक लगभग तीन घंटे तक चली, जो काफी विस्तृत और स्पष्ट थी। पुतिन और विटकॉफ ने रूस, अमेरिका और यूक्रेन के बीच बातचीत फिर से शुरू करने के विकल्पों पर चर्चा की।


स्टीव विटकॉफ और व्लादिमीर पुतिन

पुतिन और विटकॉफ के बीच यह नौवीं बैठक

उशाकोव ने आगे बताया कि रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिकी दूत को सूचित किया कि मास्को नवंबर की शुरुआत में त्रिपक्षीय बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन और विटकॉफ के बीच यह नौवीं बैठक थी, जो रूस और अमेरिका के राष्ट्रपतियों के बीच होने वाली नियमित फोन बातचीत के अलावा एक उपयोगी कदम है। यह एक पूर्व-नियोजित बैठक थी, जिस पर कई दिन पहले ही सहमति बन गई थी। अमेरिकी वार्ताकार जेरेड कुशनर बीमारी के कारण वीडियो लिंक के जरिए जुड़े। **जेलेंस्की को बंद कमरे में फटकार लगाई:** नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में मंगलवार को बंद कमरे में बैठक हुई थी। इस दौरान ट्रंप के प्रतिनिधियों स्टीव विटकॉफ (मिडिल ईस्ट में विशेष दूत) और जेरेड कुशनर (ट्रंप के दामाद) ने जेलेंस्की को फटकार लगाई। दोनों ने जब जेलेंस्की से कहा कि ट्रंप के खिलाफ उनके बयानों ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नाराज कर दिया है।

कई सॉफ्टवेयर में मिलीं गंभीर खामियां

24 घंटों में हुए बहुत से साइबर अटैक, दुनिया में मचा हड़कंप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंटरनेट की दुनिया में पिछले 24 घंटे काफी हलचल भरे रहे हैं। वेबसाइट चलाने वाले सॉफ्टवेयर से लेकर डिजिटल सर्टिफिकेट, एआई टूल और क्लाउड प्लेटफॉर्म तक, कई अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा से जुड़ी गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। कहीं ऐसी खामियां मिलीं जिनसे हमलावर किसी सर्वर पर अपना कोड चला सकते थे, तो कहीं सॉफ्टवेयर के अपडेट में ही खतरनाक कोड डाल दिया गया। भारत की कंपनी ईमुधरा से जुड़े



डिजिटल सर्टिफिकेट का मामला भी इसी दौरान ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी की बड़ी चर्चा बन गया। अच्छी बात ये है कि अब तक कोई बड़े नुकसान की खबर नहीं है। हाल ही में एआई लीडर्स ने वॉर्न किया था कि एआई के पावरफुल मॉडल्स दुनिया भर के सॉफ्टवेयर्स में खामी इंसानों के मुकाबले काफी तेजी से ढूंढ सकते हैं।

ब्रह्मोस से बढ़ेगी भारत की सैन्य ताकत

2028 तक आएगी नई पीढ़ी की मिसाइल, कई देश खरीदना चाह रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्रह्मोस अब सिर्फ एक मिसाइल नहीं है। यह आत्मविश्वास से भरे और आत्मनिर्भर नए भारत की ताकत, सटीक निशाना लगाने की क्षमता और गर्व का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहली बार असली जंग में इस हथियार प्रणाली का इस्तेमाल किया। इसके जरिये भारतीय सशस्त्र बलों ने इस हथियार प्रणाली की ताकत दिखाई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. जयतीर्थ जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस के विकास और परीक्षण के लिए जरूरी विशेष तकनीकों पर काम करने के वास्ते 'टेक-ब्रिक्स' स्थापित करके अपने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कार्य में भी तेजी लाना चाहते हैं।


डॉ. जयतीर्थ जोशी

ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे

डॉ. जोशी ने बताया कि आज ब्रह्मोस भारत की सैन्य निर्यात रणनीति में सबसे आगे है। यह एक प्रमुख उत्पाद है। सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने धीरे-धीरे अपने निर्यात का दायरा बढ़ाया है। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी बेहतरीन क्षमताएं साबित करने और युद्ध में परखी हुई प्रणाली बनने के बाद इसका निर्यात दायरा खास तौर पर बढ़ा है। फिलीपींस के साथ पहले निर्यात सौदे के बाद इस साल दक्षिण-पूर्व एशिया के दो और देशों के साथ समझौते किए गए हैं। आज ब्रह्मोस अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत स्थिति में है। कंपनी भविष्य में अपने निर्यात की पहुंच को और बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। डॉ. जोशी ने बताया कि भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 38,400 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इसमें सालाना 62.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम से चिंतित अमेरिका अब नए हमले की तैयारी में

इजराइल में 27 अक्टूबर को चुनाव

ट्रंप बोले- कोई बातचीत नहीं हो रही, तेहरान के साथ चुनाव बाद जल्द कुछ होने वाला है

एजेंसी ⏭ तेहरान/ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अमेरिका, ईरान के साथ बातचीत नहीं कर रहा है। इसके साथ ही बहुत जल्द ही कुछ होने वाला है। मीडिया से चर्चा में ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं। लेकिन किसी न किसी तरह से कुछ न कुछ जरूर होगा। यह बहुत जल्द होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को उम्मीद है कि अगले महीने अमेरिकी चुनाव के बाद कुछ घटनाक्रम देखने को मिल सकते हैं। हमले का कारण ईरान के बढ़ते यूरेनियम संवर्धन और परमाणु गतिविधियों को लेकर बातचीत विफल होना है। ईरान तेजी से परमाणु बम कार्यक्रम को पूरा करने में जुटा है जिसे लेकर अमेरिका चिंतित है। वहीं, इजराइल में 26वीं नेसेट (संसद) के लिए आम चुनाव 27 अक्टूबर 2026 को होने जा रहे हैं।

- चुनाव परिणाम 4 नवंबर को घोषित
- 3 नंबर को ईरान पर हमले की आशंका


डोनाल्ड ट्रंप, मुजतबा ख़ामेनेई फाइल फोटो

ईरान का दावा होर्मुज में सात तेल टैंकरों पर किया गया हमला

वहीं, ईरान ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में रात के दौरान सात तेल टैंकरों में आग लग गई या उन्हें नुकसान पहुंचा है। ईरान के मुताबिक, जहाजों पर हमला किया गया या वे समुद्री बारूदी सुरंगों से टकराए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की नौसेना के हवाले से जहाजों पर हमले की जानकारी दी। हालांकि, इसमें किसी के मारे जाने या घायल होने की जानकारी नहीं दी गई। ब्रिटेन की समुद्री निगरानी संस्था यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इन हमलों की सूचना नहीं दी। हाल के दिनों में निगरानी करने वालों ने कहा है कि कुछ जहाज संचालक घटनाओं की जानकारी देने से हिचक रहे हैं।

'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' से करेंगे हमला: ईरान

ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर कोई नई सैन्य कार्रवाई होती है, तो वह उसका जवाब देगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता हुसैन मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिका के पास 'मदर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों की मां) है। हम उन्हें 'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों का पिता) दिखाएंगे, और यह निश्चित रूप से उनके लिए कुछ नया होगा।' हालांकि, तेहरान ने इस हथियार के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है और न ही यह स्पष्ट किया है कि इस धमकी का असल मतलब क्या है।

पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से की फोन पर बात

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की है। नेतन्याहू ने पोस्ट में कहा कि मैंने अपने मित्र, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें इजराइल के स्वतंत्रता दिवस पर वीर भारतीय पायलट स्मित मछर के साथ मशाल प्रज्वलित करने के लिए आमंत्रित किया। मोदी ने निमंत्रण के लिए मुझे धन्यवाद दिया और कहा कि जमीन पर और हवा में, भारत और इजराइल आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ रहे हैं। उन्होंने हमारे बीच के मजबूत और वर्षों पुराने संबंधों की भी सराहना की।

अमेरिका और इजराइल ने तैयारी तेज की

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे, परमाणु सुविधाओं, और मिसाइल व ड्रोन जखीरे को निशाना बनाने के लिए एक छोटे लेकिन तीव्र अभियान की विशेष योजनाएं तैयार की हैं। दोनों सेनाओं ने अपना अभ्यास तेज कर दिया है।

यूपी के सहारनपुर की घटना

पीएनबी की करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ के नकली नोट, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ सहारनपुर

यूपी के सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक की करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपए के नकली नोट मिलने के मामले में एनआईए ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय कुमार और हरीश रौंटा के रूप में हुई है।

एनआईए के मुताबिक, दोनों इस साजिश के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। इन पर बड़ी मात्रा में नकली भारतीय करेंसी छापने और उसकी सप्लाई करने का आरोप है। जांच एजेंसी के मुताबिक, अजय कुमार को 16 अक्टूबर को हरियाणा के अंबाला से गिरफ्तार किया गया, जबकि हरीश रौंटा को 22 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश के मनाली से पकड़ा गया। आरोप है कि इनके द्वारा छापे और सप्लाई किए गए नकली नोट अलग-अलग आरोपियों के जरिए सहारनपुर स्थित पीएनबी की करेंसी चेस्ट तक पहुंचाए गए थे।



जांच करती एनआईए की टीम

पेज 1 का शेष

बीना में पेट्रोकेमिकल ...

हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स जैसी कंपनियों से बीना के आसपास पॉलिमर प्रसंस्करण और वितरण की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया। डॉ. यादव ने गुरुवार को मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में हो रहे तीन दिवसीय 'इंडिया केम 2026' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस वर्ष इंडिया केम-2026 की थीम 'एडवांटेज भारत - एन इमर्जिंग ग्लोबल केमिकल्स हब' रखी गई है। यह आयोजन 24 अक्टूबर तक चलेगा। मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल इस बार स्टेट पार्टनर्स के रूप में इंडिया केम से जुड़े हैं। उन्होंने देश-विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों को वर्ष 2027 में होने वाली 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया।

पौने तीन वर्ष में ....

कंपनियों से मध्यप्रदेश को केवल बाजार नहीं, विनिर्माण के लिए भी चुनने का आग्रह किया। दीपक नाइट्राइट और आरती इंडस्ट्रीज से उन्होंने विशिष्ट रसायन के क्षेत्र में नई इकाइयां और इनके विस्तार पर भी खुलकर विचार करने को कहा। केमेक्सिल और निर्यातकों के साथ विशेष संवाद की मंशा जताई। वैश्विक कंपनियों में बीएएसएफ, डाऊ, आर्केमा, लैनक्सेस और मित्सुबिशी केमिकल से उन्होंने 'फ्यूचर ग्रोथ केके 1 स्ट्रेटेजी' अंतर्गत मध्यप्रदेश की संभावनाओं पर गहनता से आंकलन करने का आग्रह किया।

मोदी के नेतृत्व में...

पेट्रोकेमिकल और ऑर्गेनिक उत्पाद निर्यात कर रहा है और पिछले 12 वर्षों में केमिकल व पेट्रोकेमिकल उत्पादन करीब 25 प्रतिशत बढ़ा है।

परिजन बोले ...

के इकलौते बेटे थे, जबकि विवेक का एक भाई है। बुधवार को तीनों बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया। शवों की स्थिति के आधार पर ग्रामीणों ने हत्या की साजिश और नरबलि की आशंका जताई है। विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने बताया कि डॉक्टरों की शुरुआती जांच में बाहरी हस्तक्षेप की आशंका कम लग रही है। फिर भी संदेह दूर करने के लिए संबंधित अंगों, हड्डियों और अन्य जरूरी नमूनों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने पुलिस को नमूने जल्द प्रयोगशालाओं में भेजने के निर्देश दिए हैं।

ट्रॉले ने बाइक सवार ...

के बाद बाइक और बच्चे करीब 10 मीटर तक घिसटते चले गए। हादसा इतना भीषण था कि तीनों के शव क्षत-विक्षत हो गए और स्कूल बैग, किताबें व जूते सड़क पर बिखर गए। थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि ट्रॉले को जब्त कर लिया गया है। परिजन का कहना है कि सुबह रॉयल टाउन कॉलोनी के करीब 500 परिवारों ने महू-नीमच हाईवे पर चक्काजाम किया था, जिसके कारण स्कूल बस नहीं आई। इसी वजह से बच्चे बाइक से लौट रहे थे।

कहा-धृतराष्ट्र-दुर्योधन ...

करते थे। शाक्य ने कहा कि आज देश को दिखावे वाले भक्तों की जरूरत नहीं है, बल्कि ऐसे लोगों की जरूरत है जो खुलकर अपनी बात कह सकें। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक यात्रा है। उनके मुताबिक दिग्विजय सिंह अपने अनुचर को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाना चाहते हैं और यात्रा का मकसद यही है। अनुचर के बारे में पूछने पर उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया और कहा कि जो भी उनका अनुचर होगा, उसी के लिए यह सब किया जा रहा है। यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह को पहनाए गए पटके का जिक्र करते हुए विधायक ने कहा कि उन्होंने उसे पहनने के बजाय उतारकर दूसरे को दे दिया। शाक्य ने कहा कि यदि पटके से इतनी ही आपत्ति थी तो यात्रा महाकाल के बजाय जावरा या अजमेर से शुरू करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि एक तरफ महाकाल के सामने सिर झुकाया जा रहा है और अयोध्या जाने की बात हो रही है, दूसरी तरफ तरह-तरह के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में यात्रा पर जाने का औचित्य क्या है।

युवा स्वयंसेवकों से ...

कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठनात्मक कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा करेंगे। दूसरे दिन 25 अक्टूबर को वे महाकौशल प्रांत के महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों के शिविर में सहभागी होंगे। इस अवसर पर डॉ. भागवत युवा स्वयंसेवकों से संवाद करेंगे।

अंतिम दिन 26 अक्टूबर को डॉ. भागवत महाकौशल प्रांत की कार्यकारिणी एवं विभाग टोली के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में संघ के संगठनात्मक कार्यों, गतिविधियों एवं विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा होगी तथा आगामी कार्यों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यह तीन दिवसीय प्रवास स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद, विचार-विमर्श और संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा।

दो दिन में आए 75 लाख ...

1.54 गुना भर गई। जियो आईपीओ के पहले दिन कुल सब्सक्रिप्शन 3.16 गुना था, जो दूसरे दिन बढ़कर 5.57 गुना पहुंच गया। गैर-एंकर निवेशकों के लिए उपलब्ध 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले 110 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां आईं। इन बोलियों की कुल रकम करीब 1.23 लाख करोड़ रही। इससे पहले एंकर निवेशकों से भी करीब 2.50 लाख करोड़ की बोलियां मिली थीं। इस तरह एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियां करीब 3.73 लाख करोड़ पहुंच गई हैं। जियो आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी 5.97 गुना सब्सक्राइब हुई। रिलायंस के कर्मचारियों का कोटा 2.10 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 4.05 गुना भर गया। इस तरह आईपीओ की सभी प्रमुख कैटेगरी पूरी तरह सब्सक्राइब हो चुकी हैं।

आवेदन के लिए ...

गुना पहुंच गए। जियो आईपीओ में निवेश के लिए अब सिर्फ एक दिन बाकी है। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को आवेदन की अंतिम तारीख है। आईपीओ कई गुना सब्सक्राइब होने के बावजूद निवेशकों के लिए आवेदन का मौका अभी खुला है। जो पात्र निवेशक अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे शुक्रवार तक आवेदन कर सकते हैं।

बिजली तारों की चपेट ...

के साथ 50 से अधिक लोग चल रहे थे। जुलूस जब सिविल लाइन के पास पहुंचा, तब रास्ते में झूल रहे बिजली के तार को ऊपर उठाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान तार के हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से करंट फैल गया। इसके बाद तार टूटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गिर गया और उसकी चपेट में आए लोग बुरी तरह झुलस गए। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार 22 वर्षीय विकास राजपूत और 23 वर्षीय प्रिंस चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे युवक ने सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, मयंक राजपूत, विक्की रैकवार, मनीष राजपूत और आयुष रैकवार सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को पहले मझौली स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग ...

करते हुए कहा कि वह इस खास पल को सभी के साथ साझा करके बेहद आभारी हैं। सोनिया गांधी ने कहा कि यह प्रेम, कर्तव्य और अपनेपन की जगह तलाशने की कहानी है। इस किताब में उनके व्यक्तिगत अनुभवों, रिश्तों और जीवन यात्रा के विभिन्न पहलुओं की झलक मिलने की उम्मीद है। राहुल गांधी ने लिखा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि उनकी मां की कहानी पाठकों तक पहुंचेगी।

बिना बाजुओं के ....

करने वाली 19 साल की शीतल ने दो घंटे से भी कम समय में दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। वहीं, भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक एंड फील्ड में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए देश के कुल पदकों की संख्या 88 पहुंचा दी। एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर टी 47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की लॉन्ग जंप टी44/टी62/टी64 स्पर्धा में सोलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2025 में बनाया अपना ही 7.08 मीटर का रिकॉर्ड 7 सेंटीमीटर से बेहतर किया। सोलैराज ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था, तब उन्होंने 6.80 मीटर की छलांग लगाई थी।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टीला जमालपुरा, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.- 223 (भू तल) मण्डल द्वारा श्रीमती नूतन गुप्ता पत्नी श्री एस. के. गुप्ता के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 31/05/2005 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 30/06/2017 को पंजीकृत है। श्रीमती नूतन गुप्ता पत्नी श्री एस. के. गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री धर्मेन्द्र साहू आत्मज श्री कालूराम साहू (2) श्रीमती सुषमा साहू पत्नी श्री धर्मेन्द्र साहू को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2017 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। परन्तु क्रेता/विक्रेता द्वारा मण्डल से हस्तांतरण की कार्यवाही नही कराई गई। सम्पत्ति के क्रेता (1) श्री धर्मेन्द्र साहू आत्मज श्री कालूराम साहू (2) श्रीमती सुषमा साहू पत्नी श्री धर्मेन्द्र साहू द्वारा आवेदन, शपथ पत्र (स्वयं का), विक्रय विलेख की छायाप्रति, इत्यादि के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किय गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि सम्पत्ति के मूल आवंटी श्रीमती नूतन गुप्ता पत्नी श्री एस. के. गुप्ता एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वही स्वयं जिम्मेदार होगे। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2017 के आधार पर उक्त सम्पत्ति के आधार पर उक्त सम्पत्ति (1) श्री धर्मेन्द्र साहू (2) श्रीमती सुषमा साहू के नाम पर हस्तांतरण की प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टीला जमालपुरा, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.- 224 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा (1) श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी स्व. श्री जी. पी. गुप्ता (2) श्रीमती नूतन गुप्ता पत्नी श्री एस. के. गुप्ता के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 17/01/2017 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 30/06/2017 को पंजीकृत है। (1) श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी स्व. श्री जी. पी. गुप्ता (2) श्रीमती नूतन गुप्ता पत्नी श्री एस. के. गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री धर्मेन्द्र साहू आत्मज श्री कालूराम साहू (2) श्रीमती सुषमा साहू पत्नी श्री धर्मेन्द्र साहू को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2017 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। परन्तु क्रेता / विक्रेता द्वारा मण्डल से हस्तांतरण की कार्यवाही नही कराई गई। सम्पत्ति के क्रेता (1) श्री धर्मेन्द्र साहू आत्मज श्री कालूराम साहू (2) श्रीमती सुषमा साहू पत्नी श्री धर्मेन्द्र साहू द्वारा आवेदन, शपथ पत्र (स्वयं का), विक्रय विलेख की छायाप्रति, इत्यादि के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किय गये है। उनके द्वारा यह शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है कि सम्पत्ति के मूल आवंटी (1) श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी स्व. श्री जी. पी. गुप्ता (2) श्रीमती नूतन गुप्ता पत्नी श्री एस. के. गुप्ता एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद-विवाद हेतु वही स्वयं जिम्मेदार होगे। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 04/10/2017 के आधार पर उक्त सम्पत्ति के आधार पर उक्त सम्पत्ति (1) श्री धर्मेन्द्र साहू (2) श्रीमती सुषमा साहू के नाम पर हस्तांतरण की प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 1040/ए मण्डल द्वारा श्री शाहिद प्रहरी आत्मज श्री आर. एस. प्रहरी के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 30/04/2015 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 04/03/2015 को पंजीकृत है। श्री शाहिद प्रहरी आत्मज श्री आर. एस. प्रहरी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद जुबेर आत्मज श्री मोहम्मद इब्राहिम को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25/08/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद जुबेर आत्मज श्री मोहम्मद इब्राहिम के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

श्रीमान ग्यारहवे अतिरिक्त जिला न्यायाधीश महोदय भोपाल म.प्र.
पीठासीन अधिकारी महोदय श्रीमती सुचिता श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्य.प्र.सं. 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
अपील क्रमांक सी.आर.आर. 219/2026 पेशी दिनांक-20/11/2026

मयंक मोहले.....अपीलार्थी
विरुद्ध
वैशाली मोहले..... प्रतिअपीलार्थी

प्रेषिती, श्रीमती वैशाली मोहले पत्नि श्री मयंक मोहले पुत्री श्री अनिल मार्गव आयु-वयस्क, निवासी-ई-/8/8 वसंत कुंज त्रिलंगा भोपाल म.प्र. यह कि अपीलार्थी मयंक मोहले द्वारा आपके विरूद्ध अधिनस्थ न्यायालय द्वारा घरेलू हिंसाओं से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत पारित आदेश के विरूद्ध एक अपील इस न्यायालय में संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर (अपील) वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर न्याया (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो ' और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। (आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से कराने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

श्रीमती सुचिता श्रीवास्तव
ग्यारहवे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
जिला न्यायालय भोपाल म.प्र.

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल, म.प्र.
Website : https://govhamidiacollege.com/Ph.-Fax
No. : 0755-2660447, 2660081, Email : heghaaccbho@mp.gov.in
क्रमांक/2699/शाहम/26 भोपाल, दिनांक 08.10.2026

सुरक्षा गार्ड एजेंसी की नियुक्ति के लिये एम.पी. ई-टेन्डर पोर्टल पर निविदा आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स, शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल के द्वारा सुरक्षा गार्ड की सेवाएं प्राप्त करने के लिये पर्याप्त अनुभव रखने वाली सुरक्षा गार्ड एजेंसियों से एम.पी. ई-टेन्डर पोर्टल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की गई हैं। समस्त नियम, शर्तें, आवेदन पत्र तथा निविदा संबंधी तिथि एम.पी. ई-टेन्डर पोर्टल पर एवं महाविद्यालय की **Website : https://govhamidiacollege.com** पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/128724/2026 **प्राचार्य**

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Govt. of Madhya Pradesh Undertaking)
Nishtha Parisar, Bijlinagar, Govindpura, Bhopal-462023
Phone No. : 0755-2602033-34, Fax No. : 0755-2589821, E-mail : dgmp2.cz@gmail.com
Website : https://portal.mpcz.in, CIN Number : U40109MP2002SGC015119
Ref. : MD/MK/04/Abgd.NIT/2541 Date : 22.10.2026

TENDER NOTICE

MPMKVVCL, Bhopal, invites following bid from manufacturers through e-tendering :-

Tender Specification No.	Particulars	Approx. Value (Rs. in Lakh)	Tender Fee Including GST (in Rs.)	Date of Pre-Bid Conference	Date of Opening of Tender
MD/MK/ 04/1328	Procurement of Office Furniture for Newly Constructed 5 No. Rooms at Corporate Office.	3.53	590.00	02.11.2026 at 3:30 PM	11.11.2026 at 3:30 PM

Other details are available on Company website **https://portal.mpcz.in** & **www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/128745/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (PROC.)**

आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिसप्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साइज में
@ Rs. 40 sq.cm

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय यूनानी महाविद्यालय/चिकित्सालय
कार्यालय, प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
(कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड, मैनिट के पीछे, भोपाल)
Web. : www.gumcbhopal.in, E-mail : gumcbhopal@gmail.com
Ph. : 0755-2970354
क्रमांक/क्रय/2026/5505 भोपाल, दिनांक : 21.10.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय भोपाल में निम्नलिखित निविदाओं के आमंत्रण हेतु विभिन्न फर्मों को सूचित किया जाता है :-

क्र.	निविदा का प्रकार	पोर्टल का नाम	ई-निविदा प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	ई-तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय
1.	स्थानीय महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय को एन.ए.बी.एच. एक्रेडियेटेड कराये जाने हेतु आवश्यक कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा	MP Tender gov.in	12.11.2026 सायं 05.00 बजे तक	13.11.2026 सायं 06.00 बजे

नोट :- उक्त निविदाओं में संशोधन होने पर स्थानीय महाविद्यालय की वेबसाइट **www.gumcbhopal.in** पर प्रदर्शित किया जावेगा। उक्त निविदा के नियम एवं शर्तें महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

म.प्र. माध्यम/128715/2026 **प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

शब्द पहेली - 6386



बाएँ से दाए-
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -6385 का हल

क	ल	र	व				मु	का	ब	ला
मी			त	म	त	मा	ना			ज
श	व		न	या		न	दी		जी	वा
न	र	क		न	म	क		ख	रा	ब
	दा	म	न		जा		न	फा		
	न		ख	त		म	न		म	
		सा	रा		आ		द	म	न	
अ	ना	र		र	स	म		त	ह	री
मा	ता		ल	क		सौ	त		र	त
न			च	म	क	दा	र			स
त	क	दी	र				ल	ल	का	र

सूडोकु नवताल- 6396

मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6395 का हल

स्वामित्व की रजिस्ट्रियों ने पकड़ी रफ्तार, 899 पर पहुंचा आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में स्वामित्व योजना के तहत पंचायतों में रजिस्ट्री के काम ने अब रफ्तार पकड़ ली है, इसके पहले नवरात्र के दौरान सामान्य रजिस्ट्रियों की वजह से संपदा के सर्वर में एरर आ रहा था।

गुरुवार को जिले में स्वामित्व योजना के तहत रजिसर्ट्रियों का आंकड़ा 899 तक पहुंच गया, हालांकि जिले में 41 हजार 726 रजिस्ट्री की जानी हैं। यदि इसी तरह सर्वर ने साथ दिया तो आने वाले कुछ ही दिनों में रजिस्ट्री का काम पूरा हो जाएगा। हुजूर, कोलार और बैरसिया एसडीएम रजिस्ट्री के काम की निगरानी में जुटे हुए हैं।

सामान्य रजिस्ट्रियों की वजह से अब तक संपदा के सर्वर में आ रहा था एरर



शुरुआत में पटवारियों के विरोध से नहीं हो सका था काम शुरू

जिले के 432 गांवों में 41 हजार 726 लोगों के पट्टों की स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्रियां की जानी है। इसमें पटवारियों को निष्पादक बनाया गया था, लेकिन शुरूआत में विरोध के चलते काम शुरू नहीं हो सका था। बाद में शासन व पटवारियों के बीच सुलह होने पर तेजी से काम शुरू किया गया, लेकिन सर्वर व सारा एप की तकनीकी समस्या की वजह से रजिस्ट्रियां नहीं हो पाइं। हालांकि गुरुवार को इनकी रफ्तार में सुधार हुआ तो रजिस्ट्रियों की संख्या 899 पर पहुंच गई है। जिसको लेकर अब तेजी से काम किया जा रहा है।

नवरात्रि के बाद भी बाजार में रौनक

नवरात्र खत्म होने के बाद भी राजधानी में प्रापर्टी की खरीद-फरोख्त जारी है। आइएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन कार्यालयों में सुबह 10 बजे से काम शुरू हो गया था, प्रॉपर्टी के खरीदारों ने दफ्तर पहुंचकर रजिस्ट्री करवाने के लिए करीब 600 स्लाट बुक किए थे। इससे बड़ी संख्या में लोग पंजीयन कार्यालय रजिस्ट्री करवाने पहुंचे और देर शाम तक 523 रजिसर्ट्रियां दर्ज की गई, जिससे करीब 13 करोड़ रुपए का राजस्व विभाग को मिला है।

शामिल खाते से खसरा करना पड़ेगा अलग

नामांतरण के बाद कराना पड़ेगा बंटवारा, वरना होगा नहीं बंटान

अगर आपने रजिस्ट्री के बाद प्लॉट या जमीन का नामांतरण करा लिया है। लेकिन आपका खसरा शामिल खाते में है। खसरे का बंटवारा नहीं किया गया है, तो उसका बंटान नहीं होगा। जबकि बंटान होने के बाद ही सरकारी नक्शे में जमीन मालिक का नाम चढ़ाया जाएगा। ऐसे में इन लोगों को दोबारा से बंटवारा के लिए आवेदन करना पड़ेगा। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, बंटान और जमीन से जुड़े केसों को निपटाने को लेकर अफसर जोर दे रहे हैं, इधर बंटान कराने वालों के लिए नई समस्या खड़ी हो गई है, जिससे जमीन खरीदने वालों की परेशानी बढ़ गई है, दरअसल नामांतरण के बाद इसे खसरे में ऑनलाइन दर्ज किया जाता है, लेकिन उसका अलग से खसरा दर्ज करने की जगह पटवारी शामिल खाते में दर्ज कर देते हैं, जिससे बंटान कराने से पहले बंटवारा करना जरूरी हो गया है।

एनएचआरसी ने मांगी जांच रिपोर्ट

दिग्विजय की यात्रा में बच्चों से नारे लगवाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल कर उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के संबंध में प्राप्त शिकायत पर संज्ञान लिया है।

आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को आरोपों की जांच कर दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के 22 अक्टूबर 2026 के पत्र (केस नंबर 2430/12/49/2026) के अनुसार, शिकायतकर्ता ने यात्रा में बच्चों को शामिल कर उनसे राजनीतिक नारे लगवाने, कथित घटना से संबंधित वीडियो और तस्वीरें फेसबुक करने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

आयोग के पत्र के अनुसार, सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने संरक्षण मानवाधिकार अधिनियम, 1993 की धारा 12 के अंतर्गत मामले में संज्ञान लिया। आयोग ने संबंधित राज्य अधिकारियों को शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कर निर्धारित समय-सीमा में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को बच्चों के कथित वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल से जुड़े पहलुओं की जांच कर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कॉलेजों में होगा जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद



भोपाल। मप्र पुलिस की सामुदायिक पुलिस शाखा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के महाविद्यालयों में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद आयोजित किया जा रहा है। अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में जिला मुख्यालयों के प्रमुख महाविद्यालयों में आयोजित होने वाली इन कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिकता की भावना से जोडऩा तथा उन्हें स्वयं एवं समाज की सुरक्षा में सक्रिय सहभागी बनाना है। इस अभियान के संचालन के लिए भोपाल में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के महाविद्यालयों से दो-दो प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक सहभागिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं कार्यशालाएं संचालित करने के लिए प्रतिनिधियों का क्षमता वर्धन किया गया। प्रशिक्षित प्रतिनिधि अब अपने-अपने महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ जन सुरक्षा संवाद आयोजित करेंगे।

रेल जनसंवाद कार्यक्रम में डीआरएम पंकज को यात्रियों ने दिए सुझाव

ट्रेनों के साथ स्टेशनों पर गंदगी, पीने के पानी की कमी और लेटलतीफी पर जताई नाराजगी

मंडल के 71 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों ने किया रेल जनसंवाद, डीआरएम पंकज त्यागी ने भोपाल स्टेशन पर सुनीं समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ट्रेनों की लेटलतीफी, शौचालयों में गंदगी और पेयजल की कमी... रेलवे की यात्री सुविधाओं को लेकर गुरुवार को यात्रियों की नाराजगी सामने आई। भोपाल सहित पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के 71 स्टेशनों पर आयोजित रेल जनसंवाद कार्यक्रम में यात्रियों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं और व्यवस्थाओं में सुधार के सुझाव दिए। यात्रियों ने ट्रेनों का संचालन समय पर करने, शौचालयों की नियमित सफाई और पेयजल सहित अन्य जरूरी सुविधाएं बेहतर करने की मांग उठाई।

यात्रियों का कहना था कि ट्रेनों की लेटलतीफी से उनकी दिनचर्या प्रभावित होती है। गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंचने के कारण आगे की यात्रा और जरूरी काम भी प्रभावित होते हैं। वहीं, लंबी दूरी की ट्रेनों में शौचालयों की साफ-सफाई और पानी की उपलब्धता को लेकर भी यात्रियों ने चिंता जताई।



भोपाल में डीआरएम ने सुनीं समस्याएं

भोपाल रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी ने यात्रियों से सीधे संवाद कर स्टेशन की व्यवस्थाओं और यात्री सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल और प्रतीक्षालय सहित विभिन्न सुविधाओं को लेकर यात्रियों की राय जानी। डीआरएम ने कहा कि यात्रियों, रेलकर्मियों और मीडिया से मिलने वाले सुझाव रेलवे की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऐसे कार्यक्रमों से रेल सेवाओं को अधिक यात्री-केंद्रित बनाने में मदद मिलती है। जनसंवाद के बाद उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया।

71 स्टेशनों पर अधिकारियों ने किया संवाद



विशेष अभियान 6.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में यात्रियों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव लिए गए। रानी कमलापति स्टेशन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेंद्र बघेल और नर्मदापुरम स्टेशन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने यात्रियों से संवाद किया। इस दौरान स्टेशन विकास, पुनर्विकास कार्यों, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। मंडल के इटारसी, बीना, विदिशा, सांची, गंजबासौदा, हरदा, संत हिरदाराम नगर, निशातपुरा, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी सहित अन्य स्टेशनों पर भी जनसंवाद आयोजित हुआ। अब इन शिकायतों और सुझावों के आधार पर रेलवे प्रबंधन यात्री सुविधाओं में कितना सुधार करता है, इस पर यात्रियों की नजर रहेगी।



रेल जनसंवाद के दौरान अपनी समस्याएं रखते यात्री

14 को मेडल ऑफ एक्सीलेंस दिया जाएगा

ट्रिपल आईटी के दीक्षांत में कल 212 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) अपना 5वां दीक्षांत समारोह 24 अक्टूबर को शाम 4 बजे, सिविल ऑडिटोरियम ट्रिपल आईटी में आयोजित करने जा रहा है। इस साल कुल 212 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इसमें बी.टेक के 196, एम.टेक के 16 विद्यार्थी शामिल हैं। अकादमिक उत्कृष्टता के लिए 14 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया जाएगा। इस बैच का प्लेसमेंट प्रतिशत 92,67 प्रतिशत रहा। समारोह में संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा।

यह होंगे मुख्य अतिथि

इस अवसर पर विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) मनोज सिंह गौर, निदेशक, आईआईटी जम्मू उपस्थित रहेंगे। समारोह में सम्मानीय अतिथि के रूप में जयदेव वेंकटरमन, हेड ऑफ ग्लोबल टेक्निकल सेंटर, वैलेओ इंडिया, प्रो. (डॉ.) केके शुक्ला, निदेशक मैनिट भोपाल, प्रो. (डॉ.) अभय कुमार, निदेशक, ट्रिपल आईटी अगरतला, प्रो. (डॉ.) आलोक शर्मा, कुलगुरू आरजीपीवी भोपाल उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार मोदी, अध्यक्ष, शासी मंडल (बीओजी), ट्रिपल आईटी भोपाल करेंगे। साथ ही प्रो. (डॉ.) आशुतोष कुमार सिंह, निदेशक, ट्रिपल आईटी भोपाल भी उपस्थित रहेंगे। ट्रिपल आईटी राजधानी में वर्ष 2017 में स्थापित एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, लगातार शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

जीएमसी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

स्तन कैंसर के जोखिम, लक्षण आधुनिक उपचार पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में पिंक अक्टूबर के अंतर्गत स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अशोक पुराणिक कार्यकारी निदेशक, एम्स गुवाहाटी, विशेष अतिथि डॉ. अभिनव ए. सोनकर हेड ऑफ फैकल्टी एवं प्रोफेसर, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ, डॉक्टर प्रोफेसर सुनीत टंडन अधीक्षक हमीदिया अस्पताल के रूप में उपस्थित रहे। डॉक्टर अरविंद राय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें मेडिकल स्टूडेंट्स, नर्सिंग तथा टेक्नीशियन विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्तन कैंसर जागरूकता पर आधारित विशेष वीडियो प्रदर्शन एवं नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को नियमित जांच और शीघ्र उपचार का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्तन कैंसर के जोखिम कारकों, लक्षणों एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों पर भी प्रकाश डाला गया।

भोपाल में रात 8:24 से 8:26 बजे के बीच चंद्रोदय

करवा चौथ 29 को: उच्च राशि में चंद्रमा रोहिणी नक्षत्र, शिवयोग का बना संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व करवा चौथ इस वर्ष 29 अक्टूबर, गुरुवार को विशेष ज्योतिषीय संयोगों के बीच मनाया जाएगा। इस दिन चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में रहेंगे। रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र के साथ शिवयोग का संयोग दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि, प्रेम और पारिवारिक खुशहाली के लिए शुभ माना जा रहा है। भोपाल में चंद्रोदय रात लगभग 8:24 से 8:26 बजे के बीच होने का अनुमान है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार करवा चौथ पर चंद्रमा का वृषभ राशि में होना विशेष महत्व रखता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, चंद्रमा की यह स्थिति दांपत्य जीवन में प्रेम, आपसी सामंजस्य और सुख-शांति का प्रतीक मानी जाती है।

सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए रखेंगी निर्जला व्रत

पहली बार व्रत रखने में कोई बाधा नहीं

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस वर्ष चतुर्थी तिथि व्रत के संकल्प काल से लेकर रात्रि चंद्रोदय तक विद्यमान रहेगी। सोशल मीडिया पर विवाह के बाद पहली बार करवा चौथ का व्रत रखने को लेकर फैल रही भ्रांतियां निराधार हैं। धर्मसिंधु और निर्णयसिंधु जैसे धर्मग्रंथों में पहली बार व्रत रखने पर किसी प्रकार की बाधा का उल्लेख नहीं है। बादल या बूंदाबांदी होने की स्थिति में चंद्र दर्शन में देरी हो सकती है।

शुक्र उदय, भद्रा का दोष नहीं

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, शुक्र का उदय 28 अक्टूबर को प्रातःकाल में हो जाएगा। इसलिए करवा चौथ के दिन शुक्रास्त का दोष नहीं रहेगा। इस दिन भद्रा भी नहीं है। बंगाल में इस पर्व को दशरथ चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है।

चंद्र दर्शन के बाद होगा व्रत का पारण

करवा चौथ पर महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से निर्जला व्रत रखती हैं। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने और विधि-विधान से पूजा करने के बाद व्रत खोला जाता है।

भगवान सत्यनारायण की कथा और तुलसी पूजन किया

पापांकुशा एकादशी: जाने-अनजाने के पापों से मिले मुक्ति, की भगवान विष्णु की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पापांकुशा एकादशी पर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर भगवान विष्णु और योगीराज श्रीकृष्ण की पूजा-आराधना की। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि पापंकुशा एकादशी का अर्थ है उपवास के पुण्य बंधनों के साथ हाथी जैसे पाप को रोकना। पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु की पूजा करने से भक्तों को एक स्वच्छ हृदय विकसित करने में मदद मिलती है। महाभारत काल के दौरान, भगवान कृष्ण ने धर्मराज युधिष्ठिर को इस एकादशी के महत्व के बारे में बताया था। साथ ही, उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इस व्रत को ईमानदारी और पूरे मन से करता है, वह अपने जीवन के सभी पापों से मुक्त हो जाता है।



इसके चलते गुरुवार को इस एकादशी पर लोगों ने व्रत रख पूजा-पाठ कर जाने-आन-जाने में किए पाप या गलती के लिए भगवान से माफी मांगी। तो वहीं घर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के मौके पर लोगों ने व्रत रखने के साथ सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया। तो शाम के समय महिलाओं ने शीतलदास की बागियां से अन्य जगहों पर दीपदान किया। गुफा, नेवरी व बिड़ला मंदिर में भी भगवान लक्ष्मी नारायण की विशेष पूजा-आरती की गई। सुबह लोगों ने दान-पुण्य भी किया। तो वहीं वैष्णोधाम आदर्श नवदुर्गा-बाबा खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। इस मौके पर 56 भोग लगाया गया। इसके बाद बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई । तो वहीं प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजन संध्या एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुती दी, तो वहीं भक्त भी भाव विभोर होकर नृत्य करते नजर आए।

शुक्र प्रदोष पर आज बाबा बटेश्वर का पांच प्रकार के इत्रों से होगा अभिषेक

भोपाल। श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्र प्रदोष पर्व पर शुक्रवार को बाबा बटेश्वर का महा रुद्राभिषेक एवं श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में शुक्र ग्रह की शांति एवं उनकी कृपा के लिए बाबा बटेश्वर का पांच प्रकार के इत्रों एवं विजया से रुद्राभिषेक कर विभिन्न प्रकार के फूल व रत्नों से श्रृंगार का रात्रि 10 बजे महाआरती की जाएगी।

आलमी तब्लीगी इज्तिमा: 500 एकड़ जगह की सफाई, 300 एकड़ में लगेगा पंडाल

दो हजार वॉलेंटियर्स संभालेंगे ट्रैफिक, 3 हजार देखेंगे भीड़ प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आगाज 4 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है, जिसके लिए दो हजार वॉलेंटियर्स को ट्रेफिक संभालने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इन वॉलेंटियर्स को ट्रेफिक पुलिस के जवान ट्रेनिंग देंगे। इधर भीड़ मैनेजमेंट के लिए भी तीन हजार वॉलेंटियर्स तैनात रहेंगे। जिन्हें अलग अलग जगहों पर तैनात किया जाएगा। इसमें पार्किंग का काम देखने वाले वॉलेंटियर्स भी शामिल हैं।

इज्तिमागाह पर करीब 300 एकड़ में पंडाल लगाया जाएगा। जिसके लिए करीब पांच सौ एकड़ एरिया की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। इज्तिमागाह के आसपास करीब 300 एकड़ में



पार्किंग तैयार की जाएगी। छोटे, मध्यम और बड़े वाहनों के पार्क करने के लिए यहां अलग-अलग पार्किंग स्पेस तैयार किए जाएंगे। इंतजामिया कमेटी के प्रवक्ता उमर हफीज खान ने बताया कि पंडाल के लिए जगह की सफाई का काम तेजी से चल रहा है। वालेंटियर्स के साथ विभिन्न सरकारी एजेंसियां भी जरूरी कामों को अंजाम दे रही हैं।

इस बार भी बैन रहेगा सिंगल यूज प्लास्टिक

इज्तिमा के दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का खास ख्याल रखने की कोशिश की जाती है। इसके चलते हर साल एक नया प्रयोग किया जाता है। इस कड़ी में इस बार इज्तिमागाह पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पाबंदी रहेगी। महज पानी की बॉटल के लिए रियायत दी जाएगी। गीला और सूखा कचरा अलग अलग रखने, बचे खाने से खाद बनाने, वाटर ट्रीटमेंट भी किया जाएगा।

4 से समागम, 7 को दुआ

आलमी तबलीगी इज्तिमा का आगाज 4 दिसंबर से होगा। इस 4 दिन के आयोजन का समापन 7 दिसंबर को दुआ के साथ होगा। इस बार इज्तिमा में 10 लाख से ज्यादा लोग जुटने की उम्मीद जताई जा रही है। इज्तिमा में शामिल होने के लिए राजधानी में जमातों की आमद का सिलसिला नवंबर के पहले सप्ताह से शुरु हो जाएगा।

'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत'

अभियान के तहत व्यायाम, ओम की ध्वनि से ध्यान और नशामुक्ति का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देकर उन्हें नशे जैसी बुराइयों से बचाना और स्वस्थ, संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना आज समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज के विभिन्न सेवा केंद्रों पर शारीरिक व्यायाम, राजयोग मेडिटेशन और नशामुक्ति प्रतिज्ञा के माध्यम से युवाओं को



स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सुख-शांति भवन, नीलबड़, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आराधना दीदी, प्रभारी सुख-शांति भवन ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देना आवश्यक है।

खबर संक्षेप



जिनालय में शांति विधान का किया आयोजन

औबेदुल्लागंज। पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में शांति विधान किया जा रहा है. शांति विधान करने का सौभाग्य शिमला आरसी जैन, शिल्पी-आशीष जैन परिवार औबेदुल्लागंज को प्राप्त हुआ। राखी अतुल जैन राजकुमारी जैन लाला शिखर चंद जैन परिवार को शांति विधान का सौभाग्य मिला। विधान आचार्य पंडित प्रकाश जैन भोपाल के द्वारा संगीत के साथ पूजन करवाई। सुबह भगवान की शांति धारा का सौभाग्य श्री आशीष जैन परिवार एवं श्री सुनील जैन तामोट परिवार को मिला। आयोजन मे औबेदुल्लागंज समाज के अलावा भी लोग उपस्थित रहे। पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज ने बताया कि इस पक्ष में शांति विधान करने से कर्मों की निर्जरा होती है। विधान आचार्य पंडित प्रकाश भोपाल ने बताया कि शांति विधान से हमारे विघ्न दूर होते हैं।

दिव्यांग यात्रियों से वसूली पर जांच के निर्देश दिए

भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर में दिव्यांगजनों से सार्वजनिक परिवहन में पूरा किराया वसूलने का मामला सामने आया है। मामले में आयोग ने आरटीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की है। गौरतलब है कि सार्वजनिक परिवहन में 50 प्रतिशत रियायत के बावजूद दिव्यांग यात्रियों को लाभ नहीं मिलने और कार्ड दिखाने पर भी पूरी वसूली होने का मामला सामने आया है, जिसके बाद आयोग ने जांच के निर्देश दिए।

टेक्स कंसलटेंट की कार में अज्ञात ने लगाई आग

भोपाल। एमपी नगर जोन टू में होटल सिग्नेटिक होटल के सामने टेक्स कंसलटेंट की ब्रेजा कार संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर खाक हो गई। कार में कितने का नुकसान हुआ है यह उन्होंने बीमा कंपनी के सर्वेयर पर छोड़ दिया है। पुलिस ने टेक्स कंसलटेंट की शिकायत पर असंज्ञेय अपराध में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार विकास गौर (43) मकान नंबर एस 17 राजहर्ष कॉलोनी में रहते हैं और टेक्स कंसलटेंट है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया उनका एमपी नगर जोन टू में है। गुरुवार सुबह वह घर से ऑफिस आए और कार सिग्नेटिक होटल के सामने खड़ी कर दी। सवा 12 बजे के आसपास ऑफिस के कर्मचारी ने बताया कि कार में आग लगी है। वह कार के पास पहुंचे तो कार का बोनट पूरी तरह से जल चुका था। इधर सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने किसी तरह आग पर काबू किया, लेकिन तब तक कार करीब 50 फीसदी जल चुकी थी।

शुभांक

कल्याणः	0527		
दिनः	245	12	129
रातः	330	69	270
ताराः			
दिनः	357	57	890
रातः	146	11	470

निशातपुरा में चार बदमाशों ने तीन युवकों पर किया हमला

शराब के लिए अड़ीबाजी, पाइप और डंडे से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शांति नगर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे चार बदमाशों ने शराब की अड़ीबाजी कर दी। शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने पाइप और डंडे से हमला बोल दिया।

इस मारपीट और जानलेवा हमला में दो सगे भाई और उनका दोस्त घायल हुआ है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर दो नामजद आरोपी और उनके दो अन्य साथियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

दो नामजद आरोपी और दो अन्य साथियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज



शराब के लिए पैसे नहीं होने पर भड़क गए आरोपी

पुलिस के अनुसार आकाश रजक (23) शांति नगर करोंद में रहता है और शासकीय दफ्तरों को कंप्यूटर सहित अन्य सामान की सप्लाई करता है। उसका बड़ा भाई शुभम रजक है। शुभम भी प्राइवेट काम करता है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे शुभम घर से बीस मीटर दूरी पर खड़ा था। इसी दैरान वहां अजीत यादव और बंटी सहित उनके दो अन्य दोस्त पहुंचे। आरोपियों ने शराब पीने के लिए शुभम से पैसे मांगे। शुभम ने पैसे नहीं होने की बात कही। इस पर आरोपी शुभम से मारपीट करने लगे।

भाई और दोस्त के साथ भी मारपीट की

शुभम का शोर सुनकर उसका भाई आकाश और दोस्त अजय पहुंचे। इस दौरान आरोपी शुभम के डंडे और पाइप से मारपीट कर रहे थे। आकाश और अजय ने शुभम को बचाने का प्रयास किया तो अरोपियों ने आकाश और अजय पर भी डंडे और पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। शुभम, आकाश और अजय देर रात अस्पताल पहुंचे। वहां से इलाज कराने के बाद आकाश निशातपुरा थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

झांकी में खड़े किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला, तीन जगह गंभीर चोट

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया रोड बर्फी हाउस के पास बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे एक युवक ने नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पेट और सीने पर किए गए वार को बचाने किशोर घूम गया था। लिहाजा चाकू के तीन वार उसकी पीठ और कुल्हे के पास लगे हैं। गंभीर रूप से घायल किशोर को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ईशान विश्वकर्मा (17) छोला मंदिर इलाके में रहता है और ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता है। बुधवार देर रात वह मोहल्ले की झांकी लेकर दोस्तों के साथ विसर्जन के लिए जा रहा था। हमीदिया रोड पर बर्फी हाउस के पास पहुंचने पर मोहल्ले में रहने वाले गुलशन मिश्रा ने उससे गालीगलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले से बचने के लिए ईशान घूम गया था। इससे चाकू उसे पेट और सीने पर न लगते हुए पीठ और कुल्हें में लगा था। झांकी में मौजूद लोगों ने आरोपी गुलशन से ईशान को बचाया, लेकिन तब तक ईशान लहूलुहान हो चुका था। उसे तत्काल हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि झांकी निकलते समय पूर्व में भी गुलशन और ईशान का विवाद हुआ था। इसी विवाद का बदला लेने गुलशन ने ईशान पर हमला किया है।

हनुमानगंज स्थित हमीदिया रोड बर्फी हाउस के पास का मामला

छह साल की बहन के सामने हुआ हादसा, माता-पिता गए थे काम पर

घर में झूले की रस्सी दस साल के मासूम के गले में फंसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित चंदन नगर में बुधवार दोपहर रस्सी का झूला दस साल के मासूम के लिए फांसी के फंदा बन गया। मासूम झूला खेल रहा था, तभी वह रस्सी में उलझ गया। घटना के समय उसकी छह साल की छोटी बहन थी। बहन ने आसपास के लोगों को बुलाया। आसपास के लोगों ने पास ही काम करने गई मां को बुलाया और बच्चे को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह बच्चे की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार अनुसार तेजस्वी नामदेव पिता लवकुमार नामदेव (10) चंदन नगर, छोला में रहता था और पांचवी कक्षा का छात्र था। उसके माता पिता प्राइवेट काम करते हैं। लिहाजा घर में तेजस्वी और उसकी छह साल की बहन अकेले रहते हैं। बुधवार सुबह पिता और मां काम पर चले गए थे। दोपहर के समय तेजस्वी और छोटी बहन घर में थे। तेजस्वी झूला खोल रहा था, तभी रस्सी में उलझ गया। रस्सी उसके गले में फंस गई थी। डर के कारण छोटी बहन आसपास के लोगों को बुलाकर लाई। लोगों ने रस्सी खोली और पास ही काम करने गई मां को घटना की जानकारी दी। मां घर लौटी और तेजस्वी को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची। वहां गुरुवार सुबह तेजस्वी की मौत हो गई।

कार ने खड़ी कार को मारी टक्कर, एक्टिवा सवार हॉकर का पैर टूटा

कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज इलाके में काले रंग की तेज रफ्तार किआ कंपनी की कार ने सड़क पर खड़ी हुंडई ओरा कार को टक्कर मार दी। हादसे के समय ओरा कार में कोई नहीं था, लेकिन ओरा कार के सामने एक्टिवा पर बैठा हॉकर जरूर हादसे में घायल हुआ है। दरअसल ओरा कार में टक्कर लगने के बाद वह आगे बढ़ गई और उसने एक्टिवा पर बैठे हॉकर को चपेट में ले लिया। इस हादसे में उसका पैर बुरी तरह से टूटा है। हादसे के समय कार में दो युवक और युवती थी। पुलिस के अनुसार राजकुमार मालवीय पिता चंदन सिंह मालवीय (36) झुग्गी नंबर, 306 बाबा नगर में रहता है। गुरुवार सुबह साढ़े चार बजे वह दानिशकुंज पहुंचा। उसने एक्टिवा पर रखे पेपर के बंडल उतारे। इसी दौरान काले रंग की कार ने ओरा कार को टक्कर मार दी। ओरा कार ने राजकुमार को चपेट में लेने के अलावा एक अन्य एक्टिवा को भी चपेट में लिया।



कार में सवार थे दो युवक और एक युवती, मौके से भागे

हादसे के कुछ देर बाद राजकुमार ने अपने आप को संभाला और सड़क किनारे फुटपाथ पर बैठकर मदद की गुहार लगाने लगा। इसी बीच कार से उतरकर दो युवक आए। उन्होंने अस्पताल ले जाने का आश्वासन दिया और भाग निकले। राजकुमार के साथ काम करने वाला साथी गमन राजकुमार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा था। इधर आरोपी चालक और कार में बैठी युवती और अन्य कार छोड़कर भाग निकले।



हाईटेंशन लाइन में फंसी बाइक की चाबी निकालते समय झुलसा था किशोर

- पंद्रह दिन चले इलाज के बाद हो गई मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस टू में गत 6 अक्टूबर को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से सातवीं कक्षा का छात्र बुरी तरह से झुलस गया। हादसा हाईटेंशन लाइन में फंसी बाइक की चाबी वाइपर से निकालते समय हुआ था। गंभीर रूप से झुलसने के बाद उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। पंद्रह दिन चले इलाज के बाद बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कृष्णा नायक पिता खजान सिंह नायक (13) शिव नगर फेस-2, नीलबड़ में रहता था। वह सातवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता मजदूरी करते हैं। गत 6 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे उसके पिता खजान सिंह नायक ने कृष्णा से बाइक की चाबी मांगी थी। कृष्णा ने फर्स्ट फ्लोर से पिता को नीचे चाबी फेंकी, लेकिन चाबी नीचे न गिरते हुए घर के सामने से गुजरी हाईटेंशन लाइन में फंस गई। कृष्णा पास ही पड़े वाइपर से चाबी निकालने लगा, तभी उसे हाईटेंशन लाइन से करंट का तगड़ा झटका लगा था। करंट से गंभीर रूप से झुलसे कृष्णा को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। पंद्रह दिन चले इलाज के बाद बुधवार दोपहर कृष्णा की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को कृष्णा का पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख 30 हजार रुपए

झाबुआ पुलिस ने अवैध रूप से उगाए जा रहे 607.09 किलोग्राम गांजे के पौधे किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

झाबुआ पुलिस ने अवैध गांजा खेती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना कालीदेवी एवं थाना पेटलावद क्षेत्र में दो अलग-अलग प्रकरणों में कुल 607.09 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 60 लाख 30 हजार 825 रुपए है।

थाना कालीदेवी क्षेत्र में 80.15 किलोग्राम गांजा जब्त थाना कालीदेवी पुलिस को अवैध रूप से गांजा की खेती किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा संबंधित खेत में दबिश देकर तुवर एवं कपास की फसल के बीच अवैध रूप से उगाए गए 240 गांजे के पौधे, जिनका कुल वजन 80.15 किलोग्राम, जब्त किए गए। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 7 लाख 61 हजार 425 रुपए है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।



पेटलावद में 526.94 किलो पौधे जब्त

थाना पेटलावद क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कपास एवं तुवर की फसल के बीच से, माही नदी के पास स्थित खेत में मक्का की कड़ब के नीचे से एवं आरोपी के घर से कुल 526.94 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया। कार्रवाई में कुल 1,512 गांजे के पौधे जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 52 लाख 69 हजार 400 रुपये है। प्रकरण में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

36वां निःशुल्क शरद शिविर 25 अक्टूबर को

भोपाल। शरद पूर्णिमा पर श्री अखंड आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय की ओर से 25 अक्टूबर को 36वें निःशुल्क शरद शिविर का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या नगर दशहरा मैदान में आयोजित शिविर में अस्थमा मरीजों को निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि वितरित की जाएगी। व्यवस्थापक वैद्य नीरज तिवारी ने बताया कि मरीजों की नाड़ी परीक्षण के बाद उन्हें औषधि दी जाएगी। साथ ही गाय के दूध से बनी खीर को केले के पत्ते में रखकर वितरित किया जाएगा। मान्यता के अनुसार, इसका सेवन ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4:23 बजे कराया जाएगा।

रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब नियमित रूप से चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश से पूर्वोत्तर भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब नियमित एक्सप्रेस के रूप में चलेगी। रेलवे ने ट्रेन को नियमित करने का निर्णय लिया है। इससे पूर्वोत्तर के राज्यों तक जाने की सुविधा मिलेगी। ट्रेन नए नंबर 11665/11666 के साथ चलेगी। ट्रेन नंबर 11665 रानी कमलापति से 22 अक्टूबर से प्रत्येक गुरुवार को रवाना होगी, जबकि ट्रेन नंबर 11666 अगरतला से 25 अक्टूबर से प्रत्येक रविवार को चलेगी।

छह राज्यों से होकर गुजरेगी ट्रेन

यह ट्रेन मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा को रेल मार्ग से जोड़ेगी। अपने सफर में यह नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, कटिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, गुवाहाटी, बदरपुर जंक्शन और धर्मनगर सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी। 22 कोच से मिलेगी यात्रा की सुविधाट्रेन में कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे। इनमें 8 स्लीपर, 2 सेकेंड एसी, 5 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनॉमी और 4 सामान्य श्रेणी के कोच शामिल हैं।

भेल कर्मचारियों ने काला बैच गेट नंबर पांच पर किया आंदोलन

जेसीएम की घोषणा, इंसेंटिव 13 हजार करने और अनुकंपा नियुक्ति को लेकर की द्वार सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जेसीएम की घोषणा, इंसेंटिव 10 हजार से बढ़ाकर 13 हजार करने और अनुकंपा नियुक्ति की मांगों को लेकर हेवू भारतीय मजदूर संघ भेल के नेतृत्व में कमचारियों ने क्रांति स्थल गेट नंबर पांच पर द्वार सभा का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ो मेहनतकश मजदूर साथियों ने इसमें भाग लिया और मैनेजमेंट को अपनी एकता का परिचय दिया।

द्वार सभा में यूनियन के अध्यक्ष संजय चौधरी, महामंत्री कमलेश नागपुरे, कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण पटवा ने इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई की। जिसमें कमलेश नागपुरे द्वारा तार्किक और चरणबद्ध तरीके से मैनेजमेंट की खामियों को बताया जिस कारण यह तीनों मांगे में ढिलाई और देरी हो रही है। साथ ही उन्होंने मंच से मैनेजमेंट को अपनी तर्क क्षमता से यह सुझाया की किस प्रकार इन तीनों समस्याओं का विधिवत हल किया जा सकता है। जिसमें मजदूरों और कंपनी दोनों का हित है। इसी बीच यह सूचना भी आई की 27 अक्टूबर को जेसीएम की वर्चुअल मीटिंग की घोषणा हो गई है। द्वार सभा मे पीएस ईएनसी के उपमहामंत्री विनोद विशे ने इंसेंटिव कमेटी की बातें रखी।



हिंदू उत्सव समिति के अगले अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं तेज

ओबेदुल्लागंज। हुआ, वहीं व्यापार संघ पर भी दशहरे की गतिविधियां चर्चा का केंद्र बनी रहीं। श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष को पूरे दिन व्यवस्थाओं के बीच व्यस्त और परेशान देखा गया। इसी बीच समिति के भीतर असंतोष की चर्चाओं ने भी जोर पकड़ा। हालांकि, इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब नगर में सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर हो रही है कि आगामी समय में श्री हिंदू उत्सव समिति की कमान किसके हाथों में होगी। चर्चाओं में श्रीमती सुधा चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल और सुजीत यादव के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि, अगले अध्यक्ष को लेकर अभी कोई निर्णय सामने नहीं आया है।

भाजपा नेता एवं विहिप के नेता लोधी चेतावनी देते हुए कहा-

शासकीय जमीन घोटाले में एफआईआर दर्ज करें, नहीं तो थाने के सामने धरने पर बैठेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर के वार्ड 4 में कथित 7 करोड़ रुपए के भूमि घोटाले को लेकर रामेश्वर नगर नरेश सेठी अनूप चौधरी दीपू परमार आठ पार्षदों सहित हिंदू नेता वचन लोधी, एल्डरमैन आरती यादव और वार्ड नंबर 4 की महिलाएं एसडीओपी को ज्ञापन सौंपेंगी।



ज्ञापन के माध्यम से भूमि मामले की जांच में हो रही देरी और अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने पर सवाल उठाए जाएंगे। आठ पार्षदों का कहना है कि जमीन की रजिस्ट्री, क्रेता-विक्रेता की जानकारी और अन्य दस्तावेज उपलब्ध हैं। पार्षदों के अनुसार, कुछ लोगों के मोबाइल खातों में जमीन की बिक्री से संबंधित भुगतान आने के साक्ष्य भी मौजूद हैं।

उनका सवाल है कि जब मामले से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है, तो अब तक एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई क्यों नहीं हुई? पार्षदों के मुताबिक, विधायक सुरेंद्र पटवा ने भी पत्र लिखकर मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि शासकीय जमीन की रजिस्ट्री का मामला गर्माया हुआ है।

विभिन्न स्तरों से पत्राचार किया, इसके बाद भी कार्रवाई का इंतजार

कलेक्टर रायसेन द्वारा संबंधित दस्तावेजों सहित फाइल एसडीओपी को भेजे जाने की बात कही जा रही है। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने भी जांच के संबंध में पत्र लिखा है, जबकि नगर परिषद सीएमओ की ओर से भी मामले में प्रतिवेदन भेजा गया है। इसके बावजूद एफआईआर दर्ज होने और आगे की कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं। ज्ञापन सौंपकर प्रतिनिधिमंडल जांच की प्रगति की जानकारी लेने और मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग करेगा।

छात्रों की क्षमताओं को पहचानने मंच प्रदान करने की जरूरतः डॉ. डालिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज द्वारा वार्षिक उत्सव 'सांकेतिका 2026' का आयोजन 23 अक्टूबर को किया जा रहा है। साथ ही कॉलेज में एसएचजीसी मॉडल यूनाइटेड नेशंस का आयोजन 23 एवं 24 अक्टूबर को किया जाएगा। इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा नेतृत्व, संवाद, रचनात्मकता और बौद्धिक क्षमता का विकास करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ 23 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे होगा।

इस अवसर पर मेजर जनरल डॉ. जीडी बख्शी, एसएम, वीएसएम एवं सुनीता बख्शी मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। मेजर जनरल डॉ. जीडी बख्शी, भारतीय सेना के प्रतिष्ठित पूर्व अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ एवं प्रख्यात लेखक हैं। उन्होंने कारगिल सहित महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में योगदान दिया तथा राजौरी-पुंछ क्षेत्र में रोमियो फोर्स की कमान संभाली। योगदान के लिए उन्हें सेना मेडल एवं विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने इन आयोजनों के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, नए दृष्टिकोण विकसित करने और भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए ऐसे मंच प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नौकरीपेशा देर से पहुंचे दफ्तर, कई जरूरी काम छूटे

चार ट्रेनें गुजरीं, 35 मिनट बंद रेलवे फाटक से लगा ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

रेलवे फाटक पर आज गुरुवार सुबह को लगातार चार ट्रेनें एक के बाद एक गुजरने के कारण करीब 35 मिनट तक फाटक बंद रहा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और देखते ही देखते ट्रैफिक जाम लग गया।

फाटक के दोनों तरफ दोपहिया वाहन कतारों में फंसे रहे। जल्दबाजी में निकले लोगों को भी आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिला, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई। रेलवे फाटक बंद रहने का असर लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ा। नौकरीपेशा लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच सके, वहीं जरूरी काम से निकले कई लोगों को रास्ते में ही इंतजार करना पड़ा। कुछ लोगों के जरूरी काम छूट गए तो कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। सुबह को करीब 9.45 बजे से करीब 35 मिनट तक फाटक बंद रहने से सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ता रहा। चारों ट्रेनों के गुजरने और फाटक खुलने के बाद भी वाहनों की कतारों को निकलने में समय लगा। इससे लोगों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ी।

फाटक के दोनों तरफ दोपहिया वाहन कतारों में फंसे रहे, निर्धारित समय पर गतंव्य नहीं पहुंच सके लोग



अगले वर्ष तक ओवर ब्रिज निर्माण पूरा होने के आसार

राम तिलोकानी का कहना है कि रेलवे फाटक पर ट्रेनों के गुजरने से इंतजार करना पड़ता है। इसका सीधा असर आवागमन और रोजमर्रा के कामकाज पर पड़ता है। इस समस्या का स्थाई समाधान कर जब ट्रेनों की आवाजाही एक साथ अधिक ट्रेनों की हो तो बीच में कुछ समय के लिए रेलवे फाटक को खोलने की व्यवस्था की जाए, ताकि फाटक बंद रहने के दौरान लगने वाले जाम और उससे होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। मालूम हो कि इस मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू हो चुका है संभवतः अगले वर्ष ओवर ब्रिज पर आवाजाही शुरू हो जाएगी।

महावीर चोला धारकों, प्रसाद वितरण करने वालों व जनता का श्री हिंउस ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में दशहरा पर्व बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य चल समारोह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम की सफलता पर श्री हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, अशोक जायसवाल, प्रदीप अरोड़ा, सचिव अमित राय, बल्लू अरोड़ा, राजेंद्र गुड्डू साहू एवं पंचू पांडे सहित समिति सदस्यों ने जनता, सहयोगियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों ने कहा कि दशहरा पर्व को सफल और यादगार बनाने में नगरवासियों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। चल समारोह में छह महावीर चोला धारकों ने अपने हैरतअंगेज प्रदर्शन से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं, अखाड़ों के कलाकारों एवं पहलवानों ने भी अपने आकर्षक करतबों से दर्शकों को रोमांचित किया। समिति ने सभी छह महावीर चोला धारकों और अखाड़ों के सदस्यों को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रदर्शन ने दशहरा समारोह की भव्यता को और बढ़ाया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण करने वाले सभी गणमान्य नागरिकों एवं सहयोगियों का भी आभार जताया।

बच्चों को बिरयानी खिलाने से जागा कुकिंग का शौक, अब भोपालवासी लेंगे अवधी जायके का लुत्फ

जहांनुमा पैलेस में आयोजित अवधी फूड फेस्टिवल का शुभारंभ, शेफ सीमा के अवधी जायके से सजेगी महफिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धीमी आंच, धैर्य और स्वाद का गहरा रिश्ता है, लजीज व्यंजन कभी जल्दबाजी में नहीं बन सकते। उनके लिए जुनून के साथ सब्र भी जरूरी है, क्योंकि खाने का असली स्वाद तभी निखरता है, जब उसे पकने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। खासकर अवधी व्यंजनों में धीमी आंच पर पकाने की परंपरा स्वाद और खुशबू को निखारने में अहम भूमिका निभाती है...

यह कहना है 'मास्टरशेफ इंडिया' (सीजन 8) की प्रतियोगी लखनऊ की शेफ सीमा अहमद का जिनके बने अवधी व्यंजन इन दिनों जहांनुमा पैलेस की शान हैं। जहांनुमा पैलेस में 22 से 25 अक्टूबर तक अवधी फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शेफ सीमा लखनऊ और फैजाबाद की पारंपरिक पाक कला को प्रस्तुत कर रही हैं।



होटल जहांनुमा में अपने अवधी व्यंजनों के साथ लखनऊ की शेफ सीमा अहमद।





बच्चों और उनके दोस्तों के खाने के प्रति लगाव ने बनाया शेफ

बचपन से रसोई से दूर रहने वाली सीमा का कुकिंग का सफर एक दिलचस्प घटना से शुरू हुआ उन्होंने बताया कि मेरे बच्चों को अच्छा खाना खाने और दूसरों को खिलाने का बेहद शौक था। वे अक्सर अपने दोस्तों को घर बुलाते और मुझे बिरयानी बनाने का कहते, बस बच्चों को खुश करने मैं अवधी बिरयानी के साथ अवध के खास लजीज व्यंजन बनाती और सर्व करती। बस बच्चों और उनके दोस्तों के खाने के प्रति इसी लगाव ने मेरे भीतर नए-नए व्यंजन बनाने की रुचि पैदा की।



गरम तेल के छींटों ने बदल दी सोच

मेरे घर कुक लगे थे और मैंने कभी खाना नहीं बनाया था। एक बार मेरी मां ने गर्म तेल में फिश डालने को कहा और मैंने गर्मागर्म तेल में फिश डाली और उसके छींटे पूरे किचन में और मेरे ऊपर। फिर क्या था मुझे लगा कि अब मुझे एक अच्छी कुक तो बनना ही है। इस घटना ने मुझे एहसास कराया कि खाना बनाना केवल सामग्री को तेल में डाल देने भर का काम नहीं, बल्कि इसके लिए सही तकनीक और समझ भी जरूरी है और धीरे-धीरे मेरी कुकिंग की रुचि जुनून में बदल गई।

जनजातीय संग्रहालय में पुतुल समारोह का शुभारंभ, दस देशों की 150 से अधिक कठपुतलियां हुई प्रदर्शित

चीन की 2,000 वर्ष पुरानी पी यिंग शी संग देखने को मिले कर्नाटक के लकड़ी से बने राम-रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदिरा गांधी राट्रीय कला केंद्र-नई दिल्ली द्वारा दिल्ली में 1991 में एक पपेट फेस्ट हुआ था, जिसमें देश और दुनिया की सैकड़ों कठपुतलियों को प्रदर्शित किया गया था, तब हमनें अनेकों देशों की कठपुतलियों का कलेक्शन किया और इसका प्रदर्शन देश के अनेकों स्थानों पर किया, लेकिन भोपाल में करीब दस देशों की 150 से अधिक कठपुतलियों का प्रदर्शन पहली बार हो रहा है, इससे पहले करीब 20 साल पहले ऐसी ही कुछ कठपुतलियों को भारत भवन में प्रदर्शित किया गया था। यह एक प्रकार से कठपुतलियों का संसार है, जिसमें जहां एक ओर लकड़ी से बनी चीन की 2,000 वर्ष पुरानी पी यिंग शी छाया कठपुतली कला प्रदर्शित है तो वहीं टर्की, वियतनाम, इं डो ने शि या , इजिप्ट, अर्जेंटिना के साथ करीब दस देशों की कठपुतलियों संग भारत के अनेकों राज्यों की कठपुतलियां प्रदर्शित की गई हैं...

यह कहना है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के राजेंद्र सिंह का। जनजातीय संग्रहालय में आयोजित पुतुल समारोह में प्रदर्शित कठपुतलियों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देश से विलुप्त हो रही कठपुतली कला को लोगों तक पहुंचाने के लिए इस तरह के आ यो ज न किए जाते रहे हैं। ज न जा ती य संग्रहालय, इंदिरा गांधी राट्रीय कला केंद्र-नई दिल्ली और डॉल्स थिएटर-कोलकाता द्वारा ट्राइबल म्यूजियम में गुरुवार से आयोजित पुतुल समारोह में अनेकों देशों की कठपुतली प्रदर्शन के साथ साथ शाम को कठपुतली कला का प्रदर्शन महाराष्ट्र से आए सत्यजीत पाथ्ये और ग्रुप ने किया।


रशिया का पुतुल


रशिया का पुतुल।


रोमानिया का जोकर।


स्विट्जरलैंड का पुतुल।


बुल्गारिया का पुतुल।


जनजातीय संग्रहालय में पपेट शो का आयोजन किया गया। इनसेट : श्रीलंका का पुतुल।





15 से अधिक माध्यम में दी शब्द भ्रम की प्रस्तुति

पेशे से चार्टेड अकाउंटेट सत्यजीत ने बोलती कठपुतलियों और गुड्डे का प्रयोग कर शब्द भ्रम की कला को प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में छड़. दस्तान, धागा, आधुनिका शैली की कठपुतलियों के माध्यम से हंसी-मजाक, चुटकुले, कविता, गीतों की प्रस्तुति के दौरान 15 से अधिक अलग अलग माध्यम की कठपुतलियों से कलाकार ने रचनात्मक प्रस्तुति दी।


पपेट शो दिखाते सत्यजीत।


लकड़ी से बना राम का पुतुल (कर्नाटक)


कर्नाटक का लकड़ी से बना रावण


तुर्की का पुतुल।

अनुराग बसु ने फोन कर कहा आदित्य राय से मिलता-जुलता वेंट्रिलोक्विज्म पपेट बनाओ...

भारत के पहले 3डी प्रिंटेड वेंट्रिलोक्विज्म पपेट निर्माता सत्यजीत पाध्ये से खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अनुराग बसु ने मुझे फोन पर आदित्य राय कपूर से मिलता-जुलता पपेट तैयार करने की बात कही। साथ ही आदित्य को इसका प्रशिक्षण देने के लिए भी कहा, इसे वो लूडो फिल्म में दर्शाना चाहते थे और इसलिए हमनें 3डी स्कैनिंग और 3डी प्रिंटिंग तकनीक का इस्तेमाल कर श्री डी प्रिंटेंट पपेट तैयार किए जो भारत की पहली श्री डी प्रिंटेट वेंट्रिलोक्विज्म (बिना होंठ हिलाए आवाज निकालने की कला) पपेट बनी...

यह कहना है प्रसिद्ध वेंट्रिलोक्विस्ट और कठपुतली कलाकार रामदास पाध्ये के पुत्र सत्यजीत रामदास का, जो गुरुवार को जनजातीय संग्रहालय में पुतुल समारोह में प्रस्तुति देने आए। इस अवसर पर उन्होंने कठपुतली कला से जुड़ी जानकारी साझा की।



पिता ने की लिज्जत के पपेट संग 'तात्या बिच्छ' की रचना

उन्होंने कहा कि मेरे पिता रामदास पाध्ये को कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है, जिन्होंने देश के प्रसिद्ध लिज्जत पापड़ के लोकप्रिय विज्ञापन के लिए मशहूर खरगोश 'बनी द फनी' की रचना की थी, इसके साथ ही मेरे पिता ने जिमी शेरगिल के गीत दिल लगा लिया... के पपेट सहित भारतीय सिनेमा के सबसे यादगार डरावने कठपुतली किरदारों में से एक मराठी हॉरर-कॉमेडी फिल्म झपाटलेला से लोकप्रिय 'तात्या बिच्छ' की रचना 1993 में मेरे पिता ने की।

मैंने सीए को छोड़ पुश्तैनी काम पपेट कला को चुना

सीए की डिग्री हासिल करने वाले सत्यजीत कहते हैं कि मेरे पिता कहते हैं कि पढ़ाई पूरी करो, लेकिन काम अपने मन का करो, इसलिए मैंने पेशे से अपने पुश्तैनी काम को चुना। जिसमें मैं सीए की प्रेक्टिस न करके सिर्फ देश में विलुप्ती की कगार पर पहुंच चुकी कठपुतली कला का प्रचार प्रसार कर रहा हूं।

मेरे दादा ने बनाया प्रसिद्ध 'अर्धवटराव' पपेट

सत्यजीत पाध्ये ने कहा कि मेरे दादाजी यशवंत पाध्ये एक प्रसिद्ध जादूगर थे। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने एक सैनिक को वेंट्रिलोक्विज्म करते हुए देखा। इससे प्रेरित होकर उन्होंने 'अर्धवटराव' नामक पात्र की कल्पना की। इसका निर्माण 1916 और 1917 के बीच हुआ था।



'रॉयल-ई-राजपूताना' फूड फेस्टिवल, घेवर-मालपुआ समेत मिलेंगी पारंपरिक मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजस्थान के शाही जायकों का स्वाद अब राजधानी में भी मिलेगा। सफल रिट्रीट के नीमब्री रेस्टोरेंट में 25 अक्टूबर तक पांच दिवसीय 'रॉयल-ई-राजपूताना' फूड फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। इसमें राजस्थानी खानपान की पारंपरिक विरासत से जुड़े कई खास व्यंजन परोसे जाएंगे। फेस्टिवल के मेन्यू में दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर-सांगरी, प्याज की कचौरी, जोधपुरी मिर्ची बड़े के साथ लाल मांस, राजपूताना मुर्ग करी और जंगली मांस जैसे पकवान शामिल हैं। मिठाइयों में मलाई घेवर, मालपुआ, मोहनथाल, मावा कचौरी और अलवर का कलाकंद भी आकर्षण रहेंगे। सफल रिट्रीट के एग्जीक्यूटिव शेफ नरेंद्र राजपूत ने बताया कि व्यंजनों को पारंपरिक राजस्थानी मसालों और खास अंदाज में तैयार किया जाएगा। फेस्टिवल का उद्देश्य मेहमानों को एक ही जगह पर राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों के लोकप्रिय स्वादों का अनुभव कराना है।



सीए इंटरमीडिएट में कुनाल बने भोपाल सिटी टॉपर तो हर्षवर्धन को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) बनने की दिशा में विद्यार्थियों की मेहनत और लगन एक बार फिर रंग लाई। गुरुवार को आई सी ए आई द्वारा घोषित सीए इंटरमीडिएट के परिणाम में भोपाल से कुनाल ने सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया, वहीं हर्षवर्धन दूसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में सिटी टॉपर्स ने अपनी जर्नी साझा की।

मंदिर जाने से मिलता मोटिवेशन के साथ दिल को सुकून

सीए इंटरमीडिएट में 71.1% लाकर सिटी में प्रथम स्थान लाने वाले कुणाल रमनानी ने कहा कि मैं 12वीं के बाद एक ही सीए इंटरमीडिएट की प्रिपरेशन स्टार्ट कर दी थी और 2025 नवंबर से मैंने प्रिपरेशन स्टार्ट की और दस महीने तक करीब 11 से 12 घंटे रोजाना पढ़ाई करके मैंने यह उपलब्धी हासिल की। उन्होंने कहा कि मैंने ऑनलाइन स्टडी की और इसी पर पूरा फोकस किया क्योंकि ऑनलाइन क्लासेस काफी लंबी हो जाती थीं तो मैं दिमाग को रिलेक्स देने गाने सुनना या मंदिर जाना पसंद करता था इससे मुझे मोटिवेशन तो मिलता ही साथ ही मन को भी सुकून मिल जाता। कुणाल कहते हैं कि मैंने स्टडी के दौरान सोशल मीडिया से भी दूरी बना ली थी ताकि पढ़ाई के दौरान मेरा दिमाग डिस्ट्रक्ट न हो।



पैरेंट्स के साथ समय बिताकर किया दिमाब को रिलेक्स

वही सीए इंटरमीडिएट में 67.3% लाकर सिटी में तीसरे स्थान पर आने वाली अर्शिता पाली ने कहा कि जब मैं आठवीं क्लास में थी तभी मैंने सोच लिया था कि मुझे सीए बनना है, इसके लिए मैंने खूब मेहनत की, 12वीं में भी मेरे 92% आए और इसके बाद से ही मैंने सीए की प्रिपरेशन शुरु की दी। 8 से 10 महीने में ही सीए इंटरमीडिएट क्रैक किया। अर्शिता कहती हैं कि मैं रोजाना 12 घंटे तक पढ़ती और सोशल मीडिया ही नहीं मैंने सोशल गेदरिंग करनी भी छोड़ दी थी। हां जब पढ़ते-पढ़ते बोर हो जाती तो पेरेंट्स के साथ समय बिताती या उनके साथ टीवी देखती थी।



प्रोजेक्ट्स में दिखी विद्यार्थियों की रचनात्मकता



आरएनटीयू में टैगोर कला विज्ञान पर्व शुरू

भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय टैगोर खेल-कला-विज्ञान पर्व शुरू हुआ। 24 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन में विद्यार्थियों ने विज्ञान परियोजनाओं के जरिए नवाचार और रचनात्मकता दिखाई। 'रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल' थीम पर आधारित विज्ञान पर्व में पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के पुनः उपयोग का संदेश दिया गया। वहीं, कला पर्व में गायन, वादन, नृत्य, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं के जरिए विद्यार्थियों को प्रतिभा दिखाने का मंच मिला।





प्रताप का टीजर जारी, इस बार शिकारी खुद हुआ शिकार

मुंबई। फिल्म 'प्रताप' का टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। फिल्म में अभिनेता अमित साध मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में एक पुलिसवाला और उसके पीछे चलती साजिश को दिखाया गया है। यह पुलिस ऑफिसर एक ब्लास्ट केस में फंसा हुआ है। इस केस की वजह से उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। मगर वह हार नहीं मानता। जेल में रहते हुए भी वह खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए कानून का सहारा लेता है।फिल्म प्रताप का लेखन और निर्देशन सचिन सारफ कर रहे हैं वहीं, फिल्म का निर्माण प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स कर रहे हैं।

लाइफ Style

ईशा

कलाकार को वक्त के साथ बदलना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईशा कोप्पिकर ने अपने फिल्मी कॅरियर के बारे में बात की है। उन्होंने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर और बदलते समय के साथ खुद को ढालने की अहमियत पर बात की।

तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने शुरुआती काम से लेकर 'कंपनी' और 'एक विवाह ऐसा भी' जैसी बॉलीवुड फिल्मों तक, ईशा कोप्पिकर ने इस बात पर जोर दिया कि इंडस्ट्री में लंबा कॅरियर बनाए रखने के लिए एक एक्ट्रेस के तौर पर लगातार एक्टिव रहना बहुत जरूरी है। इस बीच एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उन्हें 'दिल चाहता है' रिजेक्ट करने का पछतावा है। ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उम्र के साथ कलाकारों को खुद में बदलाव क्यों लाना चाहिए। एक बातचीत में अपने सफर को याद करते हुए, ईशा ने एक कलाकार के तौर पर चर्चा में बने रहने के बारे में अपने विचार शेयर किए, 'एक कलाकार के रूप में आप जो सबसे अच्छा काम कर सकते हैं। वह है उम्र के साथ खुद को ढालना और आगे बढ़ना। कलाकार के तौर पर हमें अक्सर लगता है कि हमारी उम्र कभी नहीं बढ़ती, लेकिन हमें बदलाव को अपनाना चाहिए और अलग-अलग तरह के किरदार निभाने चाहिए। एक ही तरह के काम से होने वाली नीरसता को तोड़ना जरूरी है, क्योंकि लोग आपको बार-बार एक ही रोल में देखकर ऊब जाते हैं। मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं थी, क्योंकि इससे पहले मैंने बहुत ही साधारण और सीधी-सादी लड़कियों के रोल किए थे।



हॉलीवुड मसाला



इ्यून पार्ट-3 की रिलीज डेट

में बदलाव

नई दिल्ली। मार्वल स्टूडियोज की अपकमिंग फिल्म एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में भी रिलीज किया जाएगा, जिसकी वजह से इ्यून-3 की रिलीज डेट बदली गई है। 18 दिसंबर को एवेंजर्सः डूम्सडे को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। लेकिन, चीन में ये फिल्म रिलीज से दो दिन पहले बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की जाएगी। 16 दिसंबर को मार्वल की एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में आईनॉक्स सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अब निर्देशक डेनिस विलेन्यूव की इ्यून 3 को करीब दो हफ्ते बाद 31 दिसंबर को चीन में प्रदर्शित किया जाएगा।



अब डॉक्टर डूम बनकर लौट रहे 'आयरन मैन'

नई दिल्ली। हॉलीवुड मूवी अवेंजर्स डूम्सडे को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज है। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियतों में से एक हैं हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जिन्होंने कभी आयरन मैन बनकर दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीता था। अब वही अभिनेता मार्वल की दुनिया में डॉक्टर डूम बनकर आ रहे हैं। सुपरहीरो से सुपरविलेन बनने का उनका यही सफर फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी बनी हुई है। तभी तो 4600 करोड़ के प्रोडक्शन बजट और 23 से ज्यादा सुपरहीरो वाली फिल्म ने रिलीज से पहले ही 100 मिलियन डॉलर कमा लिए हैं। बता दें कि हॉलीवुड स्टार आरडीजे की उम्र 61 साल है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 2008 में रिलीज हुई फिल्म आयरन मैन से मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी।



'418' चार भाषाओं में होगी रिलीज...

मुंबई। फिल्म केजीएफ और सालार के निर्देशक प्रशांत नील तेलुगु हॉरर थ्रिलर '418' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 23 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म चार भाषाओं में रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर और स्पेशल स्क्रीनिंग को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कीर्तन नादगौड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म दिलचस्प है, क्योंकि यह अपने ओरिजिनल रिलीज प्लान से आगे बढ़ गई है। इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट करने वाली मैथरी मूवी मेकर्स ने शुरू में इसे तेलुगु में रिलीज करने का प्लान बनाया था। हालांकि फिल्म को मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद मेकर्स अब इसे तेलुगु, कन्नड़, तमिल और हिंदी में रिलीज करने वाले हैं। यह फिल्म एक बिल्डिंग के रूम नंबर 418 के राज के इर्द-गिर्द घूमती है।



खोसला का घोसला-2 की रिलीज डेट बदली

नई दिल्ली। फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की रिलीज डेट बदल दी गई है। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, 'सौदा पक्का! खोसला परिवार सिनेमाघरों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। 'खोसला का घोसला 2' 5 मार्च 2027 को बड़े पर्दे पर आ रही है।' 'खोसला का घोसला 2' में पहली फिल्म के कई कलाकार एक बार फिर नजर आएंगे। इनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, रणवीर शौरी, किरण जुनेजा और परवीन डबास शामिल हैं। वहीं, साल 2006 में आई पहली फिल्म का हिस्सा रहीं तारा शर्मा भी इस सीक्वल में नजर आएंगी। जबकि नए कलाकारों में फिल्म से रवि किशन और दिव्य खोसला भी जुड़े हैं। 'खोसला का घोसला' साल 2006 में रिलीज हुई थी।

टीवी मसाला



पवन की एंट्री से मची धूम रूलर्स के बीच छिड़ी जंग

नई दिल्ली। राइज एंड फॉल' सीजन 2 में काजल और सारा के डबल एविक्शन के बाद शो में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। गौतम गुलाटी और प्रियंका चाहर चौधरी ने फिलहाल एक-दूसरे से दुश्मनी भुलाकर साथ आने का फैसला किया है। शो के पेंटहाउस में इरीना रुडाकोवा और निहारिका तिवारी के बीच जसवंत बोपन्ना को लेकर चर्चा हुई। घर में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि जसवंत की निहारिका में रोमांटिक दिलचस्पी है। हालांकि, निहारिका ने इस बात को खारिज कर दिया। घर के दूसरे सदस्यों के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। शो में मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह टावर पहुंचे। इस खास कार्यक्रम को स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला ने होस्ट किया। इस दौरान पवन सिंह ने शो में अपने पिछले अनुभव को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'मेरा मूड बदलते रहता था। शुरुआती दिनों में पहले दिन लगा कि मेरी सांस रुक जाएगी। मुझे खुले में रहने की आदत है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो गया।' इस कार्यक्रम में निहारिका और जसवंत ने परफॉर्म किया। वहीं, इरीना ने पवन सिंह के साथ डांस किया। करण पटेल और ऋषभ ने रूलर्स और वर्कर्स की नकल उतारकर सभी को खूब हंसाया। मनोरंजन से भरी शाम के बाद शो में खेल फिर शुरू हुआ। इस बार पेंटहाउस में रहने वाले दो रूलर्स को बेसमेंट में भेजने के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया हुई। नियम के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स को विरोधी तिकड़ी के सदस्यों के नाम पर वोट देना था।

गौरव के हाथ लगा एकता का नया शो

नई दिल्ली। गौरव खन्ना अब एकता कपूर के अपकमिंग शो में नजर आएंगे और उनके साथ श्रद्धा आर्या लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों ही शो का टीजर जारी किया था और अब दोनों ने सेट पर साथ पूजा की है।



हालांकि, अब तक शो के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। हाल ही में शो का टीजर जारी किया गया था और अब श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना ने सेट पर मुहूर्त पूजा के साथ अपने नए शो का आगाज किया है, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना की कुछ तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें दोनों को अपने नए शो के सेट पर पूजा करते देखा जा सकता है। दोनों ने सेट पर दुर्गा पूजा की रस्में निभाईं और भक्ति में लीन नजर आए। इन तस्वीरों और वीडियो में दोनों सफेद रंग के ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं।

सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' ने किया था कैबरे डांस, 77 साल पहले आई फिल्म का है ये गीत

नई दिल्ली। आजकल शादी, पार्टी और गेट-टूगेदर्स में जब डांस सॉन्ग्स की बात आती है तो ज्यादातर आइटम सॉन्ग्स पर ही लोग झूम-झूमकर नाचते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं भारत की पहली आइटम गर्ल कौन थी और उन्होंने 77 साल पहले एक ऐसे गाने पर कैबरे डांस किया था जिस पर उस दौर पर में पार्टी में लोग खूब नाचते थे। सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' कुकू मोरे ने 77 साल पहले रिलीज हुई फिल्म बरसात के गाने पतली कमर है, तिरछी नजर है में कैबरे डांस किया था। इसमें मोरे ने प्रेमनाथ के साथ शानदार डांस किया था। इस आइकॉनिक ट्रैक को शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने कंपोज किया था, वहीं स्वर कोकिला लता मंगेशकर और मुकेश की जोड़ी ने इसे अपनी शानदार आवाज से सजाया था।

हेलेन की मेंटर थीं कुकू

1940 के दशक के बॉलीवुड में डांसिंग की क्वीन मानी जाने वालीं कुकू मोरे एक ऐसी कलाकार थीं, जिन्होंने हेलेन के स्टार बनने से पहले उन्हें गाइड करने में मदद की थी। इतना ही नहीं, उन्हें सिनेमा की पहली आइटम गर्ल भी माना जाता है। कुकू मोरे बॉलीवुड की पहली कैबरे/वैम्प डांस बनीं और उन्हें हिंदी सिनेमा में डांस नंबर कल्चर की शुरुआत करने वाली कलाकार माना जाता है। उनके जबरदस्त डांस मूव्स और लचीलेपन की वजह से उन्हें 'रबर गर्ल' कहा जाता था और वे अपने डांस के लिए अच्छी खासी फीस भी लेती थी।



बरसात के बारे में

'बरसात' 1949 में रिलीज हुई थी जिसे राज कपूर ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में कपूर और नरगिस की मशहूर जोड़ी के साथ प्रेम नाथ भी थे और इसी फिल्म से एक्ट्रेस निम्मी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।'बरसात' कपूर के डायरेक्ट की गई शुरुआती बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इस कामयाबी की वजह से कपूर 1950 में आरके स्टूडियो खरीद पाए।

शबाना के बेबाक बोल- न नमाज पढ़ती हूं, न धर्म से कोई वास्ता

मुंबई। हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाक राय और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बोलने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने धर्म, आस्था और पारिवारिक परवरिश को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। शबाना ने बताया कि वह मुस्लिम हैं और उन्हें ईद मनाना, उर्दू भाषा और पारंपरिक खानपान पसंद है, लेकिन वह नमाज नहीं पढ़तीं और न ही धर्म से उनका कोई औपचारिक जुड़ाव है। अभिनेत्री के मुताबिक, उनके लिए आस्था पूरी तरह व्यक्तिगत मामला है और इसमें राज्य या सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपने पति और मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के नास्तिक विचारों का भी जिक्र किया। शबाना आजमी ने एक बातचीत के कार्यक्रम में अपने परिवार और धार्मिक विचारों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके पिता कैफी आजमी नास्तिक थे, जबकि उनकी मां धर्म का पालन तो करती थीं, लेकिन बहुत गंभीरता से नहीं।



अभिनेत्री ने कहा कि उनकी भाषा में 'माशाअल्लाह' और 'इंशाअल्लाह' जैसे शब्द सहज रूप से शामिल हैं। हालांकि उनके पति जावेद अख्तर कभी-कभी इस पर सवाल उठाते हैं। शबाना के अनुसार जावेद उनसे पूछते हैं कि अगर कोई व्यक्ति बार-बार 'प्रभु जी की मर्जी' कहे तो उन्हें कैसा लगेगा। इस पर अभिनेत्री का मानना है कि कुछ शब्द हमारी भाषा और सांस्कृतिक परिवेश का हिस्सा बन जाते हैं। उनका इस्तेमाल हमेशा धार्मिक विश्वास का संकेत नहीं होता। अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के बारे में शबाना आजमी ने स्पष्ट किया कि वह मुस्लिम हैं और अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी चीजों को पसंद करती हैं। उन्हें ईद का त्योहार, उर्दू भाषा और पारंपरिक खाना अच्छा लगता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार में नमाज पढ़ने की परंपरा नहीं है और धर्म के साथ उनका कोई औपचारिक संबंध नहीं है।

हॉरर-थ्रिलर से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी का मिलेगा मजा

आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात फिल्में होंगी रिलीज

नई दिल्ली। आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात बॉलीवुड फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों को क्रिकेट के रोमांच से लेकर पारिवारिक रिश्तों, प्यार, एक्शन, कॉमेडी और खौफनाक रहस्यों तक का अनुभव मिलेगा। अगर आप वीकेंड पर थिएटर में फिल्म देखने की योजना बना रहे हैं, तो इन फिल्मों की कहानी और जॉनर के बारे में जान सकते हैं।

दूसरा *: स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दूसरा' की कहानी भारतीय क्रिकेट के एक यादगार दौर से प्रेरित है। फिल्म में साल 2002 की नेटवेस्ट सीरीज में भारत की ऐतिहासिक जीत की पृष्ठभूमि दिखाई गई है। लॉर्ड्स के मैदान पर मिली इस जीत ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई थी। फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना के साथ एक युवा लड़की की कहानी को जोड़ती है। क्रिकेट के जुनून, उस दौर के माहौल और भारतीय क्रिकेट में आए बदलावों को पेश करने वाली यह फिल्म खेल पर आधारित कहानियां पसंद करने वाले दर्शकों के लिए दिलचस्प हो सकती है।*

लिटिल थॉमस *: लिटिल थॉमस एक फैमिली ड्रामा है, जिसकी कहानी 1990 के दशक के गोवा में स्थापित है। फिल्म का मुख्य किरदार सात साल का थॉमस है, जो अपने परिवार में एक छोटे भाई की चाहत रखता है। उसकी इस मासूम इच्छा के बाद परिवार में क्या बदलाव आते हैं और रिश्तों पर इसका क्या असर पड़ता है, कहानी इसी के इर्द-गिर्द आगे बढ़ती है। बच्चों की भावनाओं और पारिवारिक रिश्तों को केंद्र में रखने वाली यह फिल्म हल्की-फुल्की और भावनात्मक कहानी देखने वालों को आकर्षित कर सकती है।*





उड़ता तीर: अगर आप इस वीकेंड कुछ हल्का-फुल्का और मनोरंजक देखना चाहते हैं, तो 'उड़ता तीर' एक विकल्प हो सकती है। स्पाई कॉमेडी और फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश की जा रही इस फिल्म में एक ऐसे जासूस की कहानी है, जिसकी गलतियां उसे बड़ी मुसीबत में डाल देती हैं। उसके कारण जासूसी की दुनिया में घटनाओं का ऐसा सिलसिला शुरू होता है, जो कई मजेदार परिस्थितियां पैदा करता है। फिल्म में जासूसी के रोमांच के साथ हास्य का मेल देखने को मिलेगा। परिवार के साथ मनोरंजन की तलाश कर रहे दर्शकों की इसमें दिलचस्पी हो सकती है।

तू है मेरी किरण : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' रोमांस और सस्पेंस का मेल है। फिल्म में दोनों कलाकारों के किरदारों के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है, लेकिन उनका रिश्ता उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित मोड़ों से गुजरता है। कहानी में प्यार के साथ रहस्य का पहलू भी जुड़ा है, जो दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखने की कोशिश करेगा। रोमांटिक कहानियों में सस्पेंस और रिश्तों की जटिलताएं पसंद करने वाले दर्शक इस फिल्म को अपनी वीकेंड वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

तुम मेरे हो *: 'तुम मेरे हो' में प्रेम कहानी को एक्शन और एडवेंचर के साथ पेश किया गया है। फिल्म की कहानी दो प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें अपने रिश्ते को बनाए रखने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के बीच उनके रिश्ते की परीक्षा होती है और यह सवाल सामने आता है कि मुश्किल हालात में उनका प्यार कितना मजबूत साबित होगा। रोमांस के साथ तेज रफ्तार घटनाएं और एक्शन पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह फिल्म एक विकल्प हो सकती है।*

पहला प्यार दूसरी बार *: रोमांटिक कॉमेडी 'पहला प्यार दूसरी बार' की कहानी पुराने प्यार के दोबारा जिंदगी में लौटने के विचार पर आधारित है। किसी पुराने रिश्ते की वापसी के बाद जिंदगी पहले जैसी नहीं रहती और नए सवाल खड़े होने लगते हैं। प्यार, दोस्ती और आपसी रिश्तों के बीच पैदा होने वाली उलझनों को फिल्म में रोमांस और कॉमेडी के अंदाज में दिखाया गया है। पहले प्यार से जुड़ी भावनाओं और रिश्तों में आने वाले बदलावों पर आधारित कहानियां पसंद करने वालों को यह फिल्म पसंद आ सकती है।*

पैरा एशियन गेम्स : सभी खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम, कुल पदक संख्या 88 हुई

भारत का दबदबा, चौथे दिन 26 मेडल आए झोली में : 7 गोल्ड, 4 सिल्वर व 15 ब्रॉन्ज

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत ने पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाडी अपना दबदबा दिखा रहे हैं। सभी खेलों के हुनरबाज खिलाड़ियों ने गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। शीतल ने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट में भी सोना अपने नाम किया।

एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर T47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर T47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।



एथलेटिक्स : सुवर्णा ने 15.66 मीटर डिस्कस फेंका

सुवर्णा ने महिला डिस्कस थ्रो की एफ54 कैटेरी में 15.66 मीटर थ्रो किया। उन्होंने छह प्रयासों में चार बार 15 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की। ईरान की शाहला हदीदी 15.45 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वियतनाम की थी न्गोक थुई गुयेन ने 14.65 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। एफ54 कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी आते हैं, जिनके धड़ और निचले अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ये खिलाड़ी थ्रोइंग चेयर से मुकाबला करते हैं। सुवर्णा ने अपना गोल्ड जीतने वाला थ्रो पांचवें प्रयास में किया और पोडियम में पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स : भारत ने हाई जंप में क्लीन स्वीप किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की हाई जंप टी42/टी63 स्पर्धा में भारत ने तीनों मेडल जीतकर पोडियम पर कब्जा जमाया। शैलेश कुमार ने 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता और नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। वरुण सिंह भाटी ने 1.84 मीटर की छलांग के साथ सिल्वर और राहुल ने 1.81 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। भारत ने 2022 के बाद लगातार दूसरी बार इस स्पर्धा के तीनों मेडल जीते।





एथलेटिक्स : 400 मीटर टी47 में भारत को गोल्ड-सिल्वर

पैरा एथलेटिक्स की महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में भारत ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। अंजनाबेन बुम्बाडिया ने 59.97 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि जयंती बेहरा ने सिल्वर मेडल दिलाया।

तीरंदाजी: भारतीय जोड़ी ने शीतल-तोमर ने जीता गोल्ड



शीतल देवी और तोमर कुमार ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया की थियोडोरा ऑडी ओंडिया फेरेली और केन स्वागुमिलांग को 151-148 से हराया। पहले चार तीर के सेट के बाद भारतीय जोड़ी के पास एक अंक की बढ़त थी। दूसरे सेट के बाद यह बढ़त 4 अंक हो गई। तब भारत का स्कोर 77 और इंडोनेशिया का 73 था। तीसरे सेट में भारतीय जोड़ी के चारों तीर 9 अंक पर लगे। हालांकि, आखिरी सेट में दोनों ने फिर 38 अंक हासिल किए और गोल्ड अपने नाम किया। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं।

आर्चरी : शीतल देवी को दूसरा गोल्ड

पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी ने गोल्ड मेडल जीत लिया। उन्होंने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल फाइनल में सिंगापुर की नूर आलिम स्याहिदाह को 142-139 से हराया।

तीरंदाजी की डब्ल्यू1 में स्वाति ने रचा इतिहास



स्वाति चौधरी ने एशियन पैरा गेम्स में तीरंदाजी की डब्ल्यू1 कैटेगरी में भारत का पहला मेडल जीता। मेरठ की स्वाति चौधरी को विमेंस इंडिविजुअल फाइनल में चीन की सेन मेंगकान से 4-6 से हार मिली। इस जीत के साथ स्वाति ने सिल्वर और सेन ने गोल्ड मेडल जीता। सेन दुनिया की 23वें नंबर की तीरंदाज हैं। वे ओलंपियन सत्यदेव प्रसाद के मार्गदर्शन में मेरठ की गुरुकुल आर्चरी एकेडमी में ट्रेनिंग करती हैं।

धर्मराज ने लॉन्ग जंप का गोल्ड अपने नाम किया



पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की लॉन्ग जंप T44/T62/T64 स्पर्धा में सोलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2025 में बनाया अपना ही 7.08 मीटर का रिकॉर्ड 7 सेंटीमीटर से बेहतर किया। सोलैराज ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था, तब उन्होंने 6.80 मीटर की छलांग लगाई थी।

एथलेटिक्स : दिलीप ने लगातार दूसरी बार गोल्ड जीता



पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप महादू गावित ने 48.27 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। भाविककुमार भरवाड़ ने 49.31 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड जीता था।

खबर संक्षेप

रवि की तैराकी में पदकों की हैट्रिक



नागोया। भारत के किशोर पैरा तैराक रवि बुडिगिना ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पदकों की हैट्रिक पूरी की जबकि तीन अन्य भारतीय तैराकों ने भी पदक जीते। रवि इससे पहले इस सप्ताह पुरुषों की एस13 वर्ग की 100 मीटर बैकस्ट्रोक और फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में भी रजत पदक जीत चुके हैं। आंध्र प्रदेश के दृष्टिबाधित 18 वर्षीय रवि ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 25.89 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस वर्ग में ऐसे खिलाड़ी शामिल होते हैं जिन्हें शारीरिक अक्षमता होती है और जिनका बांहों तथा धड़ पर पूरा नियंत्रण होता है लेकिन पैरों की कार्यक्षमता सीमित होती है या अंगों में कुछ विशेष कमियां होती हैं।

अनाहत ने आठ बार की विश्व चैंपियन एल शेरबिनी को हराया

नई दिल्ली। भारत की विश्व में 15वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेले जा रहे सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में मिस्र की आठ बार की विश्व चैंपियन नूर अल शेरबिनी को सीधे गेम में उलटफेर का शिकार बनाकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।



एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व में तीसरे नंबर की शेरबिनी को 30 मिनट में 11-8, 11-8, 11-7 से हराया। अनाहत के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है।

बैडमिंटन : भारत ने चार कांस्य जीते, नवीन एकल फाइनल में

एजेंसी ▶▶| नागोया



थुलासिमथी मुरुगेसन और नितेश कुमार की भारतीय जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 जबकि नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके अलावा चार कांस्य पदक भी जीते।

ऐसा रहा युगल व सिंगल मुकाबला: थुलासिमथी और नितेश ने इंचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में चीन के ली मिंगपान और शियाओ जुक्सियन को 21-19, 14-21, 21-17 से पराजित किया। यह मैच 42 मिनट तक चला। नवीन ने पुरुष एकल एसएल4 सेमीफाइनल में हमवतन अभिजीत सखूजा को 21-13, 21-15 से हराया।

मिश्रित युगल स्पर्धा में मिला कांस्य : मिश्रित युगल स्पर्धा में फाइनल दो भारतीय जोड़ियों के बीच हो सकता था लेकिन मनीषा रामदास और प्रमोद भगत इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओक्टिला और हिकमत रामदानी से 21-16, 13-21, 17-21 से हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पुरुष एकल में तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास ललिनाकेरे यथिराज एसएल4 सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से 21-23, 21-8, 15-21 से हार गए और एक और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के कृष्णा नागर और नित्या श्री सुमति सिवान ने भी मिश्रित युगल एसएच6 सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की रीना मर्लिना और सुभान से 14-21, 18-21 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया।

रेणुका की जगह कलिता भारतीय वनडे टीम में शामिल

वडोदरा। भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की महिला वनडे श्रृंखला से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह तेज गेंदबाज जिंतिमणि कलिता को पहली बार इस प्रारूप की टीम में मौका दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, '' रेणुका बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 50 ओवर के प्रारूप के लिए जरूरी गेंदबाजी अभ्यास और कार्यभार बढ़ाने की प्रक्रिया से गुजर रही हैं।'' जिंतिमणि हाल ही में रायपुर में संपन्न हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थीं। वह टीम के साथ यात्रा कर रही हैं। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला का पहला मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।



संजू और नमन के बल्ले से निकली जीत, भारत ने न्यूजीलैंड को हराया

क्राइस्ट चर्च। भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। क्राइस्टचर्च में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले खेलते हुए 225/4 का स्कोर बनाया, जिसमें ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 82 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन के अर्धशतक (67) और नमन धीर (42*) की मदद से लक्ष्य हासिल किया। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य है।



फिलिप्स ने भारत के खिलाफ अपना तीसरा अर्धशतक लगाया: न्यूजीलैंड ने 80 रन के स्कोर पर जब अपना दूसरा विकेट खोया, तब फिलिप्स क्रीज पर आए। उन्होंने अक्षर पटेल के ओवर में लगातार 3 चौके लगाते हुए अपने इरादे जाहिर किए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 27 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 40 गेंदों में 82 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी पारी में उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के लगाए। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का कुल 13वां और भारत के खिलाफ तीसरा अर्धशतक साबित हुआ।

सैमसन ने लगाया अर्धशतक : सैमसन ने मैच में 33 गेंदों का सामना किया और 67 रन की पारी खेली। उन्होंने 8 चौके और 4 छक्के लगाए। उनकी स्ट्राइक रेट 203.03 रही। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने उन्हें आउट किया। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकेटकीपर बल्लेबाजों के बीच 200+ की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा बार 50 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सैमसन के नाम दर्ज हो गया है। उन्होंने 7 बार यह किया है।

सिंधू, अश्मिता फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में, तन्वी और शेट्टी बाहर



एजेंसी ▶▶| पेरिस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने बृहस्पतिवार को यहां 9,50,000 डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सिंधू और अश्मिता ने जापान की खिलाड़ियों क्रमशः रिको गुंजी और अकाने यामागुची को सीधे गेम में हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। गैर वरीय अश्मिता ने दूसरे दौर में दुनिया की नंबर दो और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची को 37 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। इसके बाद सिंधू ने गुंजी को 21-12, 21-16 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।



चोट के कारण शेट्टी ने छोड़ा मैदान

इसके बाद शेट्टी ने जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाई नाराओका के खिलाफ पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में चोट के कारण मैच छोड़ दिया। शेट्टी जब मुकाबले से हटे तब 17-21, 6-11 से पीछे चल रहे थे। हालांकि, उनकी चोट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। शेट्टी ने इससे पूर्व पहले दौर में हमवतन किदांबी श्रीकांत को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई थी।

खंड- I
ई-निविदा आमंत्रणसूचना
मध्यप्रदेश शासन
कार्यालय - कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमंडल भोपाल मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना सख्या 14 / ई-टेंडरिंग / 2026-27 दिनांक 21.10.2026

1. कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमडंल, भोपाल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	सामग्री का नाम	इकाई	निविदा दस्तावेजो का मूल्य	सत्यांकर राशि	निष्पादन सुरक्षा राशि
1	Hume pipe 300mm * 2.5m (type NP-2,NP-3, NP-4)	प्रति रनिंग मी.	500	9000	9000
2	Poly Bag is 15 * 25 cm in size, 100 micron (400 gauge), UV stabilized material, per KG minimum of 145 poly bags and a warranty of minimum usage for 2 years without tearing with exposure to sunlight and water.	प्रति कि. ग्रा.			
3	Poly Bag is 20 * 30 cm in size, 125 micron (500 gauge), UV stabilized material, per KG minimum of 70 poly bags and a warranty of minimum usage for 2 years without tearing with exposure to sunlight and water.	प्रति कि. ग्रा.			
4	LDPE SHEET - Natural Compound / Black Compound Conforming size: 10.25m * 1.25m Minimum thickness: 125 micron Gauge: 500 gauge Weight: (kg plus/minus 10)% per bed	प्रति कि. ग्रा.			

2. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है ।
3. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई - प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 21.10.2026 शाम 6.00 बजे से दिनांक. 04.11.2026 शाम 6.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
4. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

जी - 20398/26 स्वच्छता ही सेवा

वनमंडलाधिकारी,
पर्यावरण वानिकी वनमंडल भोपाल

कार्यालय कलेक्टर एवं समुचित सरकार म.प्र. शासन राजस्व विभाग
जिला-देवास (म.प्र.)

क्रमांक: 1282/भू-अर्जन / 2026 देवास, दिनांक 13/10/2026

।। संशोधित प्रारंभिक अधिसूचना ।।

अंतर्गत धारा 11 भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार, अधिनियम 2013 (क्र.30 सन 2013)

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक 1 में देवास विकास प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण हेतु ग्राम रसुलपुर तहसील देवास जिला देवास कि वर्णित भूमि जिसका कृषकवार एवं सर्वे क्रमांक वार विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है। सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

योजना का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित सर्वे क्रमांक की भूमि देवास विकास प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण से प्रभावित होने के कारण अधिग्रहण किया जाना है। अतः सोशल इम्पेक्ट असेसमेंट सर्वेक्षण की आवश्यकता नहीं है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्र. 30 सन् 2013) की धारा 11 के अंतर्गत घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूचि (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

अनुसूचि - 1
ग्राम / कस्बा - रसुलपुर तहसील देवास जिला देवास

क्र.	विवरण	अर्जित की जाने भूमि का कुल रकबा (हैक्टयर)		
		सिंचित	असिंचित	योग
1.	देवास विकास प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण ग्राम रसुलपुर	0.314	- -	0.314

अनुसूचि - 2
ग्राम / कस्बा - रसुलपुर तहसील देवास जिला देवास

क्र.	कृषक का नाम व पिता/पति का नाम	खसरा क्रमांक	भूमि का कुल रकबा			अर्जित की जाने वाली भूमि का कुल रकबा (हैक्टयर)		
			सिंचित	असिंचित	कुल	सिंचित	असिंचित	कुल
1.	पारख एग्रो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड डायरेक्टर सुरेश पिता हरकचन्द्र पारख आफिस 303 ए व अपोलो स्क्वेयर 7/2 आर.एम भण्डारी मार्ग न्यू पलासिया इंदौर	289	- -	1.672	1.672	- -	0.289	0.289
2.	पारख एग्रो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड डायरेक्टर सुरेश पिता हरकचन्द्र पारख आफिस 303 ए व अपोलो स्क्वेयर 7/2 आर.एम भण्डारी मार्ग न्यू पलासिया इंदौर	290/1	- -	0.405	0.405	- -	0.025	0.025
	प्रभावित कुल क्षेत्रफल						0.314	0.314

म.प्र. शासन के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(ऋतु राज)
कलेक्टर एवं समुचित सरकार, म.प्र. शासन राजस्व विभाग जिला देवास (म.प्र.)



मंत्री सारंग ने की महिला हॉकी एशियन चेंपियनशिप की तैयारियों की भी समीक्षा

अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का हैंड ओवर जल्द पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को टीटी नगर स्थित संचालनालय में अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भोपाल के हैंडओवर तथा महिला हॉकी एशियन चेंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री सारंग ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेल परिसर के हैंडओवर की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि हस्तांतरण से पहले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और आवश्यक सुविधाओं का समुचित सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में निर्माण कार्यों की स्थिति, तकनीकी सत्यापन, मूलभूत सुविधाओं, उपकरणों की खरीदी और परिसर के संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव संजीव सिंह, अपर सचिव अजय श्रीवास्तव, संचालक खेल एवं युवा कल्याण चंचल शेखर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



थर्ड पार्टी ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर होगी गुणवत्ता की समीक्षा

मंत्री सारंग ने खेल परिसर के निर्माण कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट कराने तथा उसकी रिपोर्ट के आधार पर कमियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि किसी भी संरचना का हैंडओवर लेने से पहले तकनीकी सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।

पानी, बिजली, आईटी और अन्य सुविधाओं पर ध्यान

मंत्री सारंग ने परिसर में पेयजल, बिजली, स्वच्छता, पार्किंग सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खेल परिसर के प्रभावी एवं सुचारु संचालन के लिए प्रशासनिक भवन, सर्वर रूम, आईटी रूम और आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण से संबंधित ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया।

प्रदेश के खेल परिसरों में सौर ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा

ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंत्री सारंग ने अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने प्रदेश के सभी खेल परिसरों में सौर ऊर्जा व्यवस्था विकसित करने के लिए भी कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया, ताकि ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण अनुकूल व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित किया जा सके।

आरएनटीयू में टैगोर खेल पर्व का आगाज

चार शहरों के 50 से अधिक स्कूली बच्चे दिखा रहे अपनी खेल प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में 22 से 24 अक्टूबर तक तीन दिवसीय टैगोर खेल-कला-विज्ञान पर्व आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत टैगोर खेल पर्व के अंतर्गत 17वें इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कार्निवाल के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन में रायसेन, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज और भोपाल के 50 से अधिक स्कूलों के लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए हैं। गुरुवार से प्रारंभ हुए खेल पर्व में बालक बालिका वर्ग में क्रिकेट (टेनिस बॉल), फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल और योग जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

इस मौके पर प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वात्स ने कहा,



खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। हमारा प्रयास है कि हर विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच मिले। कुलपति डॉ. आर.पी. दुबे ने कहा, शिक्षा के साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। रजिस्ट्रार डॉ. संगीता जौहरी ने कहा, "स्कूली बच्चों की भागीदारी इस आयोजन को और व्यापक बनाती है। टैगोर पर्व का समापन 24 अक्टूबर को होगा। विनर और रनरअप बनने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

एशियन गेम्स 26 की कांस्य पदक विजेता हर्षिता का भव्य स्वागत



भोपाल। कमला नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल, कमला नगर, कोटरा सुल्तानाबाद की पूर्व छात्रा हर्षिता तोमर ने एशियन गेम्स 2026 में सेलिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर देश एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कांस्य पदक जीतने के बाद हर्षिता गुरुवार को अपने पुराने विद्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने अपनी प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से मुलाकात की। हर्षिता को अपने बीच पाकर स्कूल का स्टाफ बेहद खुश नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा हर्षिता का भव्य स्वागत किया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

राजधानी के अलग अलग मैदानों पर खेला जा रहा अंडर-15 इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट

रोमांचक मुकाबलों में सिली पॉइंट, कैप एनसीसीसी, होप और ओएफसीए जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीडसीए के अंडर-15 इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में शहर के विभिन्न मैदानों पर खेले गए रोमांचक मुकाबलों में सिली पॉइंट, कैप एकेडमी, एनसीसीसी, होप क्रिकेट एकेडमी और ओएफसीए एकेडमी ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

पहला मैच डीपीएस ग्राउंड पर सिली पॉइंट और भोपाल लेपर्ड्स के बीच खेला गया। जिसमें सिली पॉइंट ने भोपाल लेपर्ड्स को 5 विकेट से हरा दिया। इससे पहले लेपर्ड्स ने 47.3 ओवर में 143 रन बनाए। इनमें आद्यंत तिवारी ने नाबाद 30 और अयान ने 26 रन बनाए। सिली पॉइंट के युग रघुवंशी ने 3 विकेट लिए। जवाब में सिली पॉइंट ने 5 विकेट पर लक्ष्य पा लिया। युग रघुवंशी ने 70 और नैतिक शर्मा ने 39 रन बनाए। लेपर्ड्स के आराध्य साहनी ने 2 विकेट लिए। मैच से पूर्व एचएमजी ग्रुप के मालिक अभिषेक गुप्ता ने मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



कैप एकेडमी ने बिल्टअप को हराया

कैप ग्राउंड पर खेले गए मैच में कैप एकेडमी ने बिल्टअप स्पोर्ट्स को 165 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया। कैप एकेडमी ने निर्धारित 50 ओवर में 187 रन बनाए। टीम के उदित सिंह ने सर्वाधिक 75 और रिशु गोंड ने 20 रन बनाऐ। बिल्टअप के अथर्व साहू और अंश रघुवंशी ने 3-3, रयांश ने 2 और अक्षत ने 1 विकेट हासिल किया। जवाब में बिल्टअप टीम मात्र 22 रनों पर ढेर हो गई। टीम की ओर से केवल अंश रघुवंशी ही दहाई का आंकड़ा छू सके। कैप के अनंत पाटीदार ने मात्र कुछ रन देकर 8 विकेट झटके, जबकि रिशु गोंड को 2 सफलताएं हाथ लगीं।

एनसीसीसी ने फेथ क्लब को 7 विकेट से हराया

सेंचुरियन ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में एनसीसीसी ने फेथ क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हरा दिया। फेथ ने 8 विकेट पर 152 रन बनाए। अभिनव रघुवंशी ने 56 और शशांक ने 39 रन ठोके। एनसीसीसी के शिवांक जोशी ने 5 विकेट लिए। जवाब में एनसीसीसी ने 36.3 ओवरों में मात्र 3 विकेट खोकर 156 रन बनाए और मुकाबला जीता।

होप ने एस को 4 विकेट हराया

बाबे अली मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में होप क्रिकेट एकेडमी ने एस को 4 विकेट से पराजित किया। एस ने 46.5 ओवर में 150 रन बनाए। सर्वे कामली ने 32, अयान खान ने 24, कुशवंत सिंह ने 22 और आरव जादव ने 20 रन बनाए। होप के यश शर्मा ने 3, ऋषभ ने 2 और अथर्व पांडे, अथर्व द्विवेदी तथा प्रज्ञांश ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। जवाब में होप क ने 48 ओवर में 6 विकेट पर 154 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यश ज्यानी ने 48 और मेधांश उइके ने 31 रनो बनाए। एस के बुरहानुद्दीन ने 2 विकेट प्राप्त किए।

ओएफसीए ने ग्रैविटॉन को 23 रन से हराया

ओएफसीए ग्राउंड पर खेले मैच में ओएफसीए एकेडमी ने ग्रैविटॉन को 23 रनों से हरा दिया। ओएफसीए की टीम 43.4 ओवर में 130 रनों पर सिमट गई। ग्रैविटॉन के अभिराज ने 4, आयात खान ने 3 और कार्तिक शर्मा ने 2 विकेट लिए। ग्रैविटॉन की टीम 107 रन पर ही ढेर हो गई। गौरव लोधी ने 16, देवांश ने 15 और गौरव ने 15 रन बनाए। ओएफसीए के माज ने 3, गोविंद ने 2, तथा दक्ष और हर्षित ने 1-1 विकेट लिया।



श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता

अंडर 17 में शीर्ष वरीय अर्धेन्दू, अमिताव धनेन्द्र व अवनीश सेमी फाइनल में पहुंचे

भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन का स्पोर्ट्स वर्ल्ड में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बालक अंडर 17 में शीर्ष वरीयता वाले अर्धेन्दू ने युवराज को तथा दूसरी वरीय अमिताव ने अर्जुन नायर को हराकर श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता वाले धनेन्द्र व अनसीडेड अवनीश भी अंतिम चार में पहुंचे। स्पर्धा का आयोजन भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स वर्ल्ड, मीनाल रेजीडेंसी में किया जा रहा है।

बालक अंडर 17 में टॉप सीड अर्धेन्दू ने युवराज को कड़े मुकाबले में 11-15, 15-10, 15-12 से हराया, जबकि दूसरी सीड अमिताव ने अर्जुन को 15-11, 15-13 से शिकस्त दी। धनेन्द्र ने शिरोमणि को सीधे गेमों में 15-12 15-10 से पराजित किया। अनसीडेड अवनीश ने तीसरी सीड अलेक्स खालको को 15-8, 15-11 से हराकर उलटफेर के साथ सेमी में इंट्री की।



अन्य परिणाम इस प्रकार रहे

- **बालक अंडर 11**- रेयांश विवि उपराज 15-12, 15-12 आद्यन्त विवि व्योम 15-10, 15-13 प्रयान विवि सोहम 15-4, 15-5 अथर्व विवि देव्यांश 8-15, 15-11, 15-7 गर्वित विवि हृदान 15-1, 15-3
- बालक अंडर 13 एकल- आरव सोनी विवि अर्जुन राव 17-15, 15-6 ईशान विवि दिव्यांशु 15-5, 15-12
- बालक युगल अंडर 15- अर्चित-विआन विवि अभिनव-मृदुल 15-9, 15-11 निलय-यथार्थ विवि आदिराज-वीर 13-15, 15-13, 15-12
- बालिका अंडर अंडर 11- आही विवि अनन्या 15-12, 15-12, 15-3 आरुषि विवि श्रव्या 15-8, 15-5
- बालिका अंडर 19 क्वार्टर फाइनल- प्रेक्षा विवि शिरीन 15-7, 15-4 वेदिका विवि सोनाक्षी 15-13, 7-15, 15-6 राघवी विवि आरना 15-2, 15-10

पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्रॉफी

गुरमन सिंह गांधी और अवनी वर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति विद्यालयीन खुली स्पर्धा में भारत गुरमन सिंह गांधी और अवनी वर्मा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक, स्पर्धा सचिव और मुख्य निर्णायक धर्मेश यशलहा ने बताया कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी-1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में हर साल आयोजित इस स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ बालक और बालिका खिलाड़ी पुरस्कार भी हर साल दिया जाता है। मल्हार क्रीड़ा मंडल में हुई इस स्पर्धा में गुरमन ने 15 वर्ष बालक एकल खिताब, अवनी वर्मा 13 और 15 वर्ष बालिका एकल, दो वर्गों का फाइनल खेली और दोनों वर्गों में उपविजेता रहीं। अवनी 17 वर्ष बालिका एकल में भी सेमीफाइनल तक खेलीं।



स्पर्धा में इंदौर और धार के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

स्पर्धा में इंदौर और धार के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इलमें 9, 11, 13, 15 और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल मुकाबले हुए। सेमीफाइनल से ही आकर्षक पुरस्कार देने के साथ ही प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी-1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और लायन्स महानगर चेरिटेबल ट्रस्ट सरताज अकादमी के सहयोग से हर साल यह बैडमिंटन स्पर्धा बच्चों में कैंसर के प्रति जागरुकता अभियान के तहत आयोजित करता है, इस बार ब्लड बैंक अभियान को भी शामिल किया गया है।



मोहम्मद जैद्र खान ने फाइनल में दागा मप्र का एकमात्र गोल

16वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मप्र टीम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

झांसी में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 में हॉकी मध्यप्रदेश की टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया और उपविजेता बनकर रजत पदक हासिल किया। बुधवार, 21 अक्टूबर को खेले गए डिवीजन 'ए' के रोमांचक फाइनल मुकाबले में मप्र को हॉकी हरियाणा के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।



टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दिखाया शानदार प्रदर्शन

खिताबी मुकाबले में मप्र के मोहम्मद जैद खान ने 14वें मिनट में मैदानी गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई(हालांकि, 21वें मिनट में हरियाणा के नवराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक बना रहा। मैच के 50वें मिनट में हरियाणा के जोगिंदर सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। मुकाबले के अंत तक यही स्कोर रहा और हरियाणा ने चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930